

सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी : उच्चतम न्यायालय - 12



अगले महीने से लागू हो सकता है भारत अमेरिका व्यापार समझौता : गोयल - 12



एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक- 13



दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : सुमित नागल - 14


आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 05.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी 01:18 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 347, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# नई विश्व व्यवस्था का झुकाव भारत की ओर

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री बोले- पहले देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, आज चौथी सबसे बड़ी

- मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दिया जवाब
- कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है और दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों का उल्लेख किया और कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है।

उन्होंने कहा, भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है। हम समाधान दे रहे हैं। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भाषण शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज आर्थिक विकास और कम मुद्रास्फीति एक दुर्लभ संयोग है। पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं और उसमें 'मदर ऑफ आल डील' में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ऐसे में साफ दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है, जिस तरह दूसरे विश्व युद्ध के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी थी। अपने भाषण के बीच वाकआॅउट करने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थककर चले गए, कभी न कभी उनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की कैसी हालत बनाकर रखी थी। कोई देश अपने आप हमारे साथ समझौता करने नहीं आता था। मोदी ने कहा कि हमारा देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, लेकिन आज हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। मोदी ने कहा कि आज चाहे अंतरिक्ष हो, विज्ञान हो, खेल हो, भारत हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि आज पूरा विश्व 'ग्लोबल साउथ' की चर्चा कर रहा है।

### तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जनता के कल्याण के लिए काम नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में काफी कुछ कहा, 'किंतु वे अपने गिरेबान में भी देखें। पतन के जितने भी मानक हैं, सब मानकों में नए-नए रिकार्ड बनाते जा रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। ऐसी सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है।

### कांग्रेस कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएगी

- मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं वे मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे लगा रहे हैं यह चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल लगातार चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल द्वारा डाले गए व्यवधान पर खेद जताया और कहा कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी की भी निंदा की और इसे पूरे सिख समुदाय का अपमान बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, वे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं, जो चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा, यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? मोदी ने कहा, वे कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं, बहनों और देश के गरीबों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिनके लिए वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। कांग्रेस हर भारतीय नागरिक को समस्या मानती थी, जबकि उनकी सरकार उन्हें अपनी ताकत और चुनौतियों का समाधान मानती है। प्रधानमंत्री ने करीब 100 मिनट लंबे भाषण में कहा कि वे (विपक्ष) उन्हें रोज गालियां देते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आदमी इस पद पर कैसे आसीन है।

# पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था, इसलिए मैंने लोस में उनकी स्पीच टाली

- लोकसभा स्पीकर बिरला का दावा- अप्रत्याशित हमले की थी प्लानिंग
- प्रधानमंत्री के जवाब के बिना लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को सदन में कांग्रेस के कई नेता सदन के नेता के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी सदन में नहीं आए। बिरला ने यह भी कहा कि बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनके चैंबर में आकर जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ और यह दृश्य एक 'काले धब्बे' की तरह था।

लोकसभा की बैठक विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे पुनः शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बुधवार सदन के नेता (प्रधानमंत्री मोदी) को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था। मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य नेता सदन के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम दे सकते थे। मैंने यह दृश्य सदन में देखा भी। अगर ऐसी घटना हो जाती तो यह अत्यंत अप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता।

### देश ने देखी पूरी घटना

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सदन में नहीं आकर उनके आग्रह को मानते हुए सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, बुधवार की घटना देश ने देखी है कि किस तरह महिला सदस्य वहां (प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान) तक पहुंची हैं। यह किसी तरह उचित नहीं था। आप शब्दों से बात कह सकते हैं, आरोप लगा सकते हैं। लेकिन आप इधर (सत्तापक्ष की तरफ) आकर जिस तरह कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय का चेयरमैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विस्फोट के बाद यूजीसी की शिकायत पर दर्ज दो प्राथमिकी के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी द्वारा कार्यवाही शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपराध शाखा ने निजी विश्वविद्यालय के कामकाज से संबंधित कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के संबंध में मामले दर्ज किए थे। सिद्दीकी को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए संचालित तीसरी काउंसिलिंग में गुरुवार को मेरिट सूची जारी कर दी गयी हैं। कॉलेजों में एमडी-एमएस व डिप्लोमा सीटों पर दाखिले के लिए 8935 अभ्यर्थियों की और डीएनबी सीटों के लिए 290 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को छह फरवरी से 11 फरवरी तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। अगले 14 फरवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे और 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# समय के साथ चलता है सनातन धर्म कभी पराजित नहीं होता : मुख्यमंत्री

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में किया संत सम्मेलन को संबोधित
- कहा- मानव निर्मित नहीं, सिद्धांतों पर आधारित है सनातन संस्कृति

संवाददाता, हरिद्वार



हरिद्वार में संत सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी, साथ में मौजूद संत महात्मा।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि, संत परंपरा किसी एक पंथ या संप्रदाय तक सीमित न होकर वसुधैव कुटुंबकम के भाव से सम्पूर्ण विश्व को जोड़ने का कार्य करती है। सनातन धर्म मानव निर्मित नहीं, बल्कि शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित है, जो समय के साथ चलता है और कभी पराजित नहीं होता।

हरिद्वार स्थित सप्तऋषि आश्रम मैदान में आयोजित 'संत सम्मेलन' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, जिन महापुरुषों ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रधर्म, सेवा, त्याग और करुणा के लिए समर्पित किया, वे केवल संन्यासी नहीं बल्कि राष्ट्र चेतना से जुड़े दिव्य संत थे। कहा कि राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून, सख्त दंगारोधी कानून, तथा लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी जिहादी मानसिकताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की है। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 28 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है। मप्र के सीएम मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि हरिद्वार में गंगा तट पर स्थित भारत माता मंदिर देश की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि भारत में बीते वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है और आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन के दुखों का समाधान है। शंकराचार्य द्वारा स्थापित 4 मठ देश की आध्यात्मिक एकता के प्रतीक हैं। सम्मेलन में मुख्य रूप से शंकराचार्य श्री राजराजेश्वराश्रम महाराज, योग गुरु बाबा रामदेव सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 10 लाख से अधिक नागा साधुओं को दीक्षा

धामी ने कहा कि ब्रह्मगिरी महाराज ने आध्यात्मिक ज्ञान को सामाजिक सेवा से जोड़ते हुए ऐसा जीवन दर्शन प्रस्तुत किया, जिससे अनगिनत लोगों को सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। उन्होंने भारत माता मंदिर की स्थापना कर सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का कार्य किया, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र बना हुआ है। वर्ष 1998 के कुंभ मेले में उन्हें आचार्य महामंडलेश्वर बनाया गया, जिसके बाद अब तक 10 लाख से अधिक नागा साधुओं को दीक्षा प्रदान की गई। ब्रह्मगिरी महाराज की मूर्ति स्थापना नई पीढ़ी के लिए आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगी।

# अवैध कोयला खदान में विस्फोट, 16 मजदूरों की मौत

- मेघालय में घटी बड़ी घटना, कई अन्य के फंसे होने की आशंका

शिलांग, एजेंसी



मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है।

डीजीपी आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। शक है कि यह विस्फोट उस जगह पर कोयला खनन की गतिविधियों के दौरान हुआ, जिसे एक गैर-कानूनी काम माना जा रहा है। जब पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, तो कुमार ने कहा, हां, ऐसा ही लगता है। विस्फोट की वजह का पता अभी नहीं चला है, और इसकी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### मोदी ने शोक जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा

**शिलांग।** प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी के हवाले से कहा, ईस्ट जयंतिया हिल्स, मेघालय में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# कॉर्बेट पार्क में मोबाइल फोन ले जाने पर बैन, कैमरा ले जा सकेंगे

- अमृत विचार ने पूर्व में ही प्रकाशित की थी खबर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा व प्राकृतिक वातावरण को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया गया है। गुरुवार से ही कॉर्बेट के सभी पर्यटन जोनों में सफारी के दौरान पर्यटकों के लिए मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंधित लगा दिया गया।

हालांकि पर्यटकों को पेशेवर कैमरे जैसे डीएसएलआर या अन्य स्टिल कैमरे ले जाने की अनुमति होगी, ताकि वे वन्यजीवों और प्राकृतिक दृश्यों की फोटोग्राफी कर सकें। लेकिन प्रतिबंध के बाद अब मोबाइल फोन से फोटो या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं होगी। बता दें कि कार्बेट पार्क में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाए जाने की खबर अमृत विचार ने जनवरी माह में प्रकाशित की थी। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के अनुपालन में की जा रही है, जिसे पार्क प्रशासन द्वारा लागू कर दिया गया है।

# दिल्ली-एनसीआर, गुजरात की सड़कों पर दौड़ी 'भारत टैक्सी'

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- 3 साल में देशभर में होगा विस्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश के पहले सहकारी-संचालित ऑनलाइन कैब सेवा 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। अभी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू होने वाली इस सेवा का अगले तीन साल में देशभर में विस्तार किया जाएगा। शाह ने इस अवसर पर कहा कि अमूल सहित देश की आठ शीर्ष सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थापित 'भारत टैक्सी' से चालकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उन्हें इस मंच पर स्वामित्व भी मिलेगा। पायलट परीक्षण की सफलता के बाद प्रतिस्पर्धी टैक्सी सेवा प्रदाताओं ने अपने कमीशन घटा दिए हैं।

# पूर्व विधायक समेत टीम मालिकों से करोड़ों बटोरे, फिर पार्टनर की मौत का रचा षड्यंत्र

- स्टार क्रिकेटर प्रवीण कुमार और इरफान पटेल के नाम पर खेल प्रेमियों की भावनाओं को पहुंचायी ठेस
- आईपीएल की तर्ज पर ईवीसीएल का 'खेल', पूर्व विधायक और यूपी टीम के मालिक ने की एसएसपी से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गौलापार में 3 फरवरी से ईवीसीएल (एपिक विक्टरी क्रिकेट लीग) टी-20 क्रिकेट लीग कराने वाला था। क्रिकेट हो पाता इससे पहले ही आयोजक खेल कर गए और चौकों-छक्कों के इंतजार में बैठे टीम के मालिक मैच से पहले ही क्लीन बोल्ड हो गए। क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं से खिलवाड़ हुआ सो अलग।

मैच के आयोजक पर पूर्व विधायक नारायण पाल और टीम के खरीदारों ने लाखों रुपए की जालसाजी का आरोप लगाया है। दोनों गुरुवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी से मिले और तहरीर सौंपी।

आयोजक अचानक लीग रद कर भागने की फिराक में था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे होटल से धर-दबोचा। टी-20 क्रिकेट लीग को पहले एक फरवरी से शुरू होना था, लेकिन कुछ अड़ंगा लगा और आयोजक ने तारीख बदल कर 3 फरवरी कर दी। 3 फरवरी आने से पहले ही अचानक हरियाणा के आयोजक ने यह कहते हुए लीग रद कर दी कि उसके मुख्य आयोजक की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। इस लीग में कुल छह टीमें खेलने वाली थीं। उत्तराखंड सोल्जर्स के नाम से बनी टीम सितारगंज के पूर्व विधायक अंबिका विहार हल्द्वानी निवासी नारायण पाल ने खरीदी थी। जबकि यूपी वॉरियर्स की टीम को हरियाणा के शहीद पार्क झज्जर निवासी हेमंत शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा ने खरीदी थी।

सख्त टिपणी

## सीएम योगी का दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख, पुलिस को प्रदेशव्यापी छापेमारी के दिए निर्देश

# चाइनीज मांझे से मौत होना हत्या के समान : मुख्यमंत्री

- प्रतिबंध के बाद भी उपलब्धता कैसे कार्रवाई की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होना हत्या के समान है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को लखनऊ के हैदरगंज ओवरब्रिज पर शोएब की चाइनीज मांझे से मौत का संज्ञान लेने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस को निर्देश दिए कि यह पता लगाया जाए कि चाइनीज मांझा किन माध्यमों से बाजार में पहुंच रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल बिक्री ही नहीं, बल्कि इसके भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चाइनीज मांझा आमजन, विशेषकर बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए कि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और इसकी प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा नियमित रूप से की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश को चाइनीज मांझे के खतरे से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें और प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

### प्रदेशभर में छापेमारी शुरू

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गुरुवार को पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जिलों में थानावार छापेमारी कर दुकानों, गोदामों और संदिग्ध ठिकानों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस को चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बरामदगी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा होगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न रहे और जन-सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**स्टेट ब्रीफ**

## धुंध की चादर में लिपटी सरोवर नगरी, हवा की गुणवत्ता हुई खराब

**नैनीताल :** सरोवर नगरी गुरुवार को धुंध की चादर में लिपटी नजर आई। दोपहर को छाई धुंध देर शाम तक छाई रही। एरीज के मुताबिक नगर पीएम 2.5 की गुणवत्ता भी खराब रही। धुंध छाने का क्रम अपरान्ह दो बजे शुरू हुई और शाम तक इसकी मात्रा बढ़ती चली गई। जिस कारण सामने की पहाड़ियां धुंधली नजर आने लगी। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि तापमान बढ़ने के साथ वातावरण में नमी उपर उठनी शुरू हो गई और हवा भी प्रदूषित होने लगी। इसके अलावा पीएम 2.5 की मात्रा भी बढ़ गई, जो करीब 40 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंच गई, जो सामान्य से 15 अधिक दर्ज की गई। जिस कारण वातावरण में धुंध छानी शुरू हो गई। आने वाले दिनों में भी वातावरण कुछ इसी तरह के बने की संभावना रहेगी। इससे पूर्व नगर में दोपहर तक मौसम खुशमिजाज बना रहा। चटक धूप खिली रही।

### गेमिंग की लत बच्चों के लिए घातक, अपने बच्चों की मोबाइल आदतों पर रखें नजर, गाजियाबाद प्रकरण के बाद और बढ़ी चिंता

# बच्चों की मासूमियत से गेम खेल रहा मोबाइल, मिलकर बचाना होगा

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** गाजियाबाद में ऑनलाइन गेमिंग प्रकरण और मोबाइल की लत से तीन किशोरियों ने अपनी जान दे दी। सब लोग यह समाचार सुनकर सकते में हैं। यह हर माता-पिता के लिए एक चेतावनी भी है। मोबाइल और इसमें मौजूद इंटरनेट बच्चों और किशोरों पर बुरा असर डाल रहा है।

इसे लेकर हर स्तर से सचेत किया जा रहा है। डॉक्टरों और जानकारों का स्पष्ट कहना है कि मोबाइल एकदम से छीन लेने के बजाय उसका विकल्प दें। सबको मिलकर इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। नहीं तो किसी भी घर में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति हो सकती है। हादसों को रोकने के लिए सबसे अच्छा तरीका यही है कि हादसों के कारणों को पहले ही रोक दिया जाए।

### मोबाइल को लेकर नियम बनाएं अभिभावक

डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों के हाथ में मोबाइल देने के लिए नियम बनाया जाना जरूरी है। पहली बात यह है कि दो साल तक के बच्चे को स्क्रीन से दूर रखना है। तीन से पांच साल तक के बच्चे को केवल आधा घंटा मोबाइल दे सकते हैं। इसके बाद छह से 10 साल तक के बच्चे को दिन में आधा घंटा से कुछ ज्यादा देर तक मोबाइल देना चाहिए। 10 साल से ऊपर के बच्चे को दिन में एक घंटा मोबाइल देना चाहिए। साथ ही माता-पिता बच्चों की मोबाइल एक्टिविटी में नजर रखें। बच्चे जिस मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसमें जरूरी सेफ्टी लॉक लगाकर रखें।

### बच्चों के लिए बैन हो सोशल मीडिया

सोशल मीडिया 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पूरी तरह से बैन होना चाहिए। डॉक्टरों का कहना है कि सोशल मीडिया पूरी तरह से आभासी दुनिया है। साथ ही यहां पर कई लोग ऐसी रील बनाकर परोसते हैं जो बच्चों को नहीं देखनी चाहिए। सोशल मीडिया से बच्चे भौतिकवाद से जरूरत से ज्यादा जुड़ जाते हैं। जिस वजह से बच्चों को जरूरत ज्यादा ऑनलाइन खरीददारी की आदत पड़ जाती है।

### उदाहरण एक

हल्दूचौड़ निवासी एक माता-पिता ने डॉक्टरों को बताया कि उनका सात साल का बेटा पूरी तरह से मोबाइल में ऑनलाइन गेम का लती हो चुका है। मोबाइल न देने पर काफी गुस्सा होता है। कम उम्र में ही बच्चे का उपचार करने की जरूरत पड़ी।

### उदाहरण दो

सुभाषनगर निवासी एक व्यक्ति डॉक्टर के पास अपनी 10 साल की बेटी के साथ पहुंचा। पता चला कि मोबाइल में ऑनलाइन गेम लत से उसे नींद कम आती है। बहुत कोशिशों के बाद उसकी आदतों पर नियंत्रण पाया गया।

### ऑनलाइन गेमिंग और मोबाइल से बच्चों में दुष्प्रभाव

1-जरूरत से ज्यादा गुस्सा और चिढ़चिढ़ा होना
2-चोरी की आदत पड़ना
3-अपराध के प्रति आकर्षण
4-कम उम्र में यौन गतिविधियों की जानकारी
5-नींद की कमी और वजन बढ़ना



"अब समय आ गया है कि मोबाइल और बच्चों को लेकर नियम बनाए जाएं और 16 साल तक के बच्चों के लिए सोशल मीडिया को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए। कई देशों में ऐसा किया गया है और हमारे यहां भी पहल होनी चाहिए।
**-डॉ. ऋतु रखोलिया,** विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी



"समाज में परिवार संयुक्त टूटा हुआ है। शहरी क्षेत्रों में माता-पिता दोनों काम करते हैं। दोनों कामकाजी होने के कारण उनसे दूरी बढ़ी है। समय नहीं देने के कारण मोबाइल से लगाव बढ़ रहा है। बच्चे एक वर्चुअल दुनिया में अपने लिए समय बिता रहे हैं और यह गलत है।
**-डॉ. आशीष अंशु,** समाजशास्त्री, राजकीय महाविद्यालय, गौलापार

## समाज सेवा के साथ राष्ट्र प्रेम को सशक्त बना रहे जवान : डीएम

**कालाढूंगी :** आईआरबी बैलपड़ाव का तीन दिवसीय 22वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न हो गया। कैंपस में लगाए गए विभिन्न स्टॉल और खेल प्रतियोगिताएँ आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर क्षेत्रीय छात्रों व जवानों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गुरुवार को स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने किया। कार्यक्रम में जवानों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि जवान सुरक्षा के साथ-साथ समाज सेवा, सद्भावना और राष्ट्रप्रेम को भी सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा व समर्पण की सराहना की। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में आईआरबी के सभी दलों एवं मुख्यालय की शाखाओं द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए। वहीं एसबीआई के कर्मचारियों नेक्रेडिट कार्ड भी बनाए। वाहिनी में वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, उप सेना नायक विमल कुमार आचार्य, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, सभी दल प्रभारी रहे।

# उत्तरायणी प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा: राज्यपाल

### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिक महोत्सव-2026 का शुभारम्भ

मुख्य संवाददाता, देहरादून



राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा प्रदेश में विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 समाजसेवकों को सम्मानित किया गया।

**अमृत विचार:** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय उत्तरायणी कौथिक महोत्सव-2026 का गुरुवार को शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल सिंह ने कहा कि उत्तरायणी केवल एक लोकपर्व नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा, सामूहिक चेतना और प्रकृति के साथ संतुलनपूर्ण जीवन-दृष्टि का प्रतीक है। उत्तरायणी सूर्य के उत्तरायण होने के साथ जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, ऊर्जा और प्रकाश का संदेश देती है। यह पर्व समाज को निराशा से संकल्प की ओर तथा जड़ता से प्रगति की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने उत्तरायणी को ऋतु-चक्र आधारित वैज्ञानिक चेतना और प्रकृति के साथ सामंजस्य का सजीव उदाहरण बताया। उन्होंने उत्तराखंड की कौथिक (मेले) परम्परा को लोकजीवन की धड़कन बताते हुए कहा कि ये आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक निरंतरता और लोकस्मृति के जीवंत केंद्र रहे हैं। लोकगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा और हस्तशिल्प उत्तराखंड की जीवंत, जाग्रत और गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा के प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तरायणी कौथिक महोत्सव लोककला, लोकसंगीत, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को नई पहचान देता है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को व्यवहारिक रूप से साकार करता है। उन्होंने युवाओं से नशे और व्यसनों से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा, खेल, कौशल और सेवा के माध्यम से ही सशक्त उत्तराखण्ड और सशक्त भारत का निर्माण संभव है।



उत्तरायणी कौथिक महोत्सव के शुभारंभ पर शंखनाद करतीं और शोभा यात्रा में प्रतिभाग करतीं सेवा संकल्प फाउंडेशन की ट्रस्टी संस्थापक गीता धामी।

राज्यपाल ने सेवा संकल्प फाउंडेशन के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृति तभी जीवित रहती है, जब वह सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी हो। उन्होंने उत्तरायणी महोत्सव को उत्तराखंड की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता और राष्ट्रीय गौरव को नई ऊंचाइयां देने वाला बताया। इस अवसर पर सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन की ट्रस्टी संस्थापक गीता धामी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, आईएमए कमांडेंट ले.ज. नागेन्द्र सिंह सहित विभिन्न दायित्वधारी एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वस्तिवाचन और गूंजते शंखनाद

देहरादून : वैदिक परंपराओं के अनुरूप स्वस्तिवाचन एवं गूंजते शंखनाद के साथ उत्तरायणी कौथिक महोत्सव के कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मांगल एवं सगुन आंखर गीतों की पावन प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज, प्रदेश और समस्त जनमानस के लिए सुख, शांति, उन्नति एवं समृद्धि की कामना की गई। सामूहिक रूप से प्रस्तुत झोड़ा-चांचरी लोकनृत्य ने उत्तराखंड की जीवंत लोकसंस्कृति को मंच पर साकार किया। वहीं, लोकगायन की मधुर स्वर लहरियों ने परंपरा और भावनाओं को एक सूत्र में पिरो दिया। सेवा संकल्प फाउंडेशन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुतियों के साथ-साथ आत्मरक्षा हेतु वुशु की प्रभावशाली सेल्फ डिफेंस प्रदर्शनी ने महोत्सव को संदेशात्मक और प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया।

### भव्य-दिव्य शोभायात्रा ने मन मोहा

परेड ग्राउंड से निकली उत्तरायणी कौथिक महोत्सव की दिव्य एवं भव्य शोभायात्रा ने मन मोह लिया। शोभायात्रा में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग सहभागी बने, जिससे देवभूमि की सांस्कृतिक एकता और लोकआस्था का अद्भुत दृश्य साकार हुआ। यह यात्रा लैंसडाउन चौक से प्रारंभ होकर दर्शन लाल चौक, घंटाघर, गांधी पार्क और कनक चौक होते हुए पुन: परेड ग्राउंड पहुंची। शोभायात्रा में पूज्य देवी-देवताओं की डोलियों ने श्रद्धा का वातावरण बनाया। वहीं, जौनसारी, गढ़वाली, कुमाऊंनी, गोर्खाली एवं पंजाबी लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मनोहारी प्रस्तुतियां देकर शोभायात्रा को जीवंत कर दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और लोकनृत्यों के साथ चलती यह यात्रा उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं का सजीव परिचय बनी। शोभायात्रा ने संस्कृति संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, मातृभाषाओं के संवर्धन तथा पारंपरिक वस्त्रों एवं लोकपरंपराओं के संरक्षण का सार्थक संदेश दिया। इन झांकियों के माध्यम से लोकजीवन से जुड़े सकारात्मक मूल्यों और देवभूमि की पहचान को सहेजने का संकल्प भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

# पर्यटकों को प्रवेश द्वार पर ही जमा कराने होंगे मोबाइल फोन

संवाददाता, रामनगर

- **नियमों का उल्लंघन किया तो होगी सख्त कार्रवाई**
- **संबंधित नेचर गाइड, जिप्सी चालक पर भी एक्शन संभव**

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के अनुपालन में ही कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मोबाइल फोन पर बैन लगाया गया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जंगल सफारी के दौरान स्मार्टफोन का किसी भी प्रकार से उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके पीछे प्रमुख उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, शोर और डिजिटल हस्तक्षेप को कम करना तथा प्राकृतिक वातावरण को यथासंभव स्वाभाविक बनाए रखना है। आदेश के तहत पर्यटकों को मोबाइल फोन गेट पर ही जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि कोई पर्यटक नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार से डे-सफारी पर जाने वाले सभी पर्यटकों को प्रवेश द्वार पर ही अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। वहीं, नाइट स्टे पर जाने वाले पर्यटकों के मोबाइल फोन जिप्सी के एक विशेष बॉक्स में जमा किए जाएंगे, जो जिप्सी चालक और नेचर गाइड की निगरानी में रहेगा।

उन्होंने बताया कि नाइट स्टे वाले पर्यटकों को विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) पहुंचने के बाद उनके मोबाइल फोन लौटा दिए जाएंगे, लेकिन फोन का उपयोग केवल आवास के अंदर ही किया जा सकेगा, यदि कोई पर्यटक आवास के बाहर जंगल क्षेत्र में मोबाइल फोन का उपयोग करता पाया गया, तो उसका मोबाइल फोन सीज किया जाएगा। साथ ही संबंधित नेचर गाइड और जिप्सी चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

इस आदेश के तहत न केवल पर्यटकों, बल्कि नेचर गाइड और जिप्सी चालकों को भी सफारी के दौरान अपने मोबाइल फोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। पार्क प्रशासन का कहना है कि यह कदम पर्यटकों और वन्यजीवों दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

कॉर्बेट प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और पार्क नियमों का पालन करें, ताकि वन्यजीव संरक्षण के इस प्रयास को सफल बनाया जा सके।

# अंकिता प्रकरण: महापंचायत को इंडिया गठबंधन का समर्थन

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने अंकिता भंडारी प्रकरण में आठ फरवरी को प्रस्तावित महापंचायत का समर्थन किया है।

गठबंधन के नेताओं ने कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर शब्दबाण छोड़े। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि अंकिता मामले में सीबीआई जांच केवल वीआईपी को बचाने के लिए की जा रही है इसलिए इंडिया गठबंधन इस जांच को पूरी तरह से खारिज करता है। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की जा रही सीबीआई जांच पूरी तरह से छलावा है। इस केस में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत को आधार बनाकर जो जांच की जा रही है वह सरकार द्वारा प्रायोजित शिकायत है। मांग की कि, जन भावनाओं के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में सीबीआई जांच की जानी चाहिए। भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने भाजपा सरकार शुरू से वीआईपी को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

**आमने-सामने**

# महापंचायत अस्तित्व की तलाश में जुटे दलों की टीम

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने अंकिता भंडारी मामले मे इंडी गठबंधन की महा पंचायत को अस्तित्व की तलाश मे जुटे दलों का जमावड़ा बताते कहा कि उन्हें अपने ही घरों में पंचायत की जरूरत है।

चौहान ने कहा कि अंकिता मामले मे सीबीआई जांच शुरू हो चुकी है। पूर्व में इन दलों ने इस मामले मे सीबीआई जांच की संस्तुति को लेकर संशय की बात की लेकिन अब सीबीआई जांच शुरू हो गयी तो यह दल बैकफुट पर आ गए। आरोप लगाया कि, इंडी गठबंधन का मकसद अंकिता को न्याय दिलाने को लेकर नहीं है और इस बहाने वह अपनी औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं। प्रवक्ता चौहान ने आरोप लगाया कि, इंडी गठबंधन में शिरकत करने वाले वामपंथी दलों के अलावा कांग्रेस और सपा की असलियत से जनता वाकिफ है। राज्य विरोधी रही सपा और दुष्प्रचार में कांग्रेस के अवसरवादी एजेंडे को वामपंथी तूल देने की कोशिशों मे जुटे हैं।

# युवती हत्याकांड में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी के सिटी कोतवाली क्षेत्र में बीती 2 फरवरी को युवती की नृशंसता से हुई हत्या के मामले में एसआईटी नामजद अभियुक्त आकाश पुत्र कोमल राम निवासी मन्नू गंज खुडबुडा खुड़बुड़ा मोहल्ला के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने जा रही है।

एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि, इस जघन्य हत्याकांड की रेयरेस्ट ऑफ द रेयर श्रेणी में कोर्ट में जिरह करते हुए अभियुक्त को कठोरतम सजा के लिए पैरवी की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि, नामजद आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही के लिए एसपी सिटी के पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक साक्ष्यों का संकलन किया। अभियुक्त द्वारा घटना में प्रयुक्त स्कूटी को कब्जे में लेते हुए उसके आने-जाने वाले रूट का चार्ट बनाया तथा घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीद गवाहों व घटना से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण गवाहों के तत्काल बयान अंकित किए। अभियुक्त द्वारा घटना में प्रयुक्त चापड़, घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने गए कपड़ो, जूतों तथा हेलमेट को (जिसमें मृतका का खून लगा था) व मृतका के कपड़ो को परीक्षण को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत मृतका का पोस्टमार्टम विशेषज्ञ डाक्टरों के पैनल के माध्यम से करवाया गया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चश्मदीदों के बयानों, घटना स्थल से प्राप्त किये गये भौतिक/फारेंसिक साक्ष्यों को ई-साक्ष्य के माध्यम से विवेचना में समावेश करते हुए मात्र तीन दिनों में एसआईटी द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही कर 35 गवाहों को सम्मिलित करते हुए आरोप पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

### ढाई साल से गैरहाजिर सिपाही को किया बर्खास्त

**देहरादून :** देहरादून से चमोली ड्यूटी पर गए एक सिपाही को करीब ढाई वर्ष से अनुपस्थित रहने पर एसएसपी ने बर्खास्त कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, पुलिस लाइन देहरादून में नियुक्त सिपाही अनिल सिंह को पूर्व में जनपद देहरादून से 16 अप्रैल 2023 को कानून एवं शांति व्यवस्था की ड्यूटी के लिए जनपद चमोली भेजा गया था लेकिन सिपाही द्वारा ड्यूटी पर आमद न कराते हुए वह 65 दिवस अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा। इसके बाद 20 जून 2023 जनपद देहरादून में आमद करायी गयी। इस दौरान 1 सितंबर 2023 को यह सिपाही पुलिस लाइन में प्रात :कालीन गणना से अनुपस्थित हो गया और इस दिन तक अपनी वापसी नहीं करायी। इस प्रकरण की जांच सीओ पुलिस लाइन को सौंपी गई थी। एसएसपी के अनुसार, सिपाही द्वारा अपने विरुद्ध प्रचलित विभागीय कार्यवाही के दौरान भी विभागीय कार्रवाई में कोई सहयोग नहीं किया गया, जिसके बाद सीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी। एसएसपी देहरादून ने विभागीय कार्रवाई पर निर्णय कर आरक्षी अनिल सिंह को बर्खास्त कर दिया गया।

**विश्व कैंसर दिवस**

### रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से दो दिन में छह विद्यालयों के छह सौ बच्चों को किया जागरूक

# विद्यार्थियों को दी कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीकों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट व अमृत विचार की ओर से जयनारायण सरस्वती स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा।

**अमृत विचार:** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने विद्यार्थियों को कैंसर के संबंध में ए टू जेड तक जागरूक किया। कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के साथ ही इससे बचाव रखने के लिए जीवनशैली कैसी रखनी चाहिए, किस तरह का खानपान रखना चाहिए आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में दो दिन में शहर के छह स्कूलों के करीब छह सौ बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह करीब 11.15 बजे से जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए, ताकि बच्चे अपने परिवार, समाज को जागरूक कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने में सहयोगी बनते हैं। कैंसर से डरना नहीं चाहिए। सही समय पर इलाज से कैंसर से मरीज को बचाया जा सकता है।वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे जय नारायण सरस्वती स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से स्वयं को बचाने के लिए जीवनशैली में किस तरह से बदलाव करने की जरूरत है, उसकी जानकारी से बच्चों को रूबरू कराया। शरीर फिट रखने और मोटापा कम करने के लिए एक्सरसाइज करने पर जोर दिया। बच्चों ने बताया कि हम लोगों को बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। कैंसर के प्रति सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, समाज में जितनी जागरूकता आएगी, उतना ही ज्यादा लोग कैंसर से अपना बचाव रख सकेंगे।

तीसरे सत्र में दोपहर करीब 2.15 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। बच्चों से कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, आधुनिक उपचार से कैंसर को मात दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही। वहीं, बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

# रुद्रपुर पुलिस दे प्रेमी युगल को पूरी सुरक्षा: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के अवकाशकालीन पीठ के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने प्रभारी निरीक्षक थाना रुद्रपुर और एसएसपी ऊधमसिंह नगर को प्रेमी युगल को सुरक्षा देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, राज्य सरकार सहित विपक्षियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

मामले के अनुसार, मुस्लिम समुदाय की युवती और सिख सुमदाय के युवक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि वे एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं और अब वे स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी करना चाह रहे हैं लेकिन युवती के परिजन इसके लिए राजी नहीं हैं और उनको जान-माल का खतरा उत्पन्न हो गया है जबकि वे दोनों बालिग हैं। याचिका के अनुसार, इस संबंध में अपनी सुरक्षा के लिए एसएसपी ऊधमसिंह नगर को प्रार्थनापत्र दिया गया, लेकिन उनको सुरक्षा नहीं मिली। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि प्रेमी युगल अलग-अलग धर्म से है। दोनों बालिग हैं और शादी करना चाह रहे हैं, इस पर कोई आपत्ति नहीं है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीठ ने प्रेमी युगल को सुरक्षा देने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की गई है।

सिटी ब्रीफ

### गौलापार में आज भी गुल रहेगी बिजली

**हल्द्वानी :** गौलापार क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुरुवार को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। 33/11 केवी गौलापार उपसंस्थान के अंतर्गत लाइनों के रखरखाव और आधुनिकीकरण के चलते सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक करीब साढ़े छह घंटे बिजली गुल रही। गुरुवार को हुई इस कटौती से नलकूप फीडर और दानीबंगर फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए। बिजली न होने से पेयजल आपूर्ति न होने का सामना करना पडेग़ा। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइनों को दुरुस्त करने के लिए शटडाउन लिया गया था। आज भी लाइनों के रखरखाव होगा, जिससे सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक गौलापार दानीबंगर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

### हेड कांस्टेबल की मौत, 5 माह पूर्व हुआ था प्रमोशन

**हल्द्वानी :** पांच माह पहले कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत हुए बच्ची सिंह जग्गी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पुराना बिन्दुखत्ता लालकुआं निवासी बच्ची सिंह जग्गी (52 वर्ष) पुत्र हरक सिंह चम्पावत जिले के तामली थाना में बतौर हेड कांस्टेबल तैनात थे। बच्ची सिंह इन दिनों रुद्रपुर स्थित 31 वाहनी पीएसी में ट्रेनिंग ले रहे थे। तीन दिन पहले वह ट्रेनिंग से छुट्टी पर घर आए थे। बुधवार देर शाम उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी तो परिजन उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के तीन बच्चे हैं। पुलिस का कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में मौत के असल कारण का पता चलेगा।

### नहीं लगा कारोबारी का पता, जंगल पहुंची पुलिस

**हल्द्वानी/चोरगलियां :** पिछले छह दिनों से लापता कारोबारी रमेश चंद्र जोशी का कहीं पता नहीं चला। उनकी तलाश में पुलिस ने एक बार फिर चोरगलिया के जंगलों की खाक छानी। पुलिस के मुताबिक, नीलांचल कॉलोनी डहरिया निवासी रमेश चंद्र जोशी (55 वर्ष) की मंडी में कई दुकानें हैं। बीती 30 जनवरी को वह स्कूटी लेकर घर से निकले और फिर वापस नहीं लौटे। रमेश के बेटे करन ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तलाश में जुटी पुलिस ने रमेश का मोबाइल सर्विलांस पर लाया था, जिसके आधार पर रमेश के मोबाइल की आखिरी लोकेशन चोरगलिया स्थित सूर्या देवी मंदिर के जंगल में मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो रमेश की स्कूटी और उनकी मफलर मिला। जिसके बाद पुलिस ने जंगल की खाक छानी, लेकिन कहीं पता नहीं लगा। इसके बाद पुलिस ने एक बार जंगल में कांबिंग की, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पुलिस टीमें तलाश में हैं, जल्द ही उनका पता चल जाएगा।

# जनता का करोड़ों लेकर 3 साल से फरार जालसाज सलाखों के पीछे

## एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने किया खुलासा, एक संस्था के नाम पर रामनगर, हल्द्वानी में शाखाएं खोलकर आरोपियों ने ठगी को दिया था अंजाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** निवेश पर मोटा मुनाफा देने के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये हड़पने वाले गिरोह का नैनीताल पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने लालकुआं क्षेत्र से देवभूमि बहुउद्देशीय स्वायत्त सहकारिता संस्था के अध्यक्ष और सचिव को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों के बैंक खातों में 6.80 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। पुलिस अब इस पूरे आर्थिक नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में रामनगर और मुखानी थाने में इस संस्था के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन मुकदमे दर्ज हुए थे। देवभूमि बहुद्देशीय स्वायत्त सहकारिता संस्था की शाखाएं वर्ष 2017 से हल्द्वानी के मुखानी और रामनगर क्षेत्र में संचालित की जा रही थीं। संस्था संचालक उत्तराखंड सरकार से पंजीकरण का दावा करते हुए लोगों को अधिक ब्याज और निवेश सुरक्षित रहने का भरोसा देते थे।

इस झांसे में कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जिले के 200 से अधिक निवेशक फंस गए। आरोपियों ने करीब 6 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि एकत्र की। रकम जुटाने के बाद हरिपुर नायक, कुसुमखेड़ा निवासी हेमचंद पंत (अध्यक्ष) और डहरिया, हल्द्वानी निवासी विकास दुर्गापाल (सचिव) अपने साथियों के साथ फरार हो गए।

जांच में सामने आया कि दोनों शाखाएं करीब एक से डेढ़ वर्ष पहले ही बंद कर दी गई थीं। खातों की पड़ताल में करोड़ों रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। लालकुआं कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार रात दोनों आरोपियों को लालकुआं क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पिछले तीन साल से तलाश हो रही थी।

**एसएसपी ने की टीम की सराहना :** एसएसपी ने लालकुआं कोतवाली के एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए 2500 रुपये का पुरस्कार घोषित किया। साथ ही आम जनता से अपील की कि किसी भी संस्था या निवेश योजना में धन लगाने से पहले उसके पंजीकरण, वैधानिक स्थिति और विश्वसनीयता की पूरी तरह जांच अवश्य करें, ताकि ठगी से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहाकि कोई भी वित्तीय संस्था कम समय में रकम को दोगुना नही कर सकती। इसलिए बैंकों पर भरोसा करें और धोखाधड़ी से बचें।


घटना का खुलासा करते एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी व पीछे खड़े आरोपी ठग।

### तीन राज्यों में लगातार दबिश

**हल्द्वानी :** आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से वारंट और कुर्की के आदेश जारी होने के बाद नैनीताल पुलिस की टीमें दिल्ली, हरियाणा और लखनऊ में लगातार दबिश देती रहीं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों पर उत्तराखंड के अन्य जिलों में भी ठगी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा जुटाया जा रहा है। इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# पुलिस भी पता लगाने में जुटी कि आखिर किसकी मौत पर 'खेल' गया आयोजक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** देश में ऐसे कई उदाहरण हैं, जिसमें पूर्व निर्धारित बड़े आयोजनों के कर्ताधर्ता की मृत्यु हुई लेकिन आयोजन संपन्न हुए। यही बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है कि आखिर वो कौन व्यक्ति था, जिसकी मौत पर शहर का सबसे बिग शो यानि पूरा का पूरा क्रिकेट आयोजन ही रद कर दिया गया। जबकि इस लीग में करोड़ों रुपए का इंवेस्टमेंट किया गया था।

एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिस मुख्य आयोजक की मौत का दावा किया जा रहा है, वह बेंगलुरु का रहने वाला है। बेंगलुरु पुलिस से उसकी मौत की तस्दीक की जा रही है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पीड़ितों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया। साथ ही टीम खरीदने वाले अन्य मालिकों से अपील की है कि यदि उनके साथ भी ठगी हुई है तो वह भी तहरीर दे सकते हैं।


एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी से शिकायत करते पूर्व विधायक नारायण पाल व अन्य। ● अमृत विचार

### रातों-रात निकले प्रवीण, साथ ले गए सपाई दोस्त की कार

**हल्द्वानी :** भारत के लिए 65 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल चुके स्विंग के बेताज बादशाह प्रवीण कुमार भी क्रिकेट खेलने हल्द्वानी पहुंचे थे। वह उत्तराखंड टीम में शामिल किए गए थे। प्रवीण शहर के चिरपरिचित सपा नेता के करीबी हैं। 3 तारीख को प्रवीण का मैच था, लेकिन वह 2 तारीख को ही अचानक शहर से चले गए। जाने से पहले वह अपने सपाई दोस्त से मिले, उनकी कार ली और इसी कार से वह निकल गए। प्रवीण आयोजक के मैच रद करने के प्लान से पहले क्यों गए, यह भी पुलिस जांच के दायरे में है।

### इरफान पठान को पता ही नहीं कि उनका मैच है हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** पूरे मामले में एक और मजेदार बात सामने आई है। एसएसपी से बातचीत के दौरान हेमंत ने कहा कि गोवा में भी एक क्रिकेट लीग चल रही थी, जिसमें उन्होंने भी एक टीम खरीदी थी। इस मैच के दौरान उनकी मुलाकात इरफान पठान से हुई। चूंकि आयोजक ने दावा किया था कि इरफान पठान भी हल्द्वानी में मैच खेलेंगे तो हेमंत ने इरफान से पूछ लिया कि पाजी आप कब जा रहे हो हल्द्वानी। इरफान हल्द्वानी का नाम सुनते ही चौंक गए और पूछा कि वह क्यों जाएंगे हल्द्वानी। जब हेमंत ने टी-20 क्रिकेट लीग के बारे में बताया तो इरफान बोले कि उन्हें इसके बारे में पता ही नहीं है। इस बातचीत से भी आयोजकों के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ हालांकि अभी विस्तृत जांच जारी है।

# मंगेतर को धोखेबाज बताकर लगा ली फांसी

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** सर्वेयर इंजीनियर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।


विनय प्रजापति। (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार टेलीकॉमन कंपनी में सर्वेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत विनय प्रजापति (33) मूल निवास बांदा हाल निवासी वार्ड-1 चचेरे भाई रावेंद्र प्रजापति के किराए के मकान में रहता था। गुरुवार शाम को करीब साढ़े पांच बजे रावेंद्र घर लौटा तो दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खुला। उसने मकान मालिक को बुलाया, अनहोनी का शक होने पर पुलिस को मौके पर बुलाया गया, उसके बाद जैसे ही दरवाजा तोड़ा तो विनय का शव पंखे के कुंडे से लटका मिला। कोतवाल बृजमोहन सिंह राणा ने तुरंत ही मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। रावेंद्र के अनुसार शाम को 4:30 बजे विनय का फोन उसे आया था, उस समय सब कुछ ठीक-ठाक था। रावेंद्र के अनुसार विनय की बांदा में ही एक युवती से शादी तय हुई है, कुछ समय से उक्त लड़की द्वारा उसे धोखा देने से वह अत्यधिक आहत था। गुरुवार शाम को ही उसने व्हाट्सएप में स्टेटस डाला तथा सोशल मीडिया में भी अपनी और अपनी मंगेतर की फोटो शेयर करते हुए उसे धोखेबाज करार दिया है।

### पर्यटक ने होमगार्ड को मारी टक्कर

**नैनीताल:** मॉलरोड में तैनात होमगार्ड ने गलत दिशा में जाती कार को रोका तो गुस्साए पर्यटक ने कार से उसको टक्कर मार दी। होमगार्ड की शिकायत पर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दी है।

जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी होमगार्ड रोहित कुमार की ड्यूटी तल्लीताल थाने से बुधवार को मॉलरोड इंडिया होटल पर लगाई थी। इंडिया होटल बैरियर पर ड्यूटी के दौरान एक गाडी डीएल 4 सीएनसी 5036 गलत दिशा से आई तो गाडी वाले को दिशा निर्देश दिए की अपनी साइड पर चलें। इस पर कार सवार पर्यटक गुस्सा हो गया। जिसके बाद उसने कार तेजी से भगाई और उसको टक्कर मार दी। जिसके बाद उसने डीसीआर को सूचना देते हुए कार का नम्बर दे दिया और बीडी पांडे अस्पताल में उपचार करवाया।

# हत्यारोपियों का योगा सेंटर बंद कराने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पहाड़ी आर्मी के महानगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडेय के नेतृत्व में संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सर्किट हाउस में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा कि 30 जुलाई 2025 को हल्द्वानी के अजय योगा सेंटर में योगा ट्रेनर ज्योति मेर की उसके कमरे में जाकर अजय यदुवंशी और अभय यदुवंशी ने हत्या कर दी थी। लंबे संघर्ष के बाद हत्या आरोपियों को पड़कर जय डाला गया मगर हत्या आरोपी परीक्षा के बहाने बनाकर बाहर आया और पुणे योग केंद्र संचालित करने लगा। पहले पुलिस-प्रशासन ने जनता को आश्वस्त किया था कि यह योग सेंटर हम खुलने नहीं देंगे लेकिन अब योगा सेंटर खोला जा रहा है। मांग की गई कि इस योगा सेंटर को बंद कराया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष फौजी राजेंद्र कांडपाल, महिला जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर, नगर अध्यक्ष कविता जीना, हरेंद्र राणा, गीता बिष्ट, प्रदीप रौतेला, बसंत बिष्ट, अंजू पांडे, गीता चंदोला रहे।


सर्किट हाउस में सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी।

### हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा पूरी करवा दीजिए

**हल्द्वानी :** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर राज्य आंदोलनकारियों का हाउस टैक्स माफ करने की मांग की है। उन्होंने सीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि सीएम ने ही घोषणा की थी कि राज्य आंदोलनकारियों का हाउस टैक्स माफ किया जाएगा लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी उनकी यह घोषणा धरातल पर नहीं उतर सकी है। उन्होंने सीएम से हाउस टैक्स माफ करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने बढ़ी हुई पेंशन भी लागू करने की मांग की है। इस दौरान कमल जोशी, भुवन आदि मौजूद रहे।

# घर पर कोई नहीं था दे दी जान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार ग्राम पीरुमदारा के समीप साईं मंदिर के पास किराए के मकान में रहने वाले लेखराज के पुत्र निशांत (22) ने परिजनों की गैरमौजूदगी में घर के अंदर पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन घर लौटे तो आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर पहुंची रामनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता लेखराज ने बताया कि निशांत नशे का आदी था। उन्होंने कई बार उसे नशे से दूर रहने को उसे सलाह भी दी लेकिन वह नहीं माना। परिजनों के अनुसार, इसी कारण घर में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती थी। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।


अस्पताल में मृतक का पंचनामा भरने की तैयारी करती पुलिस। ● अमृत विचार


सीएम पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को दर्जामंत्री शंकर कोरंगा के बेटे के उपनयन संस्कार में पहुंचे और बेटे को आशीर्वाद दिया।

# जन-जन की सरकार.. की मियाद 20 तक बढ़ी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के लिए फरवरी माह के दो सप्ताह का रोस्टर तैयार कर लिया है।

डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन को लाभान्वित करने के लिए शासन के निर्देशों के क्रम में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान को 20 फरवरी तक विस्तारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बहुउददेशीय शिविरों के लिए रोस्टरवार नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। नगर निगम हल्द्वानी में 9 फरवरी, नगर पालिका रामनगर में 11, नगर पंचायत कालाढूंगी में 12, नगर पालिका भवाली में 16, नगर पंचायत लालकुंआ में 18, नगर पालिका भीमताल में 19 तथा नगर पालिका नैनीताल में 20 फरवरी को कार्यक्रम होगा। उन्होंने अधिकारियों को बहुउददेशीय शिविरों में स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

विफलता

## डॉक्टरों के सॉल्ट के बजाय कंपनी के नाम लिखने से केंद्र की योजना का नहीं मिल रहा जनता को लाभ

# डॉक्टरों के 'ब्रांड प्रेम' से जनऔषधि केंद्रों की बिक्री पर ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की मध्यम व कमजोर वर्ग को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयां दिलाने की योजना को सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों का ''ब्रांड प्रेम'' पलीता लगा रहे हैं। आरोप है कि डॉक्टर पर्चों पर सॉल्ट के बजाय ब्रांड (कंपनी) का नाम लिख रहे हैं, जिस वजह से जन औषधि केंद्रों की बिक्री पर ब्रेक लग गया।

हल्द्वानी में बेस, एसटीएच व महिला अस्पताल सभी में जन औषधि केंद्र हैं। इन केंद्रों में बाजार के नामी गिरामी ब्रांड्स (कंपनियों) की अपेक्षाकृत 70 प्रतिशत तक कम मूल्य पर दवाइयां मिलती हैं। उदाहरण के रूप में लीजिए कि एजिथ्रोमाइसिन एंटीबॉयटिक 500-एमजी की एक गोली जन औषधि केंद्र में 14 रुपये की मिलती है जबकि बाजार में ब्रांडेड कंपनी में यह दवा 25 रुपये तक की है। इसी तरह पेट में गैस होने पर इस्तेमाल की जाने वाली पैंटोप का एक कैप्सूल जन औषधि केंद्र में 2 रुपये तो ब्रांड में यह कैप्सूल 10 रुपये का मिलता है। दवाओं के मूल्यों में अंतर की स्थिति अमूमन हर दवा पर है। इन केंद्रों को सफल बनाने के लिए सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को मरीजों के पर्चों पर सॉल्ट लिखने के लिए कहा। इधर, सरकारी अस्पतालों में सभी डॉक्टर सॉल्ट नहीं लिख रहे हैं। आरोप है कि कुछ डॉक्टर पर्चे पर सॉल्ट की जगह दवा के ब्रांड का नाम लिख रहे हैं। इसे ऐसे समझिए कि ब्लड प्रेशर में इस्तेमाल होने वाली दवा का सॉल्ट टेल्मिसॉट्रन सीएच 40 है, अब डॉक्टर इस सॉल्ट को सीधे लिखने की जगह किसी कंपनी की दवा का नाम लिखते हैं। मरीज को जन औषधि केंद्र में पर्चे पर लिखी दवा नहीं मिलती है। फिर वह मेडिकल स्टोर्स से महंगे दामों में दवा खरीदता है।



एसटीएच में जनऔषधि केंद्र पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

> बाहर से दवा लिखने के लिए मना है। अगर अस्पताल में दवा नहीं है तब भी जन औषधि केंद्र की दवा लिखनी चाहिए। मामले को दिखवाया जाएगा। -डॉ. अरुण जोशी, एमएस, एसटीएच



> सभी डॉक्टरों को निर्देश है कि दवा अस्पताल के अंदर के ही लिखें। अगर कहीं से भी शिकायत आएगी तो जांच करवाई जाएगी। -डॉ. हरीश चंद्र पंत, सीएमओ, नैनीताल



### इस तरह की दवाओं की बिक्री भी कम

**हल्द्वानी :** खांसी, बीपी, शुगर, कॉलेस्ट्रॉल, गठिया, बुखार, एंटीबॉयटिक, मल्टी विटामिन आदि की बिक्री जन औषधि केंद्रों में कम हो रही है। पता करने पर मालूम हुआ कि सरकारी अस्पतालों में ओपीडी में जिस तरह से भीड़ है उस हिसाब से बिक्री नहीं हो रही है।

# लघुशंका के लिए रुका युवक खाई में गिरा, पुलिस ने निकाला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल भवाली रोड पर 150 मीटर गहरी खाई में गिरकर युवक घायल हो गया। पुलिस ने रेस्क्यू कर युवक को खाई से सकुशल निकाला। गनीमत रही कि युवक ने हेलमेट पहना था अन्यथा युवक की जान भी जा सकती थी।

जानकारी के अनुसार पंगोट निवासी 33 वर्षीय कमल सिंह मेहरा गुरुवार को स्कूटी में भवाली से नैनीताल को आ रहा था। इस दौरान पाइंस के समीप उसने लघुशंका करने के लिए स्कूटी रोकी। सड़क किनारे लघुशंका करने के दौरान वह अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। युवक को गिरता देख राहगीर युवक ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना पर एसओ मनोज नयाल और चीता कांस्टेबल अमित तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस तुरंत, एसडीआरएफ व दमकल की टीम की मदद से खाई में उतरी। रेस्क्यू टीम ने घायल युवक को सकुशल खाई से निकाला और सरकारी वाहन से ही तुरंत अस्पताल भेज दिया। एसओ मनोज नयाल ने इसकी पुष्टि की है।


नैनीताल में पाइंस के समीप युवक को खाई से लाती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026
नैनीताल

## सिटी ब्रीफ

### मनरेगा को लेकर आज कांग्रेस का प्रदर्शन

**भीमताल :** 6 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे विकास भवन भीमताल में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत एक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, मनरेगा के संयोजक राजेंद्र सिंह बिष्ट और विधानसभा प्रभारी भुवन तिवारी के नेतृत्व में होने वाले इस कार्यक्रम में मनरेगा के नाम परिवर्तन पर विरोध जताया जाएगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नैनीताल की ओर से जारी की गई है।

### अंकिता हत्याकांड को लेकर 8 को देहरादून होगी महापंचायत

**रामनगर :** महिला एकता मंच ने अंकिता भंडारी की हत्या में शामिल व्यक्तियों के नाम उजागर करने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जंगली जानवरों से इंसानों, फसलों और मवेशियों की सुरक्षा जैसी मांगों को लेकर 8 फरवरी को देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित महापंचायत अंकिता न्याय यात्रा में आम जनता से शामिल होने का आह्वान किया है। अभियान के दौरान सरस्वती जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं और आम जनता की सुरक्षा रामभरोसे है। कौशल्या ने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि देहरादून में गुंजन के परिजन रिपोर्ट लिखवाने थाने गए, लेकिन पुलिस उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उषा पटवाल, धना तिवारी, दुर्गा देवी, कुसुम, किसन शर्मा, मुनीष कुमार, परवीन सैनी रहे।

### हनुमान कथा ज्ञान यज्ञ के दशम दिवस पर पूर्णाहुति व भंडारा

**हल्दूचौड़ :** ग्राम दुम्काबंगर स्थित हनुमान मंदिर एवं बाबा केशव दास आश्रम में आयोजित श्री हनुमान कथा ज्ञान यज्ञ के दशम दिवस परायण कार्यक्रम में प्रातः नित्य पूजा-पाठ के बाद हवन की पूर्णाहुति संपन्न हुई। आचार्य सतीश लोहनी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी की कृपा से देवताओं के कष्ट दूर हुए, उसी प्रकार भक्त उनकी शरण में जाकर अपने जीवन की कठिनाइयों से मुक्त हो सकते हैं। कथा समापन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में यजमान जानकी बमेटा एवं देवी दत्त बमेटा, बिमला मिश्रा एवं दिनेश चंद्र मिश्रा रहे। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, नरेश चंद्रा, पूर्व प्रमुख गोपाल सिंह नेगी, मंदिर समिति संरक्षक उमेश चंद्र कबड़वाल, अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुम्का, सचिव बालाकृष्ण दुम्का रहे।

# आबादी में दिखा गुलदार, पटाखे फोड़ व कनस्तर बजाकर भगाया

## बाईपास रोड से भरतपुर को जाने वाले सीसी मार्ग पर देखा गया गुलदार, लोगों में दहशत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** क्षेत्र की एक महिला को बाघ/तेंदुए द्वारा निवाला बनाए जाने की घटना को अभी दो दिन भी नहीं बीते थे कि एक बार फिर भीमताल में गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत फैल गई। मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गुलदार बाईपास रोड से भरतपुर को जाने वाले सीसी मार्ग पर देखा गया।

सुबह का समय होने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और रोजमर्रा के काम पर जाने वाले लोगों ने गुलदार को देखा और आसपास के लोगों को सतर्क किया। वहीं भरतपुर के ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार शाम करीब 7 बजे भी गुलदार भरतपुर क्षेत्र में दिखाई दिया था और उसकी आवाज भी सुनाई दी। ग्रामीणों ने पटाखे फोड़कर और कनस्तर बजाकर लोगों को सतर्क किया तथा गुलदार को भगाया। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि जंगलों में लगाए गए कैमरों में अभी तक गुलदार की कोई स्पष्ट गतिविधि दर्ज नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं और नियमित गश्त जारी है। साथ ही लोगों से सतर्कता बरतने की अपील भी की गई।



देवीधुरा में गुलदार की सूचना पर गश्त करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### सोलर लाइट नहीं लगने पर आंदोलन की चेतावनी



क्षेत्र के वार्ड मेंबर बंटी आर्य ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया कि उनके वार्ड में, जहां वर्तमान में गुलदार या बाघ का आतंक बना हुआ है, वहां के लिए तीन माह पूर्व 40 सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पुनः क्षेत्रीय जनता की मांग से अधिशासी अधिकारी को अवगत कराते हुए शीघ्र सोलर लाइट लगवाने की मांग की। वार्ड मेंबर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नगर पालिका द्वारा सोलर लाइटों की व्यवस्था नहीं की गई, तो क्षेत्रीय जनता के साथ नगर पालिका कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### देवीधुरा में गुलदार की दस्तक बढ़ी, वन विभाग की टीम पहुंची गांव

**नैनीताल :** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधुरा क्षेत्र में गुलदार की दस्तक बढ़ने पर वन विभाग चौकन्ना हो गया है। विभागीय टीम ने देर रात गांव में गश्त कर जगह जगह आग व पटाखे जलाए। बता दें कि बीते एक सप्ताह से देवीधुरा गांव में गुलदार की दस्तक बढ़ गई है। बीते दिनों गांव में कुत्ते को अपना निवाला बनाकर गुलदार रोजाना गांव में गुर्राते हुए घूम रहा है। गुलदार की गुर्राहट से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। जिसको देखते हुए ग्राम प्रधान प्रेमलता बर्गली ने डीएफओ को पत्र लिख क्षेत्र में पिंजरा लगाने और लगातार गश्त करने की मांग की है। जिस पर विभाग की एक टीम ने बुधवार की रात को देवीधुरा में गश्त की। साथ ही लोगों से तेंदुए की जानकारी ली और सुरक्षित रहने के उपाय बताए। टीम ने गांव में जगह-जगह आग व पटाखे जलाकर गुलदार को दूर भगाने की भी कोशिश की है।

### जूडो में निहारिका और मानसी ने जीते पदक

**बिंदुखत्ता:** चाइल्ड सैक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं ने जूडो में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड और जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा निहारिका जोशी ने -36 किग्रा वर्ग और मानसी रावत ने -70 किग्रा वर्ग में मणिपुर के इम्फाल में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की 69वीं राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किए।

नैनीताल जूडो एसोसिएशन के सचिव एवं विद्यालय कोच दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों बालिकाओं ने अद्वितीय दमखम और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए पदक जीता।

उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बसंत पांडे, विद्यालय की एमडी सुनीता शर्मा पांडे, प्रधानाचार्य डॉ. प्रीति सिंह, सांसद व पूर्व राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गपाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री दीप कोश्यारी, पूर्व चेयरमैन पवन चौहान, खिलाफ सिंह दानू, प्रताप सिंह बिष्ट, प्रकाश जोशी, इंदर सिंह पानेरी, बिसन दत्त जोशी, रणजीत सिंह रावत और भरत नेगी ने बधाई दी है।



विरोध प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। ● अमृत विचार

# अधिकारियों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

संवाददाता, भवाली

- भवाली डिपो में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने टनकपुर मंडल के अधिकारियों पर कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए भवाली डिपो में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मंडलीय प्रबंधक संचालन टनकपुर मंडल आलोक बनवाल और सहायक महाप्रबंधक टनकपुर डिपो एस. राणा के खिलाफ नाराजगी जताई।

कर्मचारियों का आरोप है कि उक्त दोनों अधिकारी टनकपुर मंडल के कर्मचारियों का मानसिक और प्रशासनिक रूप से शोषण कर रहे हैं। इसके विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने भवाली डिपो परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन कर निगम प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियों ने आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की और अपनी एकजुटता का संदेश दिया। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उप महामंत्री एल. डी. पालीवाल, नरेश पाल, हर्षवर्धन, रूप किशोर सागर, प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, दिनेश दुम्का, मुकेश, सुरेश चंद्रा, अभिजीत कुमार, अरुण सिंह, मोहन भट्ट, गिरीश चंद्र रहे।





राउमावि बडौन में छात्राओं की माताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

### 3 मेधावी छात्रों की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक के दूरस्थ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बडौन में कमला नेहरू पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन मेधावी विद्यार्थियों की माताओं को सम्मानित किया गया। प्रत्येक सम्मानित महिला को प्रोत्साहन स्वरूप एक हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि वर्ष 2024-25 की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 27 छात्र-छात्राओं में से 12 ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जिनमें तीन छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यहां मेधावी छात्रों की माताएं लक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, भवानी देवी सहित विद्यालय परिवार से उमा जोशी, मिथिलेश, कमल कुमार, प्रियंका, पुष्कर सिंह मेहता आदि रहे।

# गुंजन हत्याकांड के विरोध में सरकार व पुलिस का पुतला फूंका

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राजधानी देहरादून के व्यस्त पलटन बाजार में दिनदहाड़े हुई गुंजन की निर्मम हत्या के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लखनपुर चुंगी पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की चरमराई कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश सरकार और उत्तराखंड पुलिस का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि यह हत्या केवल एक अपराधी की क्रूरता नहीं है, बल्कि उत्तराखंड पुलिस की कार्यशैली पर गहरा धब्बा है। उन्होंने कहा कि मृतका गुंजन ने अपनी हत्या से दो दिन पहले पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यदि समय रहते कार्रवाई की जाती, तो आज एक बेटी जीवित होती।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गुंजन के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाए। साथ ही शिकायत पर लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों को केवल निलंबित ही नहीं, बल्कि बर्खास्त किया जाए। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की गई।

युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई और पुलिस व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, नैनीताल जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन नितिन शाह, विकास कुमार आर्य, दीपक सिंह रावत, सभासद सचिन कुमार आर्य, सलमान सलमानी, प्रमोद कुमार, सोनू तिवारी, शेखर चंद्र, रोहित नेगी, आकाश सहित कई पदाधिकारी और युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





रामनगर में गुरुवार को सरकार व पुलिस का पुतला दहन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी।

### बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए धन की मांग को लेकर मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से काठगोदाम सर्किट हाउस में मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी ने चोर गलियां क्षेत्र के बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु मुलाकात की। पान सिंह मेवाड़ी ने चोर गलियां के दुबेलबेरा भीड़ा, सुनारधाड़ा, आमखेड़ा कोटलिया घुसापुर और बिहारी नगर में बाढ़ सुरक्षा के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने जनहित में जल्द से जल्द बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। मेवाड़ी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत किया जागरूक

**धानाचूली :** राइका चौरलेख में वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को वनाग्नि के दुष्प्रभावों तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। वन विभाग की टीम ने बच्चों को सतर्क रहने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यार्थियों को बताया गया कि वे विद्यालय अपने अभिभावकों के साथ आएं, घरों के आसपास की झाड़ियों की नियमित सफाई रखें तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था बनाए रखें। महिलाओं को चारा-पत्ती के लिए अकेले जंगल न जाने की सलाह दी गई, वहीं पालतू पशुओं को सुरक्षित बाड़ों में रखने के निर्देश दिए गए। बच्चों और वृद्धजनों को घर के आसपास अकेला न छोड़ने, विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट, वन दरोगा पूरन चंद्र मेलकानी, बसंत बल्लभ पांडेय, मनोज कैड़ा, मोहन सिंह सहित विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएम के निरीक्षण से तेजी से होगा बांध निर्माण

संवाददाताः भीमताल

**अमृत विचार:** बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री को छोटा कैलाश की प्रतिमा भेंट करते हुए छोटा कैलाश धाम को मंदिर माला में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना से तराई-भाबर क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर कई प्राकृतिक स्रोत भी रिचार्ज होंगे। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री मोदी, सीएम पुष्कर सिंह धामी तथा सांसद अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंप भीमताल क्षेत्र में एचएमटी फैक्ट्री की लगभग 45 एकड़ भूमि पर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, सिनेमा तथा पर्यटन से संबंधित गतिविधियों को विकसित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और भीमताल पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप में उभरेगा।



मुख्यमंत्री को श्री छोटा कैलाश का चित्र भेंट करते ब्लॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट।



प्राथमिक विद्यालय रानीबाग में बच्चों को वन जीवन के बारे में जानकारी देते वन अधिकारी।

### वनों के बचाव के संबंध में दी जरूरी जानकारी

**भीमताल :** भूमि संरक्षण विभाग, चौगढ़ रेंज (नैनीताल) के अधिकारियों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रानीबाग के छात्रों को वन जीवन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वनों के संरक्षण और उसमें बच्चों की भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अन्नपूर्णा सागर ने बच्चों से कहा कि यदि कहीं जंगल में आग लगती हुई दिखाई दे, तो वे तुरंत वन विभाग को फोन के माध्यम से सूचना दें तथा अपने गांव के प्रधान को भी अवगत कराएं। बच्चों को आग के पास न जाने और यदि कोई व्यक्ति आग लगाता हुआ दिखाई दे तो उसे ऐसा करने से रोकने की अपील की गई। मनीषा ने कहा कि जंगल को आग से बचाने में बच्चों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि जंगल हमारे लिए क्यों आवश्यक है। बच्चों ने वनों की रक्षा करने की प्रतिज्ञा भी ली। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं मीनाक्षी कपिल, दीपक नौगाईं, किरण नेगी, धना देवी रहे।

## सेहत

### ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

# चिकित्सा शिविर में पांच सौ से अधिक लोगों को मिला लाभ

संवाददाताः भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में ग्राफिक एरा अस्पताल (जीईआईएमएस), देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।

शिविर में पांच सौ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराकर चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा सेवाएं सामान्य चिकित्सा एवं नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने प्रदान कीं। अनुभवी सामान्य चिकित्सकों, नेत्र रोग विशेषज्ञों एवं नर्सिंग स्टाफ ने मरीजों की विस्तृत जांच कर व्यक्तिगत परामर्श दिया। इस दौरान रक्तचाप, रक्त शर्करा, ऑक्सीजन सैचुरेशन एवं पल्स रेट जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई, जिससे संभावित रोगों की प्रारंभिक पहचान में सहायता मिली। परामर्श के उपरांत मरीजों को निःशुल्क सामान्य दवाओं का वितरण भी किया गया। लाभार्थियों ने पहल की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया।



ग्राफिक एरा भीमताल में आयोजित शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।



रामनगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण के लिए पहुंचे ग्रामीण।

### रामनगर में लगे शिविर में 120 लोगों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण

**रामनगर :** हिमालय देवदर्शन उत्थान समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने परीक्षण कराया। प्राथमिक विद्यालय, हिम्मतपुर डोटियाल में लगे शिविर में 120 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। प्राइम हॉस्पिटल लाइफ केयर के सहयोग से आयोजित शिविर में फिजीशियन डॉ. आतिफ ने सामान्य रोगों का परीक्षण व उपचार किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज द्वारा आंखों से संबंधित रोगों की जांच एवं उपचार किया गया। हड्डी रोग, तेज दर्द, सिरदर्द एवं अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जांच के उपरांत 12 गंभीर मरीजों की स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए आवश्यक समन्वय किया गया। हिम्मतपुर डोटियाल की ग्राम प्रधान पुष्पा नेगी ने ऐसे स्वास्थ्य शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लाभकारी बताया। हिमालय देव दर्शन उत्थान समिति के निदेशक हेमचंद ने कहा कि समिति भविष्य में भी पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा के कार्य जारी रखे जाएंगे।

# पालिका पर प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** नगर में प्रवेश शुल्क के नाम पर पर्यटकों से की जा रही वसूली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा ने नगर पालिका द्वारा लगाए गए प्रवेश शुल्क का विरोध करते हुए इसे अवैध बताया। शर्मा का आरोप है कि नगर पालिका के ठेकेदार पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे मार्गों पर भी प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार नगर पालिका केवल अपने नगरीय क्षेत्र की सीमा के भीतर ही प्रवेश शुल्क वसूल सकती है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका क्षेत्र से बाहर, राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य मार्गों पर भी पर्यटकों से शुल्क लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे शहर की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने बताया कि विरोध के दौरान नगर पालिका के अंतर्गत ठेका लिए ठेकेदारों के कर्मचारियों से उनकी तीखी बहस भी हुई। उन्होंने बताया कि पहले भी नगर पालिका की ओर से स्पष्ट किया गया था कि प्रवेश शुल्क केवल नगर पालिका क्षेत्र में ही लिया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद नेशनल हाईवे, राज्य मार्ग और नगर पालिका सीमा से बाहर शुल्क वसूली की जा रही है। उधर, नगर पालिका के ईओ आलोक उनियाल ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी और यदि कहीं नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो कार्रवाई की जाएगी।





पालिका ठेकेदारों के समक्ष विरोध जताते सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा।

सिटी ब्रीफ

## निकिता ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा



**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज की शोध छात्रा निकिता भट्ट ने वाणिज्य विषय से तीसरी बार यूजीसी नेट परीक्षा पास की है। वर्तमान में निकिता कॉलेज में डॉ. रितुराज पंत के निर्देशन में शोध कर रही हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में भी निकिता का चयन हुआ है, जिसके अंतर्गत उन्हें 5000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने निकिता भट्ट को परीक्षा पास करने पर बधाई दी।

## एचएन स्कूल के प्रदीप हरिद्वार में होंगे पुरस्कृत

**हल्द्वानी :** एचएन इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र प्रदीप आर्य ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज की ओर से किया गया था। हिंदी के प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद आर्य के निर्देशन में स्कूल में परीक्षा संपन्न हुई। प्रदीप को शांतिकुंज हरिद्वार में रविवार को होने वाले कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत सहित सभी शिक्षकों ने विजेता छात्र को बधाई दी।

## महिला सशक्तिकरण पर छात्राओं की प्रस्तुति

**हल्द्वानी :** राइंका में कुमाउनी भाषा संवर्द्धन व संरक्षण के उद्देश्य से कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं ने स्वच्छता व पर्यावरण, देश प्रेम, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, हमारी संस्कृति–हमारी पहचान, हमारी भाषा–हमारी पहचान और स्वरचित कविता जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में इफरत जावेद को कुमाउनी कविता पाठ के लिए, कंचन तिवारी को उत्कृष्ट गायन और दिव्यांग छात्रा पूजा मेहता को विशेष प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। यहां कुल 25 छात्राओं ने कुमाउनी भाषा में प्रस्तुति दी।

## हवन-यज्ञ व भंडारे के साथ शिव कथा संपन्न

**हल्द्वानी :** एमबी मैदान में आयोजित सात दिवसीय शिव कथा का गुरुवार को विधिवत समापन हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुए हवन–यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख–समृद्धि की कामना की। कथावाचक ने भगवान शिव के प्रसंगों से श्रोताओं को भाव–विभोर कर दिया। इस मौके पर आरएसएस के क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम, राजेश अग्रवाल, रितेश डाबर, जसनीत सिंह, विपिन गुप्ता, एकता, कविता व दीवान डोगरा रहे। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के बाद भवाली में बवाल

## व्यापारियों व हिंदूवादी संगठनों ने कोतवाली घेरी, बाजार बंद, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

संवाददाता, भवाली/नैनीताल



भवाली में नाबालिग से दुष्कर्म के विरोध में जुलूस निकालकर बाजार बन्द कराते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नैनीताल के भवाली क्षेत्र में 10वीं कक्षा की 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। गुरुवार को हिंदूवादी संगठनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भवाली कोतवाली का घेराव करते हुए बाजार में जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ उसे कड़ी से कड़ी सजा, यहां तक कि फांसी देने की मांग की। प्रदर्शन और नारेबाजी के चलते कुछ समय के लिए भवाली बाजार क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, हालांकि पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स तैनात कर हालात को नियंत्रित कर लिया। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

पुलिस के अनुसार, 4 फरवरी को भवाली स्थित एक स्थानीय अस्पताल से कोतवाली को सूचना मिली थी कि एक नाबालिग किशोरी गर्भवती है। सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल किशोरी के परिजनों से संपर्क किया। परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद आसिफ खान ने बताया कि आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान साहिल पुत्र नजीर, निवासी टमट्यूड़ा के रूप में हुई है, जो भवाली क्षेत्र में टैक्सी चालक के रूप में कार्य करता है। पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा है और उसकी उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है। इस बीच, आरोपी के दूसरे समुदाय से होने को लेकर कुछ लोगों द्वारा मामले को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई है, हालांकि पुलिस ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा है कि मामला पूरी तरह कानून और साक्ष्यों के आधार पर देखा जा रहा है।



भवाली थाने में विरोध जताते लोग। ● अमृत विचार

- भवाली क्षेत्र में पुलिस बनाए हुए है पूरी सतर्कता
- आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

**बोले एसपी**



आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है और विवेचना के दौरान आवश्यकता पड़ने पर धाराएं और बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। **–जगदीश चंद्रा, एसपी**

# निहाल नाले पर 4 करोड़ की लागत से बनेगा पुल

संवाददाता, कालाढूंगी



क्षतिग्रस्त निहाल नाला। फाइल फोटो

**अमृत विचार:** देहरादून-कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे में निहाल नाले पर 3 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से डबल लाइन का 21 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा। पुल का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन को भेज दिया गया है। जुलाई 2024 में पुलिया टूट जाने के कारण 19 महीनों से परेशान लोगों को अब आवागमन में राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि 31 जुलाई 2024 को कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे में चकलुवा के पास निहाल नाले में पुलिया बह गई थी। इसके कारण देहरादून-कालाढूंगी-हल्द्वानी का संपर्क मार्ग कट गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिया बहने से कालाढूंगी, कोटाबाग, बाजपुर, रामनगर के राहगीरों के साथ-साथ पर्यटकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

इसके बाद वाहनों के लिए चकलुवा गांव के अंदर और निहाल नाले के किनारे अस्थायी रास्ता बनाकर यातायात सुचारू किया गया। देहरादून से उत्तराखंड परिवहन की बसें रूद्रपुर भेजी गईं। बरसात के बाद वैली ब्रिज बनने से राहगीरों और यात्रियों को राहत मिली, लेकिन वैली ब्रिज एक समय में केवल एक वाहन पास होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इसे देखते हुए लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी ने 3 करोड़ 96 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा।

कालाढूंगी–हल्द्वानी स्टेट हाईवे का 3 करोड 96 लाख का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। शासन द्वारा धनराशि की स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया जारी है। बजट स्वीकृति होते ही पुल का निर्माण शुरू हो जाएगा। **–प्रत्युष कुमार, एई**

# दस सरकारी स्कूल की छात्राओं को वितरित किए सेनेटरी नैपकिन



हल्द्वानी में एसबीआई के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत बांटे गए सेनेटरी नैपकिन के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब हल्द्वानी ने एसबीआई के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 10 सरकारी स्कूलों की छात्राओं को 2500 सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए।

इसके तहत बनभूलपुरा, गांधीनगर, राजपुरा, बमोरी, लामाचौड़, मुखानी सहित अन्य विद्यालयों में छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षिका रेखा आर्या ने छात्राओं को स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी नैपकिन के सही उपयोग और स्वास्थ्य से जुड़े जरूरी सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई के शाखा प्रबंधकों और रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने मिलकर छात्राओं को नैपकिन वितरित किए और उन्हें जागरूक किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज शाह, महामंत्री आशीष दुम्का व एसबीआई की ओर से संतोष मिश्रा, हेमंत पुजारी मौजूद रहे।

## लालकुआं में उक्रांद ने चलाया सदस्यता अभियान

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल ने गुरुवार को लालकुआं क्षेत्र के पश्चिमी राजीव नगर और घोड़ा नाला में जनसंपर्क एवं सदस्यता अभियान चलाया। इसमें कॉमेडियन कलाकार जीवन दानू के नेतृत्व में प्रेम नेगी, धीरज अधिकारी, भीम बिष्ट, रवि नेगी, गोविंद बिष्ट, प्रताप राणा, नारायण बिष्ट, दरबार नेगी, गजेंद्र खत्री, राजू बिष्ट, मोहन रावत आदि ने उक्रांद की सदस्यता ली।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व पार्षद रवि वाल्मीकि ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय दलों ने उत्तराखंड को लूटने का काम किया है, अब राज्य बचाने के लिए उक्रांद की जरूरत है। इस दौरान भुवन बिष्ट, मोहन नेगी और उत्तम बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# विभाग की अनदेखी से 'डूब' गया तरणताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खेल विभाग की लापरवाही से तैराकों की नर्सरी कहा जाने वाला हल्द्वानी का तरणताल खंडहर बन चुका है। अब खेल प्रेमियों ने इस तरणताल को पुनर्जीवित करने के लिए बीड़ा उठाया है, उन्होंने हस्ताक्षर अभियान चलाकर खेल विभाग, जिला प्रशासन व राज्य सरकार से इसके नवीनीकरण की मांग की है।

खेल विभाग का एसटीएच के सामने पोस्टमार्टम हाउस रोड पर विजिलेंस ऑफिस से सटा हुआ तरणताल है। इस तरण ताल से सैकड़ों लोगों ने तैराकी सीखी और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल भी जीते। रखरखाव व हीटिंग प्लांट नहीं होने की वजह से यह तरणताल धीरे-धीरे खंडहर में बदल गया। इधर, पार्षद मनोज जोशी ने गुरुवार को तरणताल के बाहर नवीनीकरण व संचालन की मांग को प्रदर्शन किया और हस्ताक्षर अभियान चलाया। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो शहर की एक बहुमूल्य धरोहर पूरी तरह जमींदोज हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं तैराकी के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं, उन्होंने इस तरणताल से तैराकी सीखी। बताया कि इसमें बच्चों और बड़ों के लिए दो अलग-अलग पूल बने हैं, हर वर्ग का युवा न्यूनतम शुल्क देकर तैराकी सीखता था। पूल में काई और परिसर में घास उग गई है। आरोप लगाया कि नए तरणतालों के निर्माण पर करोड़ों खर्च हो रहे हैं लेकिन धरोहर बने तरणताल की मरम्मत तक नहीं की जा रही है। इस दौरान राहुल जोशी, पवन बिष्ट, अभय जोशी, लीला कांडपाल, कृपाल मेहरा, जीतू, कुनाल, अर्जुन रौतेला आदि रहे।




तरणताल को पुन: जीवित करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाते पार्षद जोशी।



एमओयू के नवीनीकरण के दौरान मौजूद कुलपति डॉ. नवीन चंद्र लोहनी व अन्य।

## यूओयू व पीजी कॉलेज सोमेश्वर के बीच एमओयू का नवीनीकरण, डिस्टेंस लर्निंग का मिलेगा अवसर

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और हुकुम सिंह बोरा राजकीय पीजी कॉलेज सोमेश्वर के बीच अध्ययन केंद्र के संचालन के लिए एमओयू का नवीनीकरण किया गया है। विवि के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट और कॉलेज की सहायक आचार्य डॉ. अमिता प्रकाश ने कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यहां अतिरिक्त निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं प्रो. एमएम जोशी और प्रशासनिक अधिकारी पीएस परिहार भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. लोहनी ने कहा कि एमओयू नवीनीकरण के बाद अध्ययन केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों को यूजी, पीजी, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे सोमेश्वर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को घर के पास ही डिस्टेंस लर्निंग से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। कुलपति ने कहा कि विवि का उद्देश्य प्रदेश के दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाना है।

# जीएनजी को हराकर कोल्ट्स अकादमी का फाइनल में प्रवेश

- शिवम पांडे और विनोद पंतोला ने निभाई अंपायर की भूमिका
- अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग

संवाददाता, हल्द्वानी



सेमी फाइनल में जीत के बाद कोल्ट्स टीम के खिलाड़ी व अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला गुरुवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और जीएनजी के बीच खेला गया।

कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जीएनजी की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 41वें ओवर में 235 रनों बनाकर ऑल आउट हो गई।

निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 43वें ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाकर 3 विकेट से मैच जीत लिया।

मैन ऑफ द मैच कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी प्रांजल रैकवाल को दिया गया। अंपायर की भूमिका में शिवम पांडे और विनोद पंतोला रहे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह ने निभाई।

इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल के लिए अंडर-17 टीम का हुआ चयन

**हल्द्वानी :** चमोली के गोपेश्वर में होने वाली राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए नैनीताल जिले की टीम का चयन कर लिया गया है।

गुरुवार को खेल विभाग की ओर से हल्द्वानी स्थित मिनी स्टेडियम में ट्रायल किया गया, जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया में हल्द्वानी, नैनीताल, रामनगर व लालकुआं क्षेत्र के कुल 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल कौशल और फिटनेस के पैमानों पर परखने के बाद फुटबॉल कोच दिनेश सिंह रावत, आनंद देव और आनंद नेगी की देखरेख में 11 खिलाड़ियों की टीम तैयार की गई। यह टीम आगामी 8 से 10 फरवरी तक गोपेश्वर खेल मैदान में नैनीताल जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

# डॉक्टर के पर्चे पर ही बेची जाएं एंटीबायोटिक दवाएं



मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करती ड्रग कंट्रोलर विभाग की टीम ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** औषधियों की अवैध बिक्री व एंटीबायोटिक औषधि के सही उपयोग के लिए नैनीताल क्षेत्र में ड्रग कंट्रोलर विभाग ने अभियान चलाया।

वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने पांच होलसेल व छह रिटेलर मेडिकल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी एंटीबायोटिक्स औषधियों को केवल पंजीकृत चिकित्सक के वैध पर्चे पर ही बेचने के निर्देश दिए। यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक औषधि विक्रय का विधिवत कैश मेमो/बिल जारी हो और उसका पूर्ण अभिलेख नियमानुसार रखा जाए। यह स्पष्ट निर्देश दिए कि मनःप्रभावी औषधियां केवल विधिवत चिकित्सकीय पर्चे के आधार पर ही वितरित की जाएं।

सुविधा | देश के नामी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक देंगे आईएएस–पीसीएस, बैंकिंग व एसएससी की ऑनलाइन कोचिंग

# कॉलेज के साथ फ्री कोचिंग, 10 हजार स्टूडेंट्स को मिलेगा लाभ

- उच्च शिक्षा विभाग की योजना के तहत स्क्रीनिंग के बाद होगा चयन

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** अब कॉलेज करने के साथ-साथ विद्यार्थी आईएएस-पीसीएस, बैंकिंग, एसएससी और समूह ग की परीक्षा की तैयारी निशुल्क कर सकेंगे। जिस नौकरी की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अभिभावकों को एक मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। अब उच्च शिक्षा विभाग की पहल के तहत विद्यार्थी फ्री में पढ़ाई कर सकेंगे।

उच्च शिक्षा की ओर से शुरू की जा रही पहल के तहत प्रदेश के 10 हजार कॉलेज स्टूडेंट्स को निशुल्क कोचिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत इच्छुक विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग की जाएगी, जिसके बाद चयनित विद्यार्थियों को निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी। उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से इसके लिए टेंडर प्रकिया चल रही है। निजी फर्म को टेंडर आवंटित होने के बाद विद्यार्थियों को फ्री ऑनलाइन कोचिंग मिलना शुरू हो जाएगी। जाने माने कोचिंग इंस्टीट्यूट के अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे। निजी फर्म की ओर से कॉलेज स्टूडेंट्स की कैटेगरी वाइज स्क्रीनिंग की जाएगी, जिसमें आईएएस-पीसीएस, बैंकिंग, कैट-मैट, नेट, जेआरएफ, एसएससी, समूह ग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए स्टूडेंट्स चयनित होंगे। योजना का सबसे अधिक लाभ दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के स्टूडेंट्स को मिलेगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने और संसाधनों के अभाव में शहरों की महंगी कोचिंग लेने में सक्षम नहीं हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. आरके पाठक ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी चल रही है। शीघ्र ही प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेशभर में कॉलेज स्टूडेंट्स की कैटेगरी वाइज स्क्रीनिंग की जाएगी।

### खटीमा में खुला साथी केंद्र, 100 से अधिक विद्यार्थी ले रहे भौतिक विज्ञान की कोचिंग

खटीमा में आईआईटी कानपुर के सहयोग से प्रदेश का पहला साथी केंद्र खोला गया है, जिसमें वर्तमान में 100 से अधिक विद्यार्थी लाभ ले रहे हैं। केंद्र में फिजिक्स की कोचिंग शुरू की गई है। इसे खटीमा के राजकीय कॉलेज परिसर में खोला गया है। तीन साल तक मूल्यांकन करने के बाद अच्छा परिणाम आने पर प्रदेश में अन्य जगह भी इस तरह के साथी केंद्र शुरू किए जाएंगे। केंद्र में विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग दी जा रही है।

# औषधीय पौधे वितरित कर उसके लाभ बताए



कासनी के पौधे देते पूर्व रेंजर। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वन विभाग के पूर्व रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने गुरुवार को कोटाबाग ब्लॉक के सयात में कासनी के पौधे निशुल्क वितरित किए। बिष्ट ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लीवर, शुगर एवं किडनी के विकारों की परेशानी होती है, कासनी के पत्तों का सेवन इन रोगों में फायदेमंद हैं।

रोगग्रस्त सिर्फ पत्तियां चबाकर ही विकारों को नियंत्रित कर सकते हैं। इस दौरान बच्ची सिंह, आनन्द सिंह, विजय सिंह, निर्मल शाह, पान सिंह, देवेन्द्र सिंह, पदम सिंह, कमल सनवाल, भगत सिंह, टीका सिंह, नन्दन सिंह आदि रहे।

## एक गाड़ी सामान जब्त, चालान से वसूले 1700 रुपए

**हल्द्वानी :** नगर निगम ने गुरुवार को शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क घेरकर कारोबार कर रहे दुकानदारों का सामान जब्त किया और अवैध तरीके से लगे फड़-ठेले हटाए गए।

निगम की टीम ने एक गाड़ी सामान उठाया। साथ ही तीन चालान किए गए, जिनसे 1700 रुपए वसूले गए। अभियान के दौरान दुकानदारों की निगम की टीम के साथ हल्की-फुल्की नोक-झोंक भी हुई। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल सहित निगम के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### चीनी मिल ने जारी किया 9.30 करोड़ का भुगतान



**किच्छा :** किच्छा चीनी मिल ने पेराई सत्र के तहत 1 से 7 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का 9.30 करोड़ का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से गन्ना समितियों को जारी कर दिया है। अधिशासी निदेशक ए.पी. बाजपेई ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देशों के क्रम में किसानों को समय पर भुगतान किया जा रहा है। मिल अब तक कुल 64.48 करोड़ का भुगतान कर चुकी है। वर्तमान सत्र में मिल ने 24.97 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर 2.42 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। इस त्वरित भुगतान पर किच्छा, हल्द्वानी, पंतनगर, सितारगंज और गदरपुर समितियों के किसानों ने मिल प्रशासन का आभार जताया है।

# सुरक्षा के लिए समय रहते सिल्ट हटे

## हरिपुरा जलाशय से सिल्ट हटेगी, डीएम ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने हरिपुरा व बौर जलाशय में जमा सिल्ट को हटाने के लिए सिंचाई, राजस्व, वन और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित व जलाशय की सुरक्षा के लिए सिल्ट हटाना आवश्यक है। इसलिए संबंधित अधिकारी वर्षा काल से पूर्व सिल्ट हटाने के लिए कार्ययोजना तैयार करें।

गुरुवार को बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सिंचाई, राजस्व, वन एवं खनन विभाग के अधिकारियों के साथ कमेटी बनाकर जलाशयों का सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के अन्य नदियों में भी यदि रिवर ड्रेजिंग(गाद निकालना) कराने की आवश्यकता है तो सर्वे करते हुए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। ताकि वर्षा काल से पूर्व रिवर ड्रेजिंग कराई जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी व ओसी ॠचा सिंह, डॉ.अमृता शर्मा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता बीएस डांगी, जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी शशि देव आदि उपस्थित थे, जबकि अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

# टला नहीं आशियाना टूटने का खतरा श्याम होम के लोग हो रहे भयभीत

संवाददाता, रुद्रपुर

● **विधायक अरोरा ने कराई थी मध्यस्थता, पीड़ित परिवारों ने सौंपा डीएम को ज्ञापन**

**अमृत विचार:** श्याम होम कॉलोनी के बिल्डर और भूमि स्वामी का विवाद एक बार फिर बोतल से बाहर निकल चुका है। वहीं स्थानीय विधायक की मध्यस्थता के कारण लोगों को यह नहीं पता था कि आशियाना टूटने का खतरा अभी टला नहीं है। जिसको लेकर भयभीत परिवार डीएम कार्यालय पहुंचा और न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

बताते चलें कि भूरारानी स्थित बिल्डर दीपक चराया ने श्याम होम कॉलोनी का निर्माण कराया था। जिसके बाद आठ से दस परिवारों ने मकान भी बनवा लिया था। पिछले वर्ष अचानक जब राजस्व की टीम जेसीबी लेकर मकान तोड़ने पहुंची तो स्थानीय लोगों को पता चला कि बिल्डर दीपक चराया और भूमि स्वामी के बीच 51 लाख रुपये का लेनदेन है। मामला न्यायालय में विचाराधीन भी है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए विधायक शिव अरोरा ने हस्तक्षेप किया और बिल्डर से समझौता कराया था कि वह जल्द ही बकाया धनराशि जमा कराएं और प्रकरण का पटाक्षेप करे। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विधायक का भी ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। गुरुवार को एक बार फिर उसे मुद्दे को लेकर चिह्नित परिवार डीएम कार्यालय पहुंचे और जनप्रतिनिधियों व बिल्डर पर भड़ास निकालते हुए बताया कि समझौते के बाद भी बिल्डर ने पूर्ण धनराशि जमा नहीं कराई। 6 फरवरी को अदालती कार्रवाई की आखिरी तिथि है। यदि बिल्डर ने जल्द पैसा जमा नहीं कराया तो ध्वस्तीकरण का आदेश जारी हो सकता है। इससे परिवार भयभीत है और कई महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थी भी चिंतित है।


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी

## 33/11 के०वी० उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)

ई-मेल: erddh@yahoo.co.in फोन नं०-(05946) 292040 फैक्स नं०-(05946) 298318

पत्रांक : 484/वि०वि०ख०(ग्रा०)ह०

### शिविर सूचना

दिनांक : 05-02-2026

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, कमलुवागांजा, लालकुआं एवं टी०पी० नगर के समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित स्थानों पर उनके सम्मुख अंकित तिथियों में उपभोक्ता सेवा शिविर लगाये जायेंगे। जिसमें विद्युत बिलों का भुगतान एवं विद्युत बिल सम्बन्धी, स्मार्ट मीटर एवं अन्य शिकायतों / समस्याओं / सुझावों आदि कार्यों को निष्पादित किया जायेगा। एवं प्रत्येक कार्यदिवस (कार्यालय समय) में सभी कैश काउन्टरों पर अपने विद्युत बिलों का भुगतान करा सकते हैं। अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त शिविर में पधारकर अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान करें।

| क्र० सं० | दिनांक | श्री विद्या भूषण जोशी, उपखण्ड अधिकारी, कमलुवागांजा मो०नं०-9412093111/श्री विनोद कुमार शाह, अवर अभियन्ता, कमलुवागांजा मो०नं०-9917474863 श्री पंकज पंत, अवर अभियन्ता, अनुभाग मुखानी, ऊँचापुल, मो०-नं०-9412087737/श्री कुंदन आर्या, अवर अभियन्ता, कठघरिया, मो०नं०-9412086324/श्री रजनीश कुमार, अवर अभियन्ता, अनुभाग ब्लॉक, बिठौरिया, मो०नं०-9412087181/श्री विनोद चन्द्र जोशी, अवर अभियन्ता, अनुभाग दमुवादूंगा, मो०नं०-9412087736 | श्री संजय प्रसाद, उपखण्ड अधिकारी, लालकुआं मो०नं०-9412093123/ श्री नीरज आर्या, अवर अभियन्ता, लालकुआं, मो०नं०-9412093126/ श्री पुष्कर सिंह मेहरा, अवर अभियन्ता, धौलाखेड़ा, मो०नं०-9411107896 | श्रीमती शुभा जोशी, उपखण्ड अधिकारी, टी०पी० नगर (फूलचौड़) मो०नं०-9411113010/श्री धीरज पंत, अवर अभियन्ता, टी०पी० नगर, मो०नं०-9412093125/श्री हरीश कुमार, अवर अभियन्ता, फुटकुआं, मो०नं०-9412087243/श्री सुरेश काण्डपाल, अवर अभियन्ता, फूलचौड़, मो०नं०-9411113062 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07-02-2026 | बावन डॉठ फतेहपुर | 2 कि०मी० बिन्दुखत्ता/आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | सिद्धेश्वर मंदिर |
| 2 | 09-02-2026 | रामलीला ग्राउण्ड ऊँचापुल | धौलाखेड़ा | शिवाशीष कॉलोनी |
| 3 | 10-02-2026 | अमृता आश्रम ऊँचापुल | बंगाली कॉलोनी, लालकुआँ | 33/11 के०वी० उपसंस्थान टी०पी० नगर |
| 4 | 11-02-2026 | चौफुला चौराहा | दुम्काबंगर उमापति काण्डपाल जी की चक्की | आम का बगीचा |
| 5 | 12-02-2026 | लामाचौड़ इंटर कॉलेज लामाचौड़ | भट्ट कॉम्पलैक्स हाथीखाल | पुरानी आई०टी०आई० बरेली रोड |
| 6 | 13-02-2026 | कठघरिया चौराहा | हाथीखाना | धनपुरी चौराहा |
| 7 | 14-02-2026 | गाँधी आश्रम कठघरिया | जयपुर बीसा प्राईमरी स्कूल | गन्ना सेंटर |
| 8 | 16-02-2026 | हनुमान मंदिर कुसुमखेड़ा | इन्द्रपुर चौराहा | पंचमुखी हनुमान मंदिर |
| 9 | 17-02-2026 | लामाचौड़ चौराहा | बंगाली कॉलोनी, लालकुआँ | पंचायत घर चौराहा |
| 10 | 18-02-2026 | अंबेडकर पार्क दमुवादूंगा | धौलाखेड़ा | प्रेमपुर लोशज्ञानी |
| 11 | 19-02-2026 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान कमलुवागांजा | हनुमान मंदिर, बिन्दुखत्ता | बेलबाबा मंदिर |
| 12 | 20-02-2026 | पंचक्की चौराहा | आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | 33/11 के०वी० उपसंस्थान फूलचौड़ |
| 13 | 21-02-2026 | गैस गोदाम रोड (नेगी जी के घर के पास) | जयपुर बीसा प्राईमरी स्कूल | वार्ड नं-56 मानपुर पश्चिम |
| 14 | 23-02-2026 | बावन डॉठ फतेहपुर | 2 कि०मी० बिन्दुखत्ता/आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | सिद्धेश्वर मंदिर |
| 15 | 24-02-2026 | गुजरौड़ा फतेहपुर | इन्द्रपुर चौराहा | नई आई०टी०आई० |
| 16 | 25-02-2026 | प्राईमरी स्कूल पनियाली कठघरिया | भट्ट कॉम्पलैक्स हाथीखाल | ग्रामीण बैंक, एस मोड़ छड़ैल के पास |
| 17 | 26-02-2026 | बेडीखत्ता दमुवाढुंगा | हनुमान मंदिर, बिन्दुखत्ता | जी मॉल, धान मिल के पास |

कृपया बिल तिथि से 10 दिनों के भीतर बिजली का ऑनलाईन भुगतान करें, ऑनलाईन भुगतान पर 1.5% की छूट और वर्तमान बिल राशि पर 100 रूपये तक के कर को छोड़कर सभी ऑफलाईन भुगतान पर 1% की छूट प्राप्त करें।

**Customer Care Toll Free No. 1912**

**"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"**

**"विद्युत बिलों के 24 X 7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"**

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

**"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"**

(अभि० एस०के० गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता


## चेक बाउंस प्रकरण के दोषी को दो माह का कारावास

**रुद्रपुर:** चेक बाउंस प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी को दो माह का साधारण कारावास और 3.10 लाख रुपये की उधारी अदायगी करने का फैसला सुनाया।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता लुबना ने बताया कि माजरा मिलक किच्छा निवासी हरप्रीत सिंह ने अदालत में दायर याचिका में कहा कि पाम ग्रीन कॉलोनी रुद्रपुर निवासी जिगर प्रीत सिंह से उसका परिचय था और रिश्तेदारी में भी आता था। एक मई 2022 को जिगरप्रीत ने उससे 2.50 लाख रुपये उधार लिये थे। साथ ही आश्वासन दिया था कि चार माह के अंदर उधारी की रकम वापस कर देगा। समय अवधि निकलने के बाद आरोपी ने हस्ताक्षरयुक्त एक चेक दिया। 13 सितंबर 2022 को चेक बाउंस हो गया और रकम वापसी का दबाव बनाया तो आरोपी आनाकानी करने लगा। जिसके बाद अधिवक्ता के जरिए नोटिस भी भिजवाया, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468


### सूचना

मेरी हाईस्कूल मार्कशीट एक सप्ताह पूर्व लालकुआं बाजार में कहीं खो गयी है। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी उक्त मूल प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। किसी अन्य द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा। **मयंक चंद पुत्र श्री पूरन चंद, निवासी शांति नगर, बिन्दुखत्ता, तह. लालकुआं (नैनीताल)।**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रकट सिंह व उसकी पत्नी बलजिन्दर कौर से उनके अमर्यादित कृत्यों के कारण अपने समस्त प्रकार के संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से कोई संबंध सरोकार आदि नहीं रह गया है। वह अपने अच्छे व बुरे किये कार्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **करतार सिंह पुत्र बलराम सिंह, ग्राम फतेहगंज, गदरपुर, उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)।**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै. इक ओमकार स्टोन क्रेशर रजिस्टर्ड ऑफिस सी/ओ श्रीमती रजवंत कौर, चैती उज्जैन, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 और फैक्टरी प्लांट ग्राम जमालगंज, तहसील टांडा, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244925 में स्थित है। जो कि पंजीकृत साझेदारी फर्म है, फर्म में से एक भागीदार श्री जगजीत सिंह पुत्र श्री गुरवचन सिंह, निवासी चैती गांव उज्जैन, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड ने स्वेच्छा से दिनांक 17/01/2026 को त्यागपत्र देकर रिटायरमेंट ले लिया है। तत्पश्चात एक नई भागीदार श्रीमती संदीप कौर पत्नी श्री जगजीत सिंह नि. आगनवाडी केंद्र, राधिका कॉलोनी, खडकपुर देवीपुरा, श्यामपुरम कॉलोनी, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड-244713 फर्म में दिनांक 17/01/2026 से शामिल हुए हैं। यदि इस संबंध में किसी को आपत्ति है तो 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं।

द्वारा : श्रीमती संदीप कौर पत्नी श्री जगजीत सिंह नि. आगनवाडी केंद्र, राधिका कॉलोनी, खडकपुर देवीपुरा, श्यामपुरम कॉलोनी, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713, +919917076100

ब्रीफ न्यूज

## पांच लोग चोरी करते पकड़े गए, मुकदमा दर्ज

**शांतिपुरी :** विद्युत विभाग ने शांतिपुरी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। किच्छा उपखंड के जेई प्रदीप खाती के नेतृत्व में सतर्कता दल हल्द्वानी और सुरक्षा कर्मियों ने बुधवार को करीब 20 घरों में छापेमारी की। इस कार्रवाई में जवाहरनगर और गड़रिया बाग निवासी किशोर राय, दिनेश राम, भूपेंद्र पाल, खेमकरण और सुनीता बिजली चोरी के दोषी पाए गए। विभाग ने मौके से केबल आदि सामग्री जब्त कर ली है। अधिकारियों ने सभी आरोपियों के खिलाफ पंतनगर थाने में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

## प्रशिक्षण के जरिए सशक्त होंगी कृषक महिलाएं

**पंतनगर :** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं आईसीएआर-भुवनेश्वर द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास से उनकी आजीविका में वृद्धि करना था। प्रशिक्षण में महिलाओं को गुग्गुल व सूखे फूलों से धूप निर्माण और हर्बल गुलाल बनाने की विधि सिखाई गई। साथ ही, बैंकिंग विशेषज्ञों ने सरकारी ऋण व बीमा योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर 60 महिलाओं को स्प्रेयर पंप, अजोला बेड और गार्डन रेक जैसे कृषि उपकरण भी वितरित किए गए। विशेषज्ञों ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने के लिए प्रेरित किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला नया एक्स-रे टेक्नीशियन

**किच्छा :** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से रिक्त चल रहे एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर रजनीश कुमार श्रीवास्तव की तैनाती कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के बाद यह नियुक्ति की गई है। बता दें कि पद रिक्त होने के कारण मरीजों को एक्स-रे जांच के लिए निजी सेंटरों या दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते थे, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी होती थी। रजनीश श्रीवास्तव की नियुक्ति से अब अस्पताल में ही आधुनिक जांच सुविधा सुलभ होगी। इस कदम से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और गरीब तबके के मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा।

## होटल व कैफे संचालकों पर 25 हजार का जुर्माना

**रुद्रपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सघन छापेमारी की। यूनिट प्रभारी बसंती आर्या के नेतृत्व में टीम ने दर्जनों होटलों, ढाबों और कैफे की जांच की, जिसमें चार होटल और एक कैफे संचालक नियमों के विरुद्ध कार्य करते पाए गए। पुलिस ने संचालकों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये का चालान काटा। एसएसपी ने बताया कि मानव तस्करी की शिकायतों को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है।

## आरएएफ और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**सितारगंज :** नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए गुरुवार को आरएएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त फ्लैग मार्च किया। आरएएफ मेरठ की 108 बटालियन और कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा बल इस्लामनगर और वार्ड नंबर 6 सहित विभिन्न संवेदनशील इलाकों में पहुंचे। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति कायम रखना, नशा तस्करों पर नकेल कसना और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को कड़ा संदेश देना है।

### रुद्रपुर में बेखौफ चोरों ने दी पुलिस को चुनौती, बेफ्रिक होकर दिया चोरी को अंजाम, पुलिस-फॉरेंसिक टीम ने ली जानकारी

# मोबाइल शोरूम से 20 लाख के 68 स्मार्टफोन व नकदी चोरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अग्रसेन चौक स्थित ''मोबाइल मंत्रा'' शोरूम में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरों ने दुकान के छज्जे का लोहे का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और करीब 20 लाख रुपये मूल्य के 68 कीमती स्मार्टफोन व गल्ले में रखी 40 हजार की नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी गौरव मुंजाल की अग्रसेन चौक मुख्य मार्ग पर मोबाइल मंत्रा के नाम से दो मंजिला दुकान है। बुधवार की देर शाम को रोजमर्रा की भांति दुकान बंद की थी और गुरुवार को जैसे ही दुकान के कर्मचारी ने दुकान का ताला खोला तो दुकान के अंदर सामान



घटना की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

बिखरा पड़ा था। कीमती मोबाइल के करीब 68 डिब्बे भी गायब थे। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी आनन-फानन में दुकान पर पहुंचे और जब छत पर जाकर देखा तो खाली मोबाइल के डिब्बों का ढेर लगा हुआ था। छत के प्रवेश गेट पर लगा लोहे का गेट भी टूटा हुआ पड़ा था। जिससे साफ था कि चोरों ने बेफ्रिक होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही एसएसआई केसी आर्या व बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां व्यापारी नेताओं ने घटना पर नाराजगी भी जताई। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। दुकान स्वामी का कहना था कि दुकान के अंदर 68 कीमती मोबाइल गायब है। जिनकी कीमत 20 लाख रुपये के करीब है और गल्ले में 40 हजार रुपये की नगदी भी रखी हुई थी।

### दुकान की छत पर हुई दारू पार्टी

**रुद्रपुर :** जब पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और जैसे ही दुकान की छत पर पहुंचे तो देखा कि छत के ऊपर पानी का बड़ा डिब्बा भी रखा हुआ था। दुकान के अंदर रखा होने की पुष्टि दुकान स्वामी ने की। इसके अलावा छत पर खाली गिलास भी पड़े थे। जिसमें से शराब की बदबू आ रही थी। जिसे देखकर यह आशंका है कि शायद चोरों ने चोरी की वारदात के दौरान दारू पार्टी की होगी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोर बेफ्रिक थे और इत्मीनान से चोरी करते वक्त जश्न भी मना रहे होंगे।

### छत पर पड़े मिले मोबाइल के डिब्बे

**रुद्रपुर :** जिस प्रकार मंत्रा मोबाइल की दो मंजिला दुकान की छत पर खाली मोबाइल के डिब्बे पड़े मिले। इससे साबित होता है कि चोरों की संख्या दो से तीन रही होगी। कारण दुकान के ऊपरी व दूसरी मंजिल से चोरों ने पहले महंगे मोबाइल के डिब्बों को चिह्नित किया और 68 मोबाइल के डिब्बे छत पर ले गए और फिर इत्मीनान के साथ डिब्बों से मोबाइल निकाला। इसी कारण छत पर खाली डिब्बों का अंबार लगा हुआ था।

### नहीं पहुंचे सीओ तो भड़के व्यापारी नेता

**रुद्रपुर :** 20 लाख कीमत के मोबाइल चोरी की घटना देने के बाद भी जब सीओ सदर घटनास्थल नहीं पहुंचे तो व्यापारी नेता संजय जुनेजा और मनोज छाबड़ा भड़क गए। उन्होंने एसएसआई केसी आर्या से नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर में चोरी की बड़ी वारदात हुई है और सीओ सदर नहीं पहुंचे। ऐसे कई बड़े मामले हो चुके हैं। जब सीओ सदर की सक्रियता दिखाई नहीं देती है।

### चोरों के निशाने पर रहता है घटनास्थल

**रुद्रपुर :** मंत्रा मोबाइल की दुकान में चोरी की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि दूसरी घटना है। दिसंबर 2024 को भी उसी दुकान में सेंध लगाकर चोरों ने आठ से नौ लाख कीमत के मोबाइल चोरी किए थे। चोरी का रास्ता भी लोहेनुमा बनी सीढ़ी का रास्ता ही था। इस बार भी चोरों ने उसी रास्ते का सहारा लिया।

## कांवड़ यात्रा को लेकर रखे सुझाव

**जसपुर:** आगामी कांवड़ यात्रा के सफल संचालन हेतु कोतवाली परिसर में एएसपी स्वप्न किशोर की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों और व्यापार मंडल ने यात्रा मार्ग पर सफाई, निर्बाध बिजली आपूर्ति, शुद्ध पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के सुझाव दिए।

भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, अस्थायी शौचालय बनाने और स्वास्थ्य कैंप लगाने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने नगर में ''नो एंट्री'' लागू करने और लाइटों की व्यवस्था पर जोर दिया। एएसपी ने सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने और अफवाहों से बचने की अपील की। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट, प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमीत सिंह, एसएसआई जावेद मालिक, संतोष देवरानी आदि मौजूद रहे।

# राहुल पर भड़के भाजपाई, जताया विरोध

### केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गद्दार कहकर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक भाजपा महानगर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह मानस के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा महानगर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने संसद भवन के बाहर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को सार्वजनिक रूप से गद्दार बोला है। भाजपा इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि जब-जब राहुल गांधी और उनकी पार्टी इस तरह के कृत्य करेगी तब-तब भाजपा उनके कृत्य का विरोध करेगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह चंडोक, उपाध्यक्ष श्याम मोहन, महामंत्री वैभव गुप्ता, कोषाध्यक्ष धीरज वर्मा, महानगर मंडल मीडिया प्रभारी भागीरथ शर्मा, दीपक अग्रवाल बंटी आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



बाजपुर में राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



किच्छा में राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### राहुल गांधी के बयान पर भड़की भाजपा, फूंका पुतला

**बाजपुर :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ की गई ''गद्दार'' वाली टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। गुरुवार को बाजपुर ग्रामीण मंडल के बरहैनी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी और अन्य नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान असंवैधानिक और राजनीतिक मर्यादाओं के खिलाफ है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ग्रामीण कन्नू जोशी, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू रावत, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जाफर अली, महिला मोर्चा अध्यक्ष जीत कौर सहित दलीप सिंह, राजेंद्र सिंह, अक्षय शर्मा, बलदेव सिंह, अमरजीत सिंह रंधावा, कोमल सैनी, राजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### किच्छा में भी राहुल गांधी के बयान पर आक्रोश, भाजपाइयों ने फूंका पुतला

**किच्छा :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सिख समाज पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने किच्छा के दीनदयाल चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री विशाल चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। भाजपाइयों का आरोप है कि राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर पूरे सिख समाज की मर्यादा को ठेस पहुंचाई है। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस पर बार-बार सिख समाज के अपमान का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इस दौरान युवा नेता सन्नी छाबड़ा, केशव सिंह, राहुल कोहली, नितिन ठाकुर, गोल्डी गोराया, डॉ हारून मलिक, मुकेश राठौर, विवेक चौहान, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी गिरधारी लाल का निधन, बंद रहा बाजार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** प्रतिष्ठित व्यापारी गिरधारी लाल अरोरा (68) का गुरुवार की प्रातः सात बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निवास वार्ड-2 कौशल्या गार्डन में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।



गिरधारी लाल अरोरा।

प्रतिष्ठित व्यापारी गिरधारी लाल अरोरा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। व्यापार मंडल, पंजाबी महासभा व रामलीला कमेटी में संरक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी चिता को उनके पुत्र सौरभ अरोरा ने मुखाग्नि दी दी। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, सभासद सत्यजीत विश्वास, पूर्व ईओ हरिचरण सिंह (हरीबाबू) भाजपा नेता हिमांशु सरकार, पूर्व सभासद सुकुमार सरकार, हरजीत सिंह विर्क, अशोक कालड़ा, भोला शर्मा, पवन अग्रवाल, चेतन सुखीजा, मानसिंह कोरंगा, सुनील बंसल, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, भजन लाल बाठला, विकास अरोरा, नरेंद्र सिंह कोरंगा, सागर सिंह आदि मौजूद रहे।



खटीमा में पत्रकारों को जानकारी देते विधायक भुवन कापड़ी। ● अमृत विचार

### विधायक कापड़ी ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**खटीमा :** व्यापार मंडल चुनाव की मतगणना रोके जाने पर विधायक भुवन कापड़ी ने भाजपा सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कापड़ी का आरोप है कि भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को हारता देख 'ऊपर' के दबाव में अधिकारियों ने मतगणना रुकवाई। उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। विधायक ने अधिकारियों को 'भ्रष्ट' बताते हुए आरोप लगाया कि बिना दस्तावेजों के एक किसान की 125 एकड़ भूमि पर खड़ी फसल जुतवा दी गई। कापड़ी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी कि सरकार बदलने पर इन अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। फिलहाल मतपेटियां सील हैं और मतगणना पर सस्पेंस बरकरार है।



नवदंपती को आशीर्वाद देते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व अन्य। ● अमृत विचार

### 11 निर्धन कन्याओं का कराया सामूहिक विवाह

**सितारगंज :** श्री शिव कांवर सेवा समिति की ओर से श्री रामलीला मैदान में 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने नव दंपतियों को वैवाहिक जीवन की बधाई दी। बृहस्पतिवार को मौनी बाबा शिव मंदिर से 11 रथों में दूल्हे बारात लेकर निकले। बारात में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, वर पक्षों के लोग शामिल हुए। रामलीला मैदान पहुंचने पर दुल्हन पक्ष के परिजनों, रिश्तेदारों व क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर दूल्हों का स्वागत किया और फिर जयमाला हुई। श्री शिव कांवर सेवा समिति की ओर से परिणय सूत्र में बंधने वाले जोड़ों को गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सहयोग किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, संजय गोयल, आदेश चौहान, आनंद बोरा, रणधीर गिरी, राधे गिरी, रवि रस्तोगी, भोला जोशी आदि मौजूद रहे।

## बहरीन में प्रतिभाग करेंगी प्रेमा विश्वास

**पंतनगर:** बहरीन स्थित मानामा के ईशा टाउन में आठ से 14 फरवरी तक बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके डब्ल्यूएच-1 कैटेगिरी में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए दिनेशपुर की होनहार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रेमा विश्वास का चयन हुआ है। प्रेमा ने बताया कि यह चयन पूरी तरह वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर होता है। उनकी वर्तमान वर्ल्ड रैंक 22 है, जिसकी वजह से उन्हें भारत की ओर से खेलने का गौरव प्राप्त हुआ है। बताया कि उनके लिए यह टूर्नामेंट इसलिए भी बेहद अहम है क्योंकि इसके आधार पर 2026 के एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

# अब 20 तक लगेंगे बहुउद्देशीय शिविर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण के लिए जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत अभियान को 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। वहीं अभियान के लिए लगने वाले शिविर की तिथि भी तय की गयी।

जिलाधिकारी ने बताया कि 9 फरवरी को विकास खंड खटीमा के सनातन धर्मशाला निकट नगर पालिका खटीमा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 10 फरवरी को सितारगंज के बन्नाखेड़ा शिव मंदिर के पास प्रागंण में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, 11 फरवरी को नगर पंचायत परिसर नानकमत्ता में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, 13 फरवरी को गदरपुर के वार्ड नंबर-3 पार्किंग परिसर निकट कोतवाली गदरपुर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह 16 फरवरी को जसपुर के नगर पंचायत स्थित मंगल बाजार के बारात घर में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में, 17 फरवरी को काशीपुर के नगर निगम परिसर में, 18 फरवरी को बाजपुर के चीनी मिल परिसर में और 20 फरवरी को रुद्रपुर के नगर निगम परिसर में होगा।

### परिवहन विभाग ने पांच वाहन किए सीज

**सितारगंज :** परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख़्त अभियान चलाया है। विभाग ने सितारगंज में ओवरलोड, ओवरहाइट और बिना वैध कागजात के सड़कों पर दौड़ रही पांच वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं, विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। बृहस्पतिवार को परिवहन विभाग कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव ने विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली, बिना फिटनेस डंपर, टैक्स डिफाल्टर के पांच वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की है। वहीं, कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव ने बताया कि परिवहन विभाग का रोड सेफ्टी को लेकर सकारात्मक अभियान जारी रहेगा। बढ़ते कोहरे में सुरक्षित यातायात के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन ओवरलोड, एक ओवरहाइट और एक टैक्स डिफॉल्टर वाहन को सीज किया है। टीम में कार्तिक सती, पूजा मेहरा, कौशल बेलवाल और चालक गोकुल शामिल रहे।

कार्यक्रम | लायंस क्लब सिटी खटीमा और रेड क्रॉस सोसायटी ने किया आयोजन

# एनएसएस शिविर में प्राथमिक उपचार कार्यशाला

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन प्राथमिक उपचार कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय नौगवां ठग्गू में चल रहे एनएसएस शिविर के चौथे दिन लायंस क्लब सिटी खटीमा और रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्राथमिक उपचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोसायटी अध्यक्ष विमल कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी। क्लब के विवेक अग्रवाल ने कहा कि समाज में इस





प्राथमिक उपचार कार्यशाला में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

प्रकार की जीवनरक्षक कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राखी राणा, कार्यक्रम अधिकारी विवेक जोशी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार, एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय पंत, प्रशासनिक अधिकारी भैरव दत्त भट्ट, इकबाल, संदीप अग्रवाल, नरेंद्र डिगारी, महेंद्र धामी, मेवा राम, बीडी पंत, रमेश लाल, ममता फर्त्याल, सुरेश शर्मा, आलोक सिंह, डीएस राणा, हरीश सिंह, उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।

### एनएसएस शिविर में छात्रों ने किया श्रमदान

**रुद्रपुर :** एसबीएस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर योगाभ्यास और सफाई अभियान के साथ आयोजित हुआ। शिविर के बौद्धिक सत्र में प्रो. सर्वजीत सिंह ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि मंजीत सिंह ने छात्रों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. चंद्रपाल ने ''इट इंडिया यूथ हैकथन उत्तराखंड 2026'' की जानकारी देते हुए पंजीकरण प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर डॉ. वसुंधरा उपाध्याय, जनार्दन कांडपाल, संदीप, सत्येंद्र शाह, कैलाश चौधरी, अनमोल सिंह, तरनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## दो सड़कों के लिए 1.65 करोड़ स्वीकृत

**किच्छा:** किच्छा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए राज्य सरकार ने दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 65 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया है। स्वीकृत योजनाओं के तहत किच्छा-दरऊ मार्ग से सुनेहरा कैनाल तक 1300 मीटर सड़क का निर्माण 79.02 लाख से होगा, जबकि ग्राम कनकपुर में 86.76 लाख की लागत से 700 मीटर सीसी मार्ग बनाया जाएगा।



तिलक राज बेहड़।

# मलखंब में सितारगंज के बच्चे छाए

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** खेल महाकुंभ में मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए आयोजित मलखंब प्रतियोगिता में सितारगंज के बच्चों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

बृहस्पतिवार को शिशु विद्या मंदिर, सिसौना में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध समिति ने इस उपलब्धि के लिए कोच और विजेता छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष रमेश आर्य ने बताया कि विद्यालय के रितेश राणा, अनमोल सिंह राणा, कुणाल सिंह, सावंत और प्रियांशु ने मलखंब प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इन बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय के साथ अभिभावकों का भी नाम रोशन किया है। वहीं, कोच रजत पंवार ने कहा कि अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त होती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र फुलारा, रमेश पालीवाल, क्रांति बल्लभ शर्मा, चंदन राणा, रोहित सक्सेना, विमला रानी, पिंकी विश्वास, प्रीति पांडे, रीना राणा, सुमन राणा, अंबिका, जिया फर्त्याल आदि मौजूद रहे।



मलखंब प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत करती विद्यालय प्रबंध समिति।

## सिटी ब्रीफ

### नव चेतना का सुमित दून में 8 को होगा सम्मानित



**खटीमा :** नव चेतना पब्लिक स्कूल के सातवीं के छात्र सुमित भट्ट ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया है। राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आठ फरवरी को स्वर्णपुरी आश्रम, रेसकोर्स देहरादून में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में राज्य स्तरीय के साथ ही जिला और तहसील स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी ने बताया कि इस अवसर पर सुमित भट्ट को उसके माता-पिता सहित आमंत्रित किया गया है। जहां उन्हें गायत्री परिवार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सुमित की इस उपलब्धि पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, प्रधानाचार्या सुमन कापड़ी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 10 व 11 फरवरी को

**काशीपुर :** उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट संस्थागत तथा व्यक्तिगत बोर्ड परीक्षार्थियों की भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षाएं 10 तथा 11 फरवरी प्रात : 8 बजे से विद्यालय में संपन्न होगी। यह जानकारी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने दी।

### 18 फरवरी को होगी बीडीसी बैठक

**काशीपुर :** विकास खंड काशीपुर के सभागार में 18 फरवरी को बीडीसी बैठक होगी। खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत मौजूद रहेंगे। बैठक ऊर्जा निगम, ग्रामीण निर्माण विभाग, जल संस्थान, पेयजल, उरेड़ा, लघु सिंचाई, लोक निर्माण विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### कायाकल्प अवार्ड के लिए अस्पताल का निरीक्षण

**बाजपुर :** भारत सरकार की ''कायाकल्प अवार्ड'' योजना के तहत गुरुवार को पिथौरागढ़ से आई दो सदस्यीय टीम ने उपजिला चिकित्सालय बाजपुर का विस्तृत निरीक्षण किया। क्वालिटी मैनेजर चंदन पंवार और मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमन आलम ने अस्पताल की साफ-सफाई, दस्तावेजों के रख-रखाव, अपशिष्ट प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण मानकों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम ने कर्मचारियों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी और कुछ कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

# पीएम आवास योजना के तहत 193 लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

## नगर निगम में महापौर ने पांच लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से चेक भेंट किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के 193 लाभार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री से प्राप्त प्रथम किश्त को नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित किया गया। इस अवसर पर पांच लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से चेक भेंट किया गया।

नगर निगम सभागार में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी-एमसी के अंतर्गत लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त को खाते में हस्तांतरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 193 लाभार्थियों को प्रथम किस्त, दो लाभार्थियों को दूसरी किस्त, 18 लाभार्थियों को तृतीय किस्त तथा 31 लाभार्थियों को चतुर्थ अंतिम किस्त की धनराशि 66 लाख 40 हजार रुपये उनके खाते में भेजे गए। महापौर दीपक बाली ने बताया अभी तक लाभार्थियों को 26 करोड़ 59 लाख रुपये की धनराशि दी जा चुकी है।



काशीपुर में लाभार्थियों को सांकेतिक चेक वितरित करते महापौर व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान महापौर बाली ने सभी लाभार्थियों से पूछा कि उनसे किसी तरह का कोई रुपया तो नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उन्हें शिकायत मिली है, कि कुछ लोग पीएम आवास योजना के आवास दिलवाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और यदि कोई पीड़ित उनके पास आकर शिकायत करता है। तो दोषी को हर हालत में जेल भिजवाया जाएगा। महापौर ने कार्यक्रम में मौजूद पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा से कहा कि वह भी क्षेत्र में देखें कि जो लोग वास्तव में योजना के पात्र हैं उनको लाभ दिलाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि कोई भी व्यक्ति बगैर अपना घर के न रह जाए। कहा कि पीएम आवास योजना में देश के गरीबों को अपनी छत मिल रही है। संचालन कर अधीक्षक अनिरुद्ध गौड़ ने किया। यहां पर राहुल पैगिया, पार्षद विजय बॉबी, एसएनए शालिनी नेगी, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर मोहम्मद जफर, सीएलटीसी तनवीर आलम, मुकेश चावला, अर्जुन सिंह, अब्दुल कादिर, अभिषेक गोयल, पार्षद अनीता कांबोज, शाह आलम, बीना नेगी आदि मौजूद रहे।

### आवासीय योजना के लिए चयन 10 से

**काशीपुर:** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रशिक्षण केंद्र में आगामी 10 और 11 फरवरी को आवासीय और गैर-आवासीय योजनाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया सुबह आठ बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होगी। जिसमें सभी राज्यों के प्रतिभावान खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। केंद्र प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) और ताइक्वांडो जैसे खेलों में खिलाड़ियों को चुना जाएगा। एथलेटिक्स में बालक वर्ग के लिए आवासीय और बालक-बालिका दोनों के लिए गैर-आवासीय सुविधा उपलब्ध है। वहीं बाक्सिंग और ताइक्वांडो के लिए केवल बालक वर्ग के खिलाड़ी ही आवासीय योजना के लिए ट्रायल दे सकेंगे। भारोत्तोलन में केवल बालक वर्ग के लिए आवासीय और गैर-आवासीय दोनों विकल्प खुले हैं। बताया कि चयन के लिए अभ्यर्थियों की आयु 12 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ 4 पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म तिथि प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र और खेल संबंधी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियों के साथ उनकी फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है।

# ओवरलोड ट्राला कार पर पलटा, चालक की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे-74 पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार चालक की जान चली गई। मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के पास तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक भूसे से लदा एक ट्राला अनियंत्रित होकर कार के ऊपर पलट गया। हादसे में ग्राम कनौरा निवासी 30 वर्षीय नाजिम की मौके पर ही दबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार दोराहा चौकी में तैनात एएसआई की थी।


नाजिम (फाइल)।

हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। तीन क्रेन और दो लोडर की मदद से ट्राला हटाकर नाजिम को बाहर निकाला गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है।

सीओ विभव सैनी और कोतवाल नरेश चौहान ने बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त किया है।

### मृतक नाजिम के घर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

**बाजपुर :** हाईवे-74 पर भूसे से लदे ट्राला के नीचे दबकर जान गंवाने वाले ग्राम कनौरा निवासी नाजिम के घर पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। यशपाल आर्य ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए प्रशासन से ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती बरतने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह के बेकाबू वाहन सड़कों पर काल बनकर दौड़ रहे हैं, जिन पर लगाम लगाना आवश्यक है। इस दौरान हाजी अमीर अहमद, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, जिला पंचायत सदस्य फुरकान रजा, कामरान खान, जाहिद हुसैन, यासीन पधान, इब्ने सहूद, शमशाद पेंटर, साजिद हुसैन सहित कई कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# फास्ट फूड विक्रेता ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ग्राम खरमासा में बुधवार शाम फास्ट फूड विक्रेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

मृतक की पहचान ग्राम खरमासा निवासी 20 वर्षीय हरभजन सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हरभजन बुधवार की दोपहर एक शादी समारोह में गया था। वहां से आने के बाद उसने अपनी दुकान भी खोली थी। मृतक के भाई के अनुसार सब कुछ सामान्य था। अचानक देर शाम हरभजन ने अपने कमरे में यह आत्मघाती कदम उठा लिया। उन्होंने बताया कि जब हरभजन बहुत देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं आया, तो दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश किया। वहां देखा तो हरभजन छत पर लगे कुंडे से फांसी लटका हुआ था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतारा और मोर्चरी भिजवाया।

गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मृतक पहले एक स्टोन क्रशर के स्टोर में काम करता था। हाल फिलहाल में उसने अपने घर की दुकान में फास्ट फूड की दुकान खोली थी। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले में अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### बाइक हटाने को लेकर की मारपीट

**काशीपुर:** सड़क पर बाइक लगाकर शराब पी रहे नशेड़ियों से बाइक हटाने को कहने पर उन्होंने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। धनौरी पट्टी, प्रतापपुर निवासी धर्मवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 21 दिसंबर 2025 की रात करीब 7 बजे वह किसी काम से केलामोड़ गया था। वहां अजय, संजय और सुनील शराब पी रहे थे। उन्होंने बाइक को सड़क पर खड़ा किया हुआ था। जब उसने बाइक साइड करने को कहा तो अजय उसके साथ गाली-गलौज करते हुए कहने लगा कि बाइक नहीं हटायेंगे। गाली का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

# अपराध नियंत्रण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

- एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने की पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने देर रात कोतवाली काशीपुर पहुंचकर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सर्किल काशीपुर, जसपुर और बाजपुर के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बुधवार रात बैठक में एसएसपी ने पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा, आगामी त्यौहारों और अपराध


काशीपुर में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसएसपी। ● अमृत विचार

नियंत्रण को लेकर किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निष्पक्ष, त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए, ताकि फरियादी को पुलिस दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। एसएसपी ने कहा कि किसी भी गंभीर अपराध की स्थिति में तत्काल विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) यूनिट को मौके पर बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अपराधियों को न्यायालय से कड़ी सजा दिलाई जा सके। महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एसएसपी ने निर्देश दिए कि ''गौरा शक्ति'' एप का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ ही डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं, विशेषकर महिला अपराधों से संबंधित मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सकारात्मक छवि बनाए रखना प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है।

# यूजीसी के नए नियमों के विरुद्ध निकाली रैली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** यूजीसी के नए नियमों के विरुद्ध काशीपुर में सामाजिक और अन्य संगठनों में रोष नजर आया। यूजीसी बिल हटाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर शहर में विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने रैली निकाली। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रेषित किया।


काशीपुर में यूजीसी के नए नियमों के विरुद्ध रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

बृहस्पतिवार को रैली का नेतृत्व एडवोकेट हरीश कुमार सिंह और संजय चतुर्वेदी ने किया। ज्ञापन में समिति ने आरोप लगाया कि यूजीसी का यह फैसला देश की शैक्षणिक व्यवस्था में गंभीर असंतुलन पैदा करने वाला है। यह निर्णय योग्यता, परिश्रम और समान अवसर की संवैधानिक भावना के विपरीत बताया गया, जिससे शिक्षाविदों, छात्रों और अभिभावकों में भारी रोष है। समिति के अनुसार यह मुद्दा अब राष्ट्रीय मीडिया और सामाजिक मंचों पर भी प्रमुखता से उठ रहा है। संगठन ने चेताया कि इस निर्णय से समाज में असंतोष, असुरक्षा और असमानता की भावना बढ़ रही है, जो राष्ट्रहित के लिए घातक है। विरोध किसी वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सबको समान और न्यायपूर्ण अवसर दिलाने के उद्देश्य से है। मांगों में यूजीसी के निर्णय को तत्काल निरस्त करने, शिक्षाविदों की नई समिति गठित कर जनभावनाओं के अनुरूप नई व्यवस्था लागू करने की बात रखी गई। प्रदर्शन के दौरान पंजाबी सभा, ब्राह्मण सभा, चौहान सभा, बिश्नोई सभा, अग्रवाल सभा, क्षत्रिय महासभा, काशीपुर बार एसोसिएशन, छात्र संघ सहित सवर्ण समाज की अनेक सभाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

इस दौरान डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रोय, वीपी सिंह, गीता चौहान, राजीव घई, संदीप चतुर्वेदी, अरुण चौहान, सुभाष चंद्र शर्मा, आरसी त्रिपाठी, सुरेश चंद्र जोशी, एडवोकेट गिरजेश खुल्बे, उमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### वेतन के लिए रोडवेज कर्मियों में आक्रोश

**काशीपुर:** पिछले तीन माह से वेतन भुगतान न होने पर रोडवेज कर्मियों में आक्रोश है। रोडवेज कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी नेता आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

रोडवेज एम्प्लाइज यूनियन के मंत्री पंकज भटनागर ने बताया कि तीन माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में अब दिन ब दिन इन सभी कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने लगा है। साथ ही कर्मचारियों पर उधारी का बोझ बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों के वेतन का कोई भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते कर्मचारी खासे परेशान हैं। अब तक निगम कर्मचारियों के वेतन के संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# कन्हैया का राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयन


जनजाति समाज के कन्हैया सिंह को सम्मानित करते सामाजिक कार्यकर्ता।

**बाजपुर:** सेवा संकल्प धारणी फाउंडेशन की पहल पर बाजपुर के ग्राम भस्सुवाला हजीरा निवासी कन्हैया सिंह का चयन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए हुआ है। बुक्सा समुदाय की पारंपरिक ढोल वादन कला को जीवित रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उन्हें आगामी 8 फरवरी को देहरादून के परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर समाजसेवी उमा जोशी और भाजपा नेता खेम सिंह दानू सहित क्षेत्रवासियों ने कन्हैया सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल बुक्सा समाज बल्कि पूरी लोककला परंपरा के लिए गौरव का विषय है, जो सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दिलाएगा।

### गौशाला में आग से युवक झुलसा

**बाजपुर:** हरिपुरा जबरन गांव में बुधवार देर रात अज्ञात कारणों से खान सिंह की गौशाला में भीषण आग लग गई।

आग की लपटों में झुलसकर गौशाला का सामान राख हो गया और तीन बकरियां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। अपने मवेशियों को बचाने के प्रयास में खान सिंह का पुत्र कुलदीप सिंह बुरी तरह झुलस गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निर्देश पर कांग्रेस नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। नेताओं ने उपजिलाधिकारी से वार्ता कर पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और अधिकतम मुआवजा दिलाने की मांग की है।


एसडीएम कार्यालय में बाबू को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

### किसानों ने भरी हुंकार, आंदोलन की चेतावनी

**बाजपुर :** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा। किसानों ने गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल करने, धान का बकाया भुगतान जल्द देने और पंजाब की तर्ज पर ट्यूबवेल बिल माफ करने की पुरजोर मांग की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि वर्ग-5 की भूमि से प्रतिबंध नहीं हटा और गन्ना मूल्य में वृद्धि नहीं हुई, तो वे बुवाई बंद कर देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 20 गांवों की भूमि की खरीद-फरोख्त पर रोक से क्षेत्र में भय का माहौल है। मांगे पूरी न होने पर किसानों ने 'आर-पार की लड़ाई' का ऐलान किया है। इस दौरान हरप्रीत सिंह निज्जर, संदीप सिंह, नरेंद्रजीत सिंह, प्रिंस ढिल्लों, हरपिंदर सिंह, राजू समरा सहित कई किसान उपस्थित रहे।

आयोजन

## 20 मजदूरों को बांटे कंबल, टूल किट, पांच पेंशन के फार्म भरे गए

# जन शिविर में 50 फीसदी शिकायतें निपटाईं

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारा के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में शिकायतों की सुनवाई हुई। यहां 80 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें से 40 शिकायतों का अफसरों ने मौके पर निस्तारण किया। बाकी को संबंधित अफसरों को निस्तारित करने के आदेश दिए। शिविर में अतिक्रमण, सड़क, पानी, सफाई, बिजली की समस्याएं मुख्य रहीं।

गुरुवार को मंडी परिसर में लगे शिविर में एसडीएम अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल पहुंचे। शिविर में श्रम विभाग के एलईओ बलराम सिंह ने 20


जसपुर में शिकायतें सुनते एसडीएम और भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

मजदूरों को कंबल-टूल किट बांटे। ग्राम बढ़ियोवाला में राशन न देने की समस्या आई। कैंप में आई एक्सरे एंबुलेंस में किसी का एक्सरे नहीं हो सका। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 से अधिक मरीजों को लाभ पहुंचाया। समाज कल्याण ने 05 लोगों की पेंशन स्वीकृत की। सभासदों ने नगर में श्रम कार्यालय खोलने एवं सीएससी से भरे जा रहे आवेदनों को स्वीकृत न करने की शिकायत की। जिलाध्यक्ष मनोज पाल के कहने पर जल संस्थान चार वार्डों में सबमर्सिबल से पानी की व्यवस्था करेगा। एडवोकेट रवि चौधरी ने नगर में हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने कॉलोनी के पानी की निकासी से उनकी फसल के नुकसान होने की शिकायत की। एसडीएम ने बताया कि समस्याओं के निस्तारण के लिए विभागाध्यक्षों से समीक्षा की जा रही है। सात दिन के भीतर समस्या निस्तारित करने को कहा गया है। इस मौके पर नोडल अफसर शैलेंद्र सिंह, तहसीलदार दलीप सिंह, बीडीओ केके कांडपाल, प्रभारी बीईओ हरिबाबू निरंजन, सीएमएस डॉ. धीरेंद्र गहलोत, एसडीओ सद्दाम अली, एससीडीआई ऊदल सिंह, दीपक कुमार, गौरव चौहान, मुकुल गर्जोला, डॉ. सुधांशु, नरेंद्र रावत, इंदिरा बर्गली आदि मौजूद रहे।


शिक्षक तारा दत्त जोशी एवं शिक्षिका खष्टी बवाड़ी के साथ चयनित मेधावी विद्यार्थी।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में राइंका के 4 छात्र सफल

**बाजपुर :** राजकीय इंटर कॉलेज हरिपुरा हरसान के विद्यार्थियों ने 'एनएनएमएस'' और 'श्रीदेव सुमन' छात्रवृत्ति योजना में शानदार सफलता हासिल की है। कक्षा 8 की छात्रा लक्षिता जोशी का चयन केंद्र सरकार की राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति के लिए हुआ है, जबकि दिवाकर सेन, कशिश और निखिल मेहरा ने राज्य सरकार की श्रीदेव सुमन छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन सफल छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। छात्रों की इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षक तारा दत्त जोशी और शिक्षिका खष्टी बवाड़ी के मार्गदर्शन को दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी और विद्यालय स्टाफ ने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

**ब्रीफ न्यूज**

### अवैध असलहा के साथ एक गिरफ्तार

**बागेश्वर :** पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कपकोट के ग्राम सलिंग उडियार के पास से अभियुक्त हरीश सिंह पुत्र पुष्कर सिंह, निवासी ग्राम सलिंग उडियार थाना कपकोट के कब्जे से एक अदद अवैध असलहा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### अभद्रता और काम में लापरवाही के आरोप में चालक निलंबित

**टनकपुर :** एआरएम ने रोडवेज के टनकपुर डिपो के चालक विनोद पाठक को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। चालक पर काम में हीलाहवाली करने सहित कई आरोप लगाए गए हैं। सहायक मंडलीय प्रबंधक केएस राणा ने बताया कि अभद्रता, काम में लापरवाही, सेवा नियमावली के उल्लंघन के आरोप में चालक विनोद पाठक को चार फरवरी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निलंबित चालक को फिलहाल फोरमैन कार्यालय संबद्ध किया गया है।

# गांवों में खेल मैदान बनाने को लेकर सरकार का फोकस: रेखा आर्या

## सोमेश्वर के गोविंदपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट विजेताओं को किया सम्मानित

- आर्या ने 17 गांवों के युवक मंगल दल को क्रिकेट किट भी बांटी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



सोमेश्वर में गुरुवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमेश्वर के गोविंदपुर में आयोजित मकर संक्राति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया है। गुरुवार को आयोजित फाइनल मुकाबले में मौजूद प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आर्या ने कहा कि प्रदेश में खेल ढांचे का लगातार विस्तार किया जा रहा है और अब दूर दराज की गांव में भी खेल मैदान और मिनी स्टेडियम बनाने पर सरकार का फोकस है। कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति विकसित हो रही है और ऐसे में पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं को खेल को करियर के रूप में अपनाना चाहिए। बताया कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के लिए पदक जीतने पर आउट ऑफ टर्न जॉब और सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर दी है। जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अब अपने करियर को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा आर्या, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, गोपाल खोलिया, अशोक जलाल, राहुल खोलिया, गणेश अधिकारी, हरीश परिहार, गोपाल सती, भुवन फर्त्याल, दीवान नेगी, जानकी, गोपाल राम, त्रिलोक सिंह रावत, भूपाल परिहार, धन सिंह रावत, तारा सिंह परिहार, बिशन सिंह कनवाल आदि मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को बांटी क्रिकेट किट

**अल्मोड़ा :** सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कंडारकुआं मंडल में दीपाधार मंदिर प्रांगण में आसपास के 17 गांवों के युवक मंगल दल एवं क्रिकेट खेलने वाले युवाओं को क्रिकेट किट वितरित की गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि युवा जब खेलकूद की गतिविधियों से जुड़ते हैं तो इससे न केवल नई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, बल्कि युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास भी बेहतर होता है।

## नीरज बने भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष



**अल्मोड़ाः** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नगर मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दी हैं। पार्टी जिला अध्यक्ष महेश नयाल की संस्तुति पर नीरज सांगा को मोर्चा का अल्मोड़ा नगर अध्यक्ष बनाया गया हैं।

पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा नीरज सांगा की सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। इनको जिम्मेदारी मिलने पर जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी, भाजपा महा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भरत भूषण, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट, हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट आदि कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

# मानव श्रृंखला बनाकर एक देश एक चुनाव का समर्थन




अल्मोड़ा में मानव श्रृंखला बनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

- सरकार से एक देश एक चुनाव को लागू करने की मांग की
- नगर के चौघानपाटा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में गुरुवार को भाजपाईयों ने मानव श्रृंखला बनाकर एक देश एक चुनाव का समर्थन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार से इसे लागू करने की अपील की।

नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को यह संदेश देना था कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के विकास में बाधा बनते हैं, जबकि एक देश, एक चुनाव से संसाधनों की बचत होगी। प्रशासनिक स्थिरता आएगी और लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनेगा। इस मौके पर यहां जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी, जिला पंचायत सदस्य प्रेम लटवाल, जगत भट्ट, कैलाश गुरुरानी,रवि रौतेला, मोहित बिष्ट, अभिषेक जोशी, आनंद डंगवाल, दिव्या जोशी, प्रमोद पवार, रोहित शर्मा, त्रिलोक रौतेला, अभिषेक तिवारी, शंकर बिष्ट, दरवान सिंह नेगी, गौरव भंडारी, नमन गुरुरानी आदि मौजूद रहे।

# निगम प्रबंधन पर लगाया आरोप

**संवाददाता, टनकपुर**



सीएम कैंप कार्यालय के माध्यम से ज्ञापन देते रोडवेज कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की डिपो कार्यालय में आयोजित बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई। नियमित रूप से ड्यूटी न मिलने और कर्मचारियों का शोषण, बसों की समस्या, वर्कशाप में स्पेयर पार्ट्स, मोबिल आयल की अनुपलब्धता पर नाराजगी जताते हुए 12 फरवरी से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी गई।

कहा कि निगम प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। सहायक महाप्रबंधक कार्यालय ने यूनियन पदाधिकारी एवं सदस्य हरीश जोशी, नीरज सिंह, रवि शर्मा का स्थानांतरण और नियमित कर्मचारी विनोद पाठक का निलंबन इसका जीता जागता उदाहरण है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सात फरवरी को यूनियन का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर अपनी समस्या बताएंगे। टनकपुर में कर्मचारी नेता नीरज सिंह, रवि शर्मा, हरीश जोशी के विरुद्ध हो रहे शोषण का मामला भी रखा जाएगा। कहा कि टनकपुर मंडल में काफी अधिक भ्रष्टाचार व्याप्त है। सहायक महाप्रबंधक तथा मंडलीय प्रबंधक लगातार कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। बैठक में चालक विनोद पाठक का निलंबन तत्काल वापस लेने की मांग की गई। बैठक में प्रवीण जोशी, हरीश जोशी, शेर सिंह बिष्ट, रवि शर्मा, विनोद पाठक, विकाश बहादुर, धीरज फर्त्याल आदि मौजूद थे। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर टनकपुर डिपो में व्याप्त मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई।

# स्कूटी खड़ी पिकप से टकराई, एक की मौत

- स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचारः** थाना बैजनाथ अंतर्गत टीट बाजार में बुधवार की देर रात्रि एक स्कूटी खड़ी पिकप से टकरा गई जिससे स्कूटी में बैठा नेपाली मजदूर की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि बूंगा निवासी प्रमोद सिंह परिहार पुत्र प्रकाश सिंह परिहार स्कूटी संख्या यूके- 02 बी- 3634 लेकर जा रहे थे तभी टीट बाजार में स्कूटी अनियंत्रित होकर वहां खड़ी पिकप में टकरा गई। इसकी जानकारी होते ही नजदीक का एक युवक वहां पहुंचा परंतु अकेले होने के कारण व दुर्घटना देखकर वह स्तब्ध हो गया उसने मदद के लिए आसपास के लोगों को आवाज दी व वहां से गुजर रहे युवकों को रोका तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट वहां पहुंचे व घटना स्थल का दौरा किया व युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ पहुंचाया।

पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भयंकर थी कि स्कूटी सवार व गरूड़ में मजदूरी का कार्य करने वाले नेपाली निवासा 32 वर्षीय तेजू बूढ़ा की मौत हो गई। शुक्रवार को नेपाली मजदूर के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# भाजपाइयों ने राहुल का पुतला फूंका

- आपत्तिजनक बयान पर भड़के अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता
- राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की उठाई मांग

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सिख समुदाय पर आपत्तिजनक बयान को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान जमकर नारेबाजी कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात कहीं।

इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रजा अली अंसारी ने राहुल गांधी के बयान को अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और समाज को तोड़ने वाला बताया। कहा कि सिखों को गद्दार कहना केवल एक समुदाय नहीं, बल्कि पूरे अल्पसंख्यक समाज का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भाषा कांग्रेस की मानसिकता को उजागर करती है और यह देश की एकता व अखंडता पर सीधा प्रहार है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सिख समाज का इतिहास बलिदान, देशभक्ति और राष्ट्र रक्षा से भरा हुआ है और ऐसे समाज पर इस तरह की टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग उठाई। यहां पुतला फूंकने वालों में हाजी इस्लाम बख्श, मोहम्मद मुदस्सर, शाहनवाज वारसी, तहसीम अंसारी, मोहम्मद मुस्तकीम मलिक, अकबर खान, एहसान अंसारी, इमरान, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद चांद, मोहम्मद मेराज, प्रेम लटवाल, आनंद कनवाल आदि मौजूद रहे।



लोहाघाट में हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर निकली बाइक रैली। ● अमृत विचार

### हिन्दू सम्मेलन के तहत निकाली बाइक रैली

**लोहाघाट, अमृत विचार :** नगर में सकल हिन्दू समाज की ओर से विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बाइक रैली निकाली। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। गुरुवार को कार्यक्रम संयोजन देवेन्द्र बोहरा और सह संयोजक विवेक पुजारी के नेतृत्व में शिशु मंदिर, मीना बाजार, शीतला माता मंदिर, स्टेशन बाजार, पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड, चांदमारी, जयंती भवन फिर शिशु मंदिर में समापन हुआ। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को रामलीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि महंत स्वामी धर्मराजानंदपुरी महाराज और महामंडलेश्वर श्रीश्री 108 हेमंतानंद पशुपति महाराज होंगे। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने बाइक रैली में प्रतिभाग किया। इस मौके पर विभाग प्रचारक जितेन्द्र, नगर प्रचारक अर्जुन माहरा, जगदीश ओली, अमित जुकरिया, पियुष ढेक, सतीश माहरा, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सचिन जोशी, निर्मल माहरा, गिरीश कुंवर, शिखर वर्मा, दीपक देव, अजय बिष्ट, अमित साह, योगेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार हितों में काम करने की ली शपथ

**संवाददाता, चम्पावत**



चम्पावत में पत्रकार संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला मुख्यालय में पिछले वर्ष17 नवंबर को हुए चम्पावत जिला पत्रकार एसोसिएशन के चुनाव के बाद नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो गया । जिसमें सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए पत्रकार हितों में कार्य करने का संकल्प दिया गया।

मुख्य अतिथि एबीसी अल्मामेटर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक व समाजसेवी डॉ. मदन सिंह महर की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ मदन महर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष चंद्रबल्लभ ओली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र चन्द देवा, उपाध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हयात राम, महामंत्री गिरीश सिंह बिष्ट, सचिव शुभम गौड़, कोषाध्यक्ष दिनेश भट्ट और संयुक्त सचिव मोहम्मद नवी अंसारी को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी ने कहा कि चम्पावत जनपद को मॉडल जिले के रूप विकसित करने की जो मुख्यमंत्री की परिकल्पना है उसके सापेक्ष पत्रकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने कहा कि मीडिया के सहयोग से न केवल सजग करते हैं, बल्कि खामियों को दूर करने का जरिया भी बनते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री गिरीश बिष्ट और सतीश जोशी सत्तू ने किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मोहन राजपूत,चंद्र शेखर जोशी, राजेश देउपा, गणेश दत्त पांडेय, पंकज पाठक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष महेश चौड़ाकोटी, राज्य आंदोलनकारी मंदीप ढेक आदि ने भी विचार रखे।

## सड़क सुरक्षा में की सहयोग की अपील

**टनकपुर :** एसपी अजय गणपति के निर्देश पर यातायात निरीक्षक ज्योति प्रकाश ने राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज टनकपुर में 150 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक सिग्नल, सड़क चिन्हों एवं सुरक्षित वाहन संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने ओवरस्पीड से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने, सही लेन में वाहन चलाने, ध्यान भंग करने वाली गतिविधियों से बचने, सड़क संकेतों का पालन करने, दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए राहवीर व नेक व्यक्ति योजना की जानकारी देने की अपील की।

# गंगाजल लेने कावड़ियों का दल हरिद्वार रवाना



ताड़ीखेत से गंगाजल लेने के लिए जाते कावेड़िए। ● अमृत विचार

**सवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचारः** ताड़ीखेत स्थित गोल्ज्यू मंदिर से 25 कावड़ियों का दल गंगाजल लेने के लिए यहां से रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पहले विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसमें भारी संख्या में स्थानीय भक्तिजन मौजूद रहे। यात्रा में बहादुर सिंह रावत, दिनेश उपाध्याय, अनिल जोशी, प्रताप नेगी, उत्तम रावत, मंगल अधिकारी, गौरव रावत, दर्शन, जगदीश, हिमांशु फर्त्याल, गोपाल सिंह, हरीश सिंह, पूरन सिंह, भारत बिष्ट आदि मौजूद रहे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख धन सिंह रावत ने सभी कावड़ियों को माल्यार्पण कर कंबल भेंट किए।

**पहल** — प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 92 प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

# जालेख से भरी उड़ान, केदारेश्वर मैदान में की लैंडिंग

**संवाददाता, बागेश्वर**



पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विधायक, जिलाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार :** जनपद में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के तहत कपकोट क्षेत्र में पांच दिवसीय राष्ट्रीय एक्युरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। केदारेश्वर मैदान में क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया एवं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने जालेख से उड़ान भरकर केदारेश्वर मैदान में लैंडिंग की। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 92 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता के पहले दिन 30 प्रतिभागियों ने अपने कौशल और साहस का प्रदर्शन करते हुए उड़ानें भरीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि देशभर से पैराग्लाइडर्स का जनपद में आगमन गर्व की बात है। उन्होंने आयोजकों एवं प्रशासनिक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद में साहसिक पर्यटन को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से पर्यटन गतिविधियों, स्थानीय अर्थव्यवस्था तथा समग्र विकास को गति मिलती है, साथ ही युवा वर्ग को नए अवसर एवं प्रेरणा प्राप्त होती है।विधायक गड़िया ने कहा कि कपकोट में राष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उत्तराखंड विश्व पटल पर पर्यटन के लिए विशेष पहचान रखता है। पर्यटन को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ट्रैक रूटों, रेस्ट कैंपों एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह विष्ट ने कहा कि जनपद की प्राकृतिक सुंदरता और पर्वतीय भू-परिदृश्य पैराग्लाइडिंग जैसे साहसिक खेलों के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1,00,000, द्वितीय स्थान को 50,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 30,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, ब्लॉक प्रमुख भावना साही, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभा गड़िया, मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, उप जिलाधिकारी अनिल चन्याल, पर्यटन अधिकारी पी.के. गौतम सहित आदि लोग मौजूद रहे।



एसएसबी परिसर में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में मौजूद डॉक्टर व अधिकारी।

### एसएसबी जवानों ने चिकित्सा शिविर लगाया

**सितारगंज, अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस पर एसएसबी जवानों ने जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें जवानों को कैंसर रोग के लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक जांच और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। बुधवार को कमान अधिकारी दीपक सिंह जायाडा के नेतृत्व में द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) डॉ. बीबी सिंह की उपस्थिति में हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल की डॉ. पूनम बिष्ट ने शिविर का संचालन किया। शिविर में कर्मियों एवं जवानों के परिवारों की महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान चिकित्सकों ने कैंसर रोग के लक्षणों की पहचान, प्रारंभिक जांच, रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। साथ ही, स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अनिवार्यता पर जोर दिया। इधर, डॉ. बीबी सिंह ने इसे नारी सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।

## लैब केमिस्ट की तबियत बिगड़ी, मौत

**जसपुरः** स्थानीय एक फैक्ट्री में कार्यरत लैब कैमिस्ट की ड्यूटी पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मामले की सूचना पुलिस एवं कर्मी के परिजनों को दी गई।

यूपी के जिला बिजनौर स्थित ग्राम दहलावाला एवं हाल में वैशाली कॉलोनी निवासी मुनीश चौहान (46 वर्ष) पुत्र पीयूष चौहान भूतपुरी रोड स्थित एक फैक्ट्री में लैब कैमिस्ट के पद पर कार्यरत था। बताते है कि गुरुवार की सुबह छह बजे वह रोजाना की तरह ड्यूटी पहुंचा ही था कि उसकी तबियत खराब होने से उसकी मौत हो गई। हृदय गति रुकने से उसकी मौत की संभावना व्यक्त की जा रही है। घटना की जानकारी मिल प्रबंधन ने कर्मी के परिजनों को दी।



कमजोर लोग हमेशा न्याय और समानता के लिए चिंतित रहते हैं। बलवान लोग इन दोनों की परवाह नहीं करते।
-अरस्तू, दार्शनिक



## आयोग पर अभियोग

मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। यदि उसमें त्रुटि या पक्षपात का संदेह पैदा हो जाए, तो चुनाव की निष्पक्षता पर ही प्रश्न चिह्न लग जाता है। मुद्दा किसी एक राज्य या दल का नहीं, बल्कि मताधिकार की पवित्रता का है। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सवालों को दलगत राजनीति से इतर गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

सामान्यतः गहन पुनरीक्षण एक जटिल प्रशासनिक कार्य है, जिसमें घर-घर सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और आपत्तियों के निस्तारण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसे त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने में लंबा समय लगता है। यदि दो वर्ष में होने वाला कार्य तीन महीने में समेटा जा रहा है, तो स्वाभाविक है कि जल्दबाजी से त्रुटियों की आशंका बढ़ेगी। चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि किन तकनीकी साधनों या अतिरिक्त संसाधनों के आधार पर वह इतनी तेज गति से यह काम कर रहा है। केवल पश्चिम बंगाल में ही सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जैसी अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था समानता के सिद्धांत पर प्रश्न उठाता है। यदि आयोग के पास इसके लिए पूर्व में शिकायतों का इतिहास या उच्च जोखिम वाले क्षेत्र जैसे कारण हैं, तो वह उन्हें सार्वजनिक करे। 58 लाख से अधिक नामों का हटाया जाना अत्यंत गंभीर तथ्य है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए है या बड़े पैमाने पर बहिष्करण का। आयोग का दायित्व केवल 'डुप्लीकेट हटाना' नहीं, बल्कि 'वास्तविक मतदाता को शामिल रखना' भी है। समावेशन और शुद्धिकरण के बीच संतुलन ही लोकतांत्रिक मर्यादा है। लैंगिक भेदभाव या विशेष समुदायों के नाम अधिक हटने के आरोपों की स्वतंत्र ऑडिट से जांच होनी चाहिए। विवाहित महिलाओं के नाम केवल उपनाम परिवर्तन के कारण हटने के मामलों में स्व-घोषणा और सरल सत्यापन पर्याप्त होना चाहिए। नामों की गलत वर्तनी या तकनीकी त्रुटियों के कारण नाम हटना भी चिंताजनक है। आयोग को डिजिटल डेटाबेस में सुधार, स्थानीय स्तर पर त्वरित सुधार शिविर और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आधार को एक वैकल्पिक पहचान के रूप में स्वीकार किया है, उसे न मानना आदेश की अवमानना की श्रेणी में आ सकता है। आयोग को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा नोटिस जारी किया जाना इस पूरे विवाद को संवैधानिक आयाम देता है।

यदि 'तार्किक विसंगतियों' की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, तो अदालत निश्चित रूप से स्पष्टीकरण मांग सकती है। चुनाव आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र की आधारशिला है। उस पर 'सरकारी प्रश्रय' का आरोप तभी कमजोर होगा जब वह पारदर्शी, समान और तर्कसंगत आचरण प्रदर्शित करे। अंततः सर्वोच्च न्यायालय का कथन स्मरणीय है कि हर समस्या का समाधान संभव है। पर समाधान तभी संभव होगा, जब प्रक्रिया का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को बाहर करना नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिक को शामिल करना हो।

### प्रसंगवश

## चूल्हे से चांद तक महिलाओं की बदलती पहचान

रसोई की दीवारें केवल ईंट-सीमेंट की बनी हुई संरचना नहीं होतीं, वे उस सामाजिक सोच की मूक प्रतीक हैं, जिसने सदियों से महिलाओं की दुनिया को सीमाओं में बांध दिया। इन दीवारों के भीतर सिर्फ़ भोजन नहीं पकता, बल्कि अनगिनत सपने भी धीमी आंच पर सुलगते रहते हैं। यहां हर दिन समझौते होते हैं- खुद से, अपनी इच्छाओं से, अपनी पहचान से। बाहर की दुनिया तेज़ी से बदल रही है, पर इन दीवारों के भीतर आज भी वही पुरानी अपेक्षाएं गूंजती हैं। फिर भी, इन्हीं सीमाओं के बीच एक दृढ़ आवाज़ जन्म लेती है- मैं इससे अधिक हूं और इससे आगे जा सकती हूं।

भारतीय समाज में महिला को अक्सर त्याग और सहनशीलता की प्रतिमा बना दिया गया है। उसकी सफलता इस कसौटी पर परखी जाती है कि उसने परिवार के लिए कितना त्याग किया, न कि उसने अपने लिए क्या हासिल किया। बचपन से उसे सिखाया जाता है कि सपने देखना ठीक है, पर उन्हें सीमाओं में रखना ज़रूरी है। धीरे-धीरे वह भी मान लेती है कि उसकी ज़िंदगी की प्राथमिकता हमेशा दूसरे होंगे। फिर भी, उसके मन के किसी कोने में उसकी इच्छाएं जीवित रहती हैं- शांत, धैर्यवान और अपने सही समय की प्रतीक्षा करती हुई।



कृति जैन
लेखिका

आज की महिला एक साथ कई भूमिकाएं निभा रही है। वह मां है, पत्नी है, बहू है, लेकिन इन सबसे पहले वह एक संपूर्ण इंसान है, जिसके अपने सपने और आकांक्षाएं हैं। दिन भर वह घर की ज़िम्मेदारियों में उलझी रहती है, पर रात के सन्नाटे में उसका मन जाग उठता है। तब वह किताब खोलती है, ऑनलाइन कक्षाओं में समय लगाती है या अपने भविष्य की नई तस्वीर गढ़ती है। समाज भले ही उसकी इस कोशिश को अनदेखा करे, लेकिन उसके भीतर आत्मनिर्भर बनने की आग हर दिन और प्रखर होती जाती है।

कई बार महिलाओं के सपने उसी रसोई से आकार लेते हैं, जहां कभी उन्हें सीमित कर दिया गया था। वर्षों तक स्वाद और मेहनत से खाना बनाने वाली महिला एक दिन समझ पाती है कि यही उसका हुनर है। वह अपने काम को घर की चारदीवारी से बाहर लाने का साहस जुटाती है। शुरुआत में ताने मिलते हैं, शक किया जाता है, लेकिन वह पीछे नहीं हटती। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसका हुनर उसकी पहचान बन जाता है। यह बदलाव सिर्फ़ कमाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव रख देता है।

यह सफ़र आसान नहीं होता। समय की कमी, शारीरिक थकान, परिवार की अपेक्षाएं और समाज की आलोचना, हर मोड़ पर नई बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। कई बार महिलाओं को यह महसूस कराया जाता है कि उनका आगे बढ़ना घर के संतुलन को बिगाड़ देगा। अपराधबोध चुपचाप उनके मन में जगह बना लेता है। फिर भी कुछ महिलाएं इन दबावों के बावजूद आगे बढ़ती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि उनका सपना किसी का नुकसान नहीं करता, बल्कि दूसरों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संघर्ष की इस राह पर महिलाएं कई बार गिरती हैं, लेकिन हर बार थोड़ा और सशक्त होकर उठती हैं। वे समझ जाती हैं कि सफलता का अर्थ पूर्णता नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और धैर्य है। उनके चेहरे पर थकान साफ़ दिखती है, पर आंखों में संतोष की रोशनी होती है। वे जानती हैं कि यह लड़ाई सिर्फ़ उनकी नहीं है, वे उन अनगिनत महिलाओं के लिए रास्ता बना रही हैं, जो अभी खामोश हैं, लेकिन सपने देखना नहीं छोड़ा है।

## नेपालः युवा बदल सकते हैं चुनाव नतीजों की तस्वीर





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग है। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है।

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की दृष्टि से जरूर देख रहे हैं।

नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है, लेकिन इसका भी कोई क्लियर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है, लेकिन समस्याएं जस की तस हैं। बेरोजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है, परिणाम चौंकाने वाला हो, लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहे हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल मं काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे, हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के भरोसे है। वालेन शाह जब काठमांडू के मेयर थे, तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी-कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनकी राजनीति का केंद्र बिंदु यही है, तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है।

यह चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'हामी नेपाल' के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें, तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थके यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी।

आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमेकर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं, तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा, जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसायी द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाड़ी को लेकर वे सुर्खियों में थे। अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

नेपाल के चुनाव में इस बार 'मधेश' मुद्दा गायब है, लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी हैं। ये लोग खुद को भारत के करीब महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों।

लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सका।

### आमने सामने



जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में आते हैं तो मैं यह पुस्तक उन्हें भेंट करूंगा।
-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

राहुल गांधी के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने और चर्चा बटोरने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। सेना और शहीदों का सम्मान पूरे देश के लिए सर्वोपरि है। इस तरह की बयानबाजी से देश की छवि को नुकसान पहुंचाती है।
-देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



## जरूरी है बच्चों की परवरिश पर भी हो चिंतन



डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

एक ही परिवार की तीन बच्चियों ने नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है।

एक ही परिवार की 12, 14 और 16 साल की तीन बच्चियों ने रात के दो बजे, ग़ाज़ियाबाद की एक ऊंची इमारत की नौवीं मंज़िल से छलांग लगा दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है। यह घटना सिर्फ़ एक परिवार का निजी शोक नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी की घंटी है। यह हमें बताती है कि जिस तकनीक को हमने सुविधा, प्रगति और सुरक्षा का प्रतीक मान लिया, वही तकनीक जब बिना निगरानी और संवेदनशील समझ के बच्चों के हाथ में पहुंचे, तो वह उनके मन, रिश्तों और जीवन पर चुपचाप कब्ज़ा कर सकती है।

कोविड काल से हुए बड़े बदलावों में एक यह भी है कि बड़ी तादाद में बच्चों की दुनिया सिमटकर मोबाइल स्क्रीन पर आ गई और बच्चों को मोबाइल दिया जाना भी न्यू नॉर्मल हो गया। पढ़ाई ऑनलाइन हुई, दोस्ती वर्चुअल हुई, खेल डिजिटल हुए और अकेलापन सामान्य हो गया। माता–पिता को यह एक सुरक्षित विकल्प लगा कि बच्चा घर के भीतर है, बाहर की बुरी संगत से दूर है। पर हम यह भूल गए कि आज की बुरी संगत गलियों में नहीं, ऐप्स में घूमती है। कई ऑनलाइन गेम, फैनडम और वर्चुअल कम्युनिटी बच्चों को एक समानांतर पहचान का भ्रम देती हैं, जहां वे अपने वास्तविक जीवन की परेशानियों से भागकर एक काल्पनिक दुनिया में शरण लेते हैं। यह शरण शुरू में मनोरंजन लगती है, फिर आदत बनती है और अंततः मानसिक निर्भरता में बदल जाती है। इसके बाद 'लेवल', 'टास्क' और 'चैलेंज' जैसे शब्द बच्चों के मन पर ऐसा दबाव बनाते हैं कि वे वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और खतरे के बोध से कटने लगते हैं। यही वह बिंदु है, जहां खेल मनोरंजन नहीं रहता, बल्कि मानसिक नियंत्रण का औज़ार बन जाता है।

यह समस्या किसी एक देश, किसी एक गेम या किसी एक ट्रेंड तक सीमित नहीं है। कुछ समय पहले भी ऐसे जानलेवा गेम और ऐप्स चर्चाओं में रह चुके हैं- प्रतिबंधित हो चुके हैं, आज कोरियन गेम चर्चा में है, कल कोई और होगा, पर खतरे का ढांचा वही अकेलापन, स्क्रीन पर बढ़ता समय, नींद और दिनचर्या का टूटना, परिवार से संवाद का खत्म होना और धीरे–धीरे मनोवैज्ञानिक असंतुलन। इसके बावजूद तमाम परिवारों में अभिभावकों का सबसे बड़ा भ्रम यही है कि 'मेरे बच्चे के साथ ऐसा नहीं हो सकता।' अभिभावक मान लेते हैं कि उनका बच्चा समझदार है, अच्छे स्कूल में पढ़ता है, या सिर्फ़ कुछेक रील देखता है-गेम खेलता है। यही आत्मसंतोष बच्चों को सबसे असुरक्षित स्थिति में धकेल देता है। सच्चाई यह है कि डिजिटल दुनिया में कोई बच्चा पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। न उसकी बुद्धिमत्ता, न उसकी सामाजिक हैसियत और न ही पारिवारिक अनुशासन उसे स्वतः सुरक्षित बनाता है।

इस संकट का समाधान भावनात्मक प्रतिक्रियाओं या घटना बीत जाने के बाद की बहसों में नहीं है। समाधान घर के भीतर नीति बनाने में है। मोबाइल और इंटरनेट को बच्चों के लिए 'असीम आज़ादी' की तरह नहीं, बल्कि नियंत्रित संसाधन की तरह देखना होगा। छोटे बच्चों को व्यक्तिगत स्मार्टफोन देने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार ज़रूरी है। रात के समय बच्चों के कमरे में मोबाइल का न होना, सभी डिजिटल उपकरणों का एक साझा स्थान पर रखा जाना, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए अलग–अलग समय सीमा तय करना, ये कोई कठोर कदम नहीं, बल्कि न्यूनतम सुरक्षा मानक हैं। बच्चे विरोध करेंगे, नाराज़ होंगे, लेकिन माता–पिता को यह समझना होगा कि अस्थायी असहमति स्थायी सुरक्षा की कीमत है।

तकनीकी नियंत्रण भी अब विकल्प नहीं, जिम्मेदारी है। पैरेंटल कंट्रोल, स्क्रीन टाइम लिमिट, कंटेंट फ़िल्टर और सुरक्षित ब्राउज़िंग जैसे उपाय केवल सेटिंग नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा की बुनियादी संरचना हैं। जिस तरह हम बच्चों को सड़क पार करना सिखाते हैं, वैसे ही उन्हें ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहना भी सिखाना होगा। यह निगरानी अविश्वास का प्रतीक नहीं है, बल्कि संरक्षण का आधुनिक रूप है, लेकिन तकनीक से भी बड़ा हथियार संवाद है। माता–पिता और बच्चों के बीच रोज़मर्रा की बातचीत, बिना स्क्रीन के साथ बिताया गया समय, उनके ऑनलाइन व्यवहार को समझने की ईमानदार कोशिश, यही वह भावनात्मक पुल है जो बच्चों को आभासी दुनिया में डूबने से बचाता है। यदि बच्चा अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, नींद कम हो जाए, पढ़ाई या सामाजिक गतिविधियों से कटने लगे, तो इसे उम्र का असर कहकर नज़रअंदाज़ करना खतरनाक हो सकता है। यह मानसिक स्वास्थ्य संकट का शुरुआती संकेत भी हो सकता है और समय रहते मदद लेना शर्म नहीं, समझदारी है।

बिना निगरानी और सीमाओं के दिया गया मोबाइल बच्चों के हाथ में खिलौना नहीं, जोखिम का साधन बन सकता है। यहां मुद्दा डिजिटल हो चुकी दुनिया के साथ रफ्तार बनाए रखने का नहीं है, सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को इस दुनिया के लिए मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से तैयार कर रहे हैं?

### सोशल फोरम

## अरिजीत सिंह का संन्यास

अरिजीत सिंह शानदार गायक और शानदार शख़्स हैं, वरना किसकी हिम्मत कि 39 की उम्र में एलान कर दिया कि अब फिल्मों में प्लेबैक सिंगिंग नहीं करूंगा। वह भी तब, जब वे अपने पार्श्वगायन में टॉप पर हैं। अरिजीत सिंह भारत के सबसे बड़े म्यूजिकल आइकन हैं और ग्लोबली स्पॉटिफाई पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फॉलो किए जाने वाले आर्टिस्ट हैं। सबसे ज्यादा फॉलोअर्स 17 करोड़ 22 लाख से ज्यादा उन्हीं के हैं। लगातार सात साल (2019-2025) स्पॉटिफाई के सबसे ज्यादा स्ट्रीम्ड आर्टिस्ट रहे।



डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
ब्लॉगर

कामयाब तो बहुतेरे होते हैं, पर शिखर पर होते हुए शिखर को छोड़ने का एलान करने के लिए गहरी सोच, समझ, हिम्मत और तजुर्बा चाहिए। अरिजीत ने कहा है कि वे संगीत जगत में बने रहेंगे। गायन जारी रहेगा, केवल फिल्मों के लिए, किसी हीरो को अब अपनी आवाज़ नहीं देंगे। मुझे कुछ अलग म्यूजिक करना है, ताकि मैं जी सकूं। मैं कई दूसरे सिंगर्स को सुनना चाहता हूं, जो मुझे असली मोटिवेशन दें।

बलिहारी है अरिजीत।

अरिजीत ने साफ किया कि मैं बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं... तो सच यही है कि मैं बोर हो गया था। मैं इंडियन क्लासिकल म्यूजिक में वापस जाना चाहता हूं। मैं अपनी खुद का म्यूजिक बनाना चाहता हूं और स्टार्ट अगेन चाहता हूं। अब अरिजीत लाइव कॉन्सर्ट्स, इंडिपेंडेंट म्यूजिक और अपने क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स पर फोकस करेंगे। उन्होंने ये भी क्लियर किया कि कुछ पुराने कमिटमेंट्स पूरे करेंगे, तो 2026 में कुछ रिलीज़ अभी भी हो सकती हैं। कई इसे उनकी सादगी और क्रिएटिव फ्रीडम की मिसाल मान रहे हैं। अरिजीत 36 साल से गा रहे हैं। केवल तीन साल की उम्र से उन्होंने गाना शुरू किया था। नौ साल की उम्र में उन्हें सरकार की तरफ से क्लासिकल वोकल्स के लिए स्कॉलरशिप भी मिली थी। उनकी मां तबला बजाती और गाती थीं, जिससे उनका संगीत का सफर शुरू हुआ।

2005 में फेम गुरुकुल में हिस्सा लिया, टॉप सिक्स तक पहुंचे, लेकिन ऑडियंस वोटिंग से बाहर हो गए। कई लोग यहीं रुक जाते, लेकिन अरिजीत ने हार नहीं मानी और मेहनत की। अरिजीत सिर्फ गायक नहीं, वो अच्छे तबला वादक हैं, गिटार और पियानो भी बजाते हैं और म्यूजिक प्रोडक्शन भी करते हैं। मल्टी-टैलेंटेड होना उनकी आवाज़ की गहराई का राज है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## दिव्यांगता और समावेशन का अधूरा सपना

भारत में दिव्यांग महिलाओं की स्थिति को केवल स्वास्थ्य, सहायता या कल्याण की समस्या के रूप में देखना एक गंभीर भूल होगी। यह मूलतः सत्ता, संसाधनों, अवसरों और निर्णय-प्रक्रियाओं तक असमान पहुंच की समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन जी रही है। भारत में जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2.7 करोड़ लोग दिव्यांग हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। इसके बावजूद नीति-निर्माण, योजनाओं और सामाजिक विमर्श में उनकी उपस्थिति अत्यंत सीमित बनी हुई है। वे सरकारी रिपोर्टों में दर्ज तो होती हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) और जनगणना के आंकड़े भी यह संकेत देते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में दिव्यांग महिलाओं की भागीदारी अभी भी बहुत कम है।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

दिव्यांग महिला का जीवन तीन स्तरों पर नियंत्रित होता है घर, समाज और व्यवस्था। घर के भीतर पिता, भाई और पति स्वयं को 'संरक्षक' मानते हुए उसकी हर पसंद पर अधिकार जताते हैं। निर्णय-प्रक्रियाओं पर पुरुषों का वर्चस्व आज भी बना हुआ है। समाज उसे 'कमज़ोर' और 'निर्भर' मानकर हाशिये पर रख देता है और व्यवस्था उसे प्राथमिकता सूची के अंत में पहुंचा देती है। इन तीनों स्तरों पर पितृसत्तात्मक शक्ति-संबंध उसके जीवन की दिशा तय करते हैं।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, एनसीपीईडीपी, यूएन वीमेन इंडिया और सामाजिक शोधकर्ता अनीता घई के अध्ययन बताते हैं कि कई परिवारों में बेटियों को चाहे वे दिव्यांग हों या न हों, आर्थिक निर्णयों और संपत्ति से जुड़े मामलों में पूरी भागीदारी नहीं मिलती, लेकिन जब बेटी दिव्यांग होती है, तो यह उपेक्षा और गहरी हो जाती है। उसे अक्सर 'दीर्घकालिक आश्रित' मान लिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह भविष्य में परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी नहीं उठा पाएगी। इसी सोच के कारण उसकी शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता पर पर्याप्त निवेश नहीं किया जाता। धीरे-धीरे उसे आर्थिक रूप से निर्भर बना दिया जाता है। विवाह को ही उसका 'सुरक्षित भविष्य' मान लिया जाता है और कई बार यह निर्णय उसकी इच्छा और सहमति के बिना होता है।

उसकी आवाजाही पर भी नियंत्रण रहता है। कहां जाएगी, किससे मिलेगी, कब बाहर निकलेगी? इन सब पर परिवार का अधिकार माना जाता है। 'इज़्ज़त', 'सुरक्षा' और 'देखभाल' के नाम पर यह नियंत्रण जीवनभर चलता रहता है। यह नियंत्रण उसके आत्मविश्वास और सामाजिक विकास को सीमित कर देता है। सवाल यह है, क्या हम सच में सुनते हैं कि वह क्या चाहती है?

यौनिक स्वायत्तता और प्रजनन अधिकार भी इसी नियंत्रण संरचना का हिस्सा बन जाते हैं। अनेक महिलाओं के लिए गर्भनिरोध, गर्भधारण या नसबंदी उनके स्वयं के निर्णय नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें बताती हैं कि कई मामलों में दिव्यांग महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े फैसलों में स्वतंत्र भूमिका नहीं मिलती। डॉक्टर भी अक्सर महिला से सीधे बात करने के बजाय परिवार से संवाद करना अधिक सुरक्षित समझते हैं। यह स्थिति महिला की इच्छा, सहमति और गरिमा को कमजोर करती है।

हम अक्सर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग ऐसे करते हैं, जैसे यह एक समान स्थिति हो, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता, मनोसामाजिक दिव्यांगता, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी महिलाओं की ज़रूरतें, क्षमताएं और चुनौतियां अलग-अलग होती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# यूरेका

## खोज



# ऐसे हुई गर्म हवा के गुब्बारे की खोज

मानव की उड़ने की इच्छा जितनी पुरानी है, उतनी ही रोमांचक है गर्म हवा के गुब्बारे की कहानी। इस सपने को पहली बार वास्तविकता में बदलने का श्रेय 18 वीं शताब्दी के फ्रांस के दो भाइयों– जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर को जाता है। कागज बनाने के व्यवसाय से जुड़े ये भाई आकाश में उड़ते बादलों और धुएं को देखकर अक्सर सोचते थे कि क्या हवा की मदद से कोई वस्तु ऊपर उठ सकती है। एक दिन जोजेफ ने आग के ऊपर उठते धुएं को देखा और महसूस किया कि गर्म हवा में कोई "उठाने की शक्ति" है। इसी विचार ने उन्हें प्रयोग के लिए प्रेरित किया। 1783 में उन्होंने कागज और कपड़े से बना एक बड़ा थैला तैयार किया और उसके नीचे आग जलाकर उसमें गर्म हवा भरी। आश्चर्यजनक रूप से वह गुब्बारा ऊपर उठ गया। यह मानव इतिहास में पहली सफल गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान थी। बाद में, इसी वर्ष पेरिस में एक और ऐतिहासिक प्रयोग किया गया, जिसमें पहले जानवरों और फिर मनुष्यों को गुब्बारे में बैठाकर उड़ाया गया। यह घटना आधुनिक विमानन की नींव मानी जाती है।

इस आविष्कार के पीछे का विज्ञान सरल, लेकिन प्रभावशाली है। गर्म हवा ठंडी हवा की तुलना में हल्की होती है। जब गुब्बारे के अंदर की हवा गर्म की जाती है, तो उसका घनत्व कम हो जाता है। बाहर की ठंडी और भारी हवा गुब्बारे को ऊपर की ओर धकेलती है।यही सिद्धांत उत्थापन बल (Buoyancy) कहलाता है। जब तक गुब्बारे के अंदर की हवा आसपास की हवा से हल्की रहती है, तब तक गुब्बारा आकाश में तैरता रहता है। गर्म हवा का गुब्बारा केवल एक आविष्कार नहीं था, बल्कि यह मानव जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और विज्ञान की शक्ति का प्रतीक बना। इसने यह सिद्ध कर दिया कि कल्पना और विज्ञान मिलकर असंभव को भी संभव बना सकते हैं।



### वैज्ञानिक के बारे में

जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर फ्रांस के अन्नोने (Annonay) नगर में जन्मे थे और एक कागज निर्माण करने वाले प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जोसेफ–मिशेल (1740–1810) स्वभाव से कल्पनाशील, जिज्ञासु और प्रयोगप्रिय थे। उन्हें प्राकृतिक घटनाओं को देखकर नए विचार सूझते थे। इसके विपरीत जैक्स–एटियेन (1745–1799) अधिक व्यावहारिक, अनुशासित और व्यवस्थित व्यक्तित्व के थे। उन्होंने परिवार के व्यवसाय और सार्वजनिक संबंधों को संभाला।



# जब कण टकराते हैं तब खुलते हैं ब्रह्मांड के राज



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

हिग्स बोसोन की खोज लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) के पहले रन में दर्ज किए गए कोलिजन डेटा से संभव हुई थी, जो 2009 के अंत से 2012 के अंत तक चला। इस खोज ने स्टैंडर्ड मॉडल के अंतिम अधूरे हिस्से को पूरा किया, लेकिन साथ ही कई नए सवाल भी खड़े कर दिए। 2015 के बसंत में व्यापक मेंटेनेंस के बाद LHC को अधिक ऊर्जा पर दोबारा शुरू किया गया। दूसरा रन इस मायने में निर्णायक है कि वह हमें हिग्स बोसोन को गहराई से समझने और स्टैंडर्ड मॉडल से आगे की भौतिकी की खोज करने का अवसर देता है।

### कोलिजन की क्वांटम प्रकृति

प्रोटॉन टकराव पूरी तरह प्रेडिक्टेबल नहीं होते। क्वांटम मैकेनिक्स के अनुसार, हर कोलिजन केवल संभावनाओं का समूह होता है। स्टैंडर्ड मॉडल यह बता सकता है कि औसतन कौन-सी प्रक्रिया कितनी बार होगी, लेकिन किसी एक टकराव का परिणाम पहले से तय नहीं किया जा सकता। इसलिए दुर्लभ प्रक्रियाओं को देखने के लिए बहुत अधिक संख्या में कोलिजन आवश्यक होते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसे पासे की निष्पक्षता जांचने के लिए उसे बार-बार फेंकना पड़ता है।

### हिग्स बोसोन: डिके और मास मैकेनिज्म

हिग्स बोसोन का महत्व इस बात में है कि वही अन्य कणों को द्रव्यमान देता है। कोलिजन में बनने के तुरंत बाद हिग्स विभिन्न कणों में डिके (विघटन) हो जाता है। इसके डिके चैनलों की दरें संबंधित कणों के द्रव्यमान पर निर्भर करती हैं। अब तक हिग्स के फोटॉन, W और Z बोसोन में डिके स्पष्ट रूप से देखे जा चुके हैं, जबकि फर्मियॉन में मुख्यतः ताऊ लेप्टन और आंशिक रूप से बॉटम क्वार्क के प्रमाण मिले हैं। दूसरे रन का अधिक डेटा इन मापों को कहीं अधिक सटीक बना सकता है।

- **हिग्स की अन्य विशेषताएं-** दूसरे रन से हम यह भी जानना चाहेंगे कि हिग्स कितनी तेजी से डिके करता है, क्या वह वास्तव में एक फंडामेंटल कण है या उसके भीतर कोई सब-स्ट्रक्चर छिपा है और क्या हिग्स स्वयं से इंटरैक्ट करता है। हिग्स का self-interaction सीधे इस बात से जुड़ा है कि वह स्वयं अपना द्रव्यमान कैसे प्राप्त करता है। साथ ही यह संभावना भी खुली है कि एक से अधिक, भारी हिग्स बोसोन मौजूद हों।
- **उच्च ऊर्जा और नए कणों की संभावना-** दूसरे रन में टकराव की ऊर्जा पहले से अधिक है। इसका अर्थ है कि अब अधिक भारी और अब तक अनदेखे कण बनाए जा सकते हैं। उच्च ऊर्जा पर बेहतर रिजॉल्यूशन मिलता है, जिससे कणों और बलों को और बारीकी से समझा जा सकता है। यही कारण है कि भले ही स्टैंडर्ड मॉडल काफी सफल दिखता हो, वैज्ञानिक यह मानते हैं कि वह अंतिम सिद्धांत नहीं हो सकता।
- **स्टैंडर्ड मॉडल की सीमाएं-** स्टैंडर्ड मॉडल की सबसे बड़ी सीमा यह है कि उसमें गुरुत्वाकर्षण शामिल नहीं है। गुरुत्वाकर्षण को जनरल रिलेटिविटी समझाती है, जो क्वांटम सिद्धांत से अलग ढांचे में खड़ी है। इसके अलावा स्टैंडर्ड मॉडल में कई पैरामीटर और कण संरचनाएं मनमानी प्रतीत होती हैं, जैसे बोसॉन और फर्मियॉन का असंतुलन। ये संकेत देते हैं कि किसी अधिक व्यापक सिद्धांत की आवश्यकता है।
- **सुपरसिमेट्री: एक संभावित विस्तार-** स्टैंडर्ड मॉडल का एक लोकप्रिय विस्तार सुपरसिमेट्री है। यह प्रत्येक बोसोन के लिए एक फर्मियॉन पार्टनर और प्रत्येक फर्मियॉन के लिए एक बोसॉन पार्टनर प्रस्तावित करती है। इससे हिग्स, W और Z बोसोन के अपेक्षाकृत छोटे द्रव्यमान की व्याख्या संभव होती है। सुपरसिमेट्री कई नए कणों और अतिरिक्त हिग्स बोसोन की भविष्यवाणी करती है, जिनकी खोज दूसरे रन का एक बड़ा लक्ष्य है।





### LHC के प्रमुख डिटेक्टर

LHC में चार मुख्य डिटेक्टर हैं। ATLAS और CMS जनरल–पर्पस डिटेक्टर हैं और इन्हीं ने हिग्स बोसोन की खोज की थी। ALICE को भारी आयनों के टकराव के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि क्वार्क–ग्लूऑन प्लाज्मा और शुरुआती ब्रह्मांड जैसी स्थितियों का अध्ययन हो सके। LHCb बॉटम क्वार्क के डिके का अध्ययन करता है, जो दुर्लभ प्रक्रियाओं और नई भौतिकी के संकेत दे सकते हैं।

### मैटर-एंटीमैटर असमानता और डार्क मैटर

LHCb के प्रयोग CP–वायलेशन के अध्ययन के जरिए यह समझने की कोशिश करते हैं कि ब्रह्मांड में मैटर क्यों बचा और एंटीमैटर क्यों नहीं? दूसरी ओर, डार्क मैटर की समस्या भी स्टैंडर्ड मॉडल से बाहर जाती है। ब्रह्मांड के अधिकांश द्रव्यमान का निर्माण ऐसे कणों से हुआ है, जिन्हें हम अभी नहीं जानते। कई सिद्धांत मानते हैं कि डार्क मैटर कण हिग्स क्षेत्र से द्रव्यमान प्राप्त करते हैं, इसलिए हिग्स का विस्तृत अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आगे का रास्ता

LHC का दूसरा रन केवल पहले रन की पुष्टि नहीं है, बल्कि नई खोजों का द्वार है। चाहे वह हिग्स की गहरी समझ हो, सुपरसिमेट्री की खोज, डार्क मैटर के संकेत या मैटर–एंटीमैटर असमानता की व्याख्या– दूसरा रन हमें यह जानने के और करीब लाता है कि ब्रह्मांड किससे और कैसे बना है।

## जंगल की दुनिया



# ब्लू व्हिसलिंग थ्रश: पहाड़ों में बसा नीला सौंदर्य

ब्लू व्हिसलिंग थ्रश चंडीगढ़ क्षेत्र के जंगलों और वन इलाकों में पाया जाने वाला एक अत्यंत आम, लेकिन प्रभावशाली पक्षी है। सुबह और शाम के समय इसकी तेज, मानव जैसी सीटी या सींख जैसी आवाज दूर–दूर तक सुनाई देती है, जिससे यह अपनी उपस्थिति आसानी से दर्ज करा देता है। यद्यपि यह मूल रूप से एक पर्वतीय पक्षी है, लेकिन शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए अत्यंत अनुकूल है।

यह पक्षी गहरे नीले-काले रंग का होता है, जिसके सिर और शरीर पर चांदी जैसे नीले रंग की चमकदार धारियां दिखाई देती हैं। धूप पड़ने पर इसका रंग और भी अधिक चमकीला प्रतीत होता है। इसकी सबसे अलग पहचान इसकी चमकीली पीली चोंच है, जो इसके गहरे शरीर रंग के साथ तीव्र विरोधाभास बनाती है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का आकार लगभग 31 से 35 सेंटीमीटर तक होता है और इसकी मजबूत काया इसे अन्य थ्रश प्रजातियों से अलग बनाती है।

अंतर्राज्यीय चंडीगढ़ क्षेत्र (आईएससीआर) में इसे बहुत आम पक्षी माना जाता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यह क्षेत्र चारों ओर से शिवालिक पहाड़ियों से घिरा हुआ है और यहां घने वन, प्राकृतिक नाले, झीलें और हरित पट्टियां मौजूद हैं। सुखना वन अभ्यारण्य, सारंगपुर वनस्पति उद्यान, मोरनी हिल्स और कसौली क्षेत्र इस पक्षी के प्रमुख आवास माने जाते हैं। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का भोजन मुख्यतः कीड़े-मकोड़े, केंचुए, घोंघे, छोटे केकड़े और अन्य जलीय जीव होते हैं। इसे अक्सर पानी के किनारे चट्टानों पर उछलते-कूदते भोजन खोजते देखा जा सकता है। प्रजनन काल में यह चट्टानों की दरारों, नालों के पास या



पुराने ढांचों में घोंसला बनाता है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश न केवल चंडीगढ़ क्षेत्र की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह स्वच्छ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का भी संकेतक माना जाता है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# प्राकृतिक इंजीनियरिंग का अद्भुत चमत्कार

मानव शरीर प्राकृतिक इंजीनियरिंग का एक असाधारण नमूना है, जिसकी जटिलता और दक्षता आज भी वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करती है। शरीर के विभिन्न तंत्र आपस में इस तरह जुड़े होते हैं कि जीवन बिना किसी व्यवधान के निरंतर चलता रहता है। इनमें परिसंचरण तंत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो शरीर की हर कोशिका तक जीवनदायी तत्व पहुंचाने का कार्य करता है।

क्या आप जानते हैं कि एक रक्त कोशिका को पूरे शरीर का एक चक्कर लगाने में केवल लगभग 60 सेकंड का समय लगता है? यह अविश्वसनीय रूप से तेज यात्रा जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। रक्त कोशिकाएं फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर के हर ऊतक तक पहुंचाती हैं और साथ ही पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं। इसके विपरीत, वे कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस तंत्र की कार्यक्षमता इस बात का प्रमाण है कि मानव शरीर स्वयं को संतुलित रखने और निरंतर कार्यशील बनाए रखने में कितना सक्षम है। हृदय का नियमित धड़कना, रक्त वाहिकाओं का जाल और कोशिकाओं का समन्वय ये सभी मिलकर जीवन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। विज्ञान का संसार वास्तव में विशाल और चमत्कारों से भरा हुआ है। यह हमें न केवल प्रकृति और शरीर की जटिल संरचनाओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि उनके प्रति सम्मान और जिज्ञासा भी जाग्रत करता है। मानव शरीर का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि जीवन जितना सरल दिखाई देता है, वास्तव में उतना ही गहराई से संगठित और अद्भुत है।

# एरीज के लिए खास मददगार साबित होगा अंतरिक्ष स्टेशन



बबलू चंद्रा
नैनीताल

पहले एस्ट्रोसेट और दूसरा आदित्य एल–1 के बाद इसरो की अंतरिक्ष में एक और लंबी छलांग की तैयारी है। इस सफलता के बाद भारत अमेरिका और चीन के समकक्ष खड़ा हो जाएगा। बात अगर उत्तराखंड की करें तो यहां नैनीताल में स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वैज्ञानिकों के लिए यह स्टेशन अंतरिक्ष के अध्ययनों में काफी मददगार साबित होगा। तकनीकी रूप से यह उन्नत होगा। इस अंतरिक्ष मिशन से जुटाए जाने वाले आंकड़े एरीज के वैज्ञानिकों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे और एरीज के लिए यह दोहरा लाभ देने वाला मिशन साबित होगा।

अंतरिक्ष स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक व अत्यंत सुविधाजनक है, जो पृथ्वी की ऑर्बिट से अंतरिक्ष को चारों ओर से देख सकता है। वर्ष 2028 में प्रस्तावित यह परियोजना देश के पास चलती-फिरती प्रयोगशाला होगी, जो जमीनी दूरबीनों की तुलना में कहीं अधिक कारगर होगी। इस प्रयोगशाला के जरिए चांद, तारे, ग्रह, नक्षत्रों और सुदूर अंतरिक्ष में किसी भी दिशा को देखा जा सकता है और सटीक आंकड़े जुटाए जा सकते हैं।

एरीज सौर अध्ययन के साथ अंतरिक्ष मौसम का महत्वपूर्ण अध्ययन करता है। एरीज की वेदशाला में स्थापित सोलर टेलीस्कोप सूर्य और सोलर फ्लेयर्स पर नजर रखती है। अंतरिक्ष स्टेशन से मिले रियल टाइम डाटा से एरीज के अध्ययन में मदद मिल सकेगी। इसके अलावा एरीज की देव स्थल स्थित 3.6 मीटर की ऑप्टिकल दूरबीन है। इसके जरिए अंतरिक्ष से जुटाया गए आंकड़ों का मिलान



अंतरिक्ष स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों से किया जा सकेगा। माइक्रोग्रैविटी में किए गए प्रयोगों के नतीजे खगोल विज्ञान, कॉस्मिक रेडिएशन और एटमॉस्फेरिक स्टडीज में मदद मिलेगी।

यह सभी एरीज के रिसर्च से जुड़े हुए महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र हैं। इसके अलावा एरीज हिमालय के वातावरण पर काम करता है, जिसे लेकर एरीज में एसटी रडार स्थापित किया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन का एक महत्वपूर्ण कार्य जलवायु समेत हमारी वायुमंडलीय स्थिति में नजर रखना होगा लिहाजा अंतरिक्ष स्टेशन से जुटाए आंकड़ों से एरीज के वैज्ञानिकों के लिए शोध व अन्य अध्ययनों में आसानी हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन न केवल एरीज, बल्कि देश के तमाम अंतरिक्ष और जलवायु पर अध्ययन करने वाली संस्थाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि इसमें दोराय नहीं है कि देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और अभी तक विश्व में अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण मिशन है और किसी भी देश का अंतरिक्ष से खुद के अध्ययन का सपना सच हो सकता है और इसरो भारतीय वैज्ञानिकों का यह साकार करने जा रहा है। इस मिशन की सफलता से वैज्ञानिक नभ, जल और थल पर अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक पृथ्वी की निचली कक्षा में यूएस का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद है और अब भारत अंतरिक्ष स्टेशन वाला तीसरा देश बन जाएगा।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फॉर्च्यून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्च्यून 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मेर 2335, रुद्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना:** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000–23000, धनिया 9400–12000, अजवायन 13500–20000, मेथी 6000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100

**चावल (प्रति कु.):** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8400, गौरी प्रीमियम 9800, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150, लाडली 4100

**दाल दलहन:** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500–12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी:** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## हल्द्वानी मंडी

**चावल:** शरबती- 4200, मसूरी- 1600, बासमती- 8200–9400, परमल- 3000–3500

**दाल दलहन:** काला चना- 3200–4500, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5800, राजमा- 9400–11300, दाल उड़द- 7400, साबुत मसूर दाल- 4200, मसूर दाल- 1100, उड़द साबुत- 10200, काबुली चना- 8300–10600, अरहर दाल- 10200 –11200, लोबिया/करमानी- 3000–4400

# अगले महीने से लागू हो सकता है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## केंद्रीय मंत्री बोले- अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर और भारत अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर शुल्क करेगा कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे।



● भारत-अमेरिका मार्च के मध्य तक समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

● बीटीए का पहला चरण तैयार, संयुक्त बयान के बाद होगा शुरू

मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत होगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा। गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार हो रहा है, जिसमें एक या डेढ़ महीने लग सकता है। संभवतः औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18% शुल्क अमेरिका के कार्यकारी आदेश से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर के एक या दो दिन बाद जारी होगा। गोयल ने बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।

### देश को ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता

गोयल ने कहा कि हम चीजों को तेजी से आगे बढ़ा पाएंगे क्योंकि कानूनी समझौते के बाद हमें और भी रियायतें मिलेंगी। सौदे के 500 अरब अमेरिकी डॉलर के खरीद वाले हिस्से के बारे में मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसे देखते हुए देश को बड़ी मात्रा में ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता होगी। हमारी इस्पात उत्पादन क्षमता वर्तमान के 14 करोड़ टन से बढ़कर कुछ वर्ष में 30 करोड़ टन हो जाएगी। इसलिए, जब हमने अमेरिका से अपनी आवश्यकताओं का अनुमान लगाया तो हम 500 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत की विमानों की मांग, बोइंग को दिए गए और अभी दिए जाने वाले लेकिन तैयार ऑर्डर की संख्या 70–80 अरब डॉलर है। अगर इसमें इंजन और अन्य कलपुर्जे भी जोड़े जाएं तो लागत शायद 100 अरब डॉलर पहुंच जाएगी।

### भारतीय शुल्क में कमी कानूनी समझौते के बाद ही संभव : वाणिज्य सचिव

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस कानूनी समझौते से हमें अमेरिकी सामान पर शुल्क कम करने का अधिकार मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय शुल्क में कमी केवल एक कानूनी समझौते के बाद ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शुल्क, एमएफएन (सबसे तरजीही राष्ट्र) शुल्क हैं जबकि अमेरिकी आयात शुल्क, कार्यकारी शुल्क है। अमेरिका– तेल, एलपीजी, एलएनजी, विमान, आईसीटी उत्पाद, लैपटॉप, स्मार्टफोन और डेटा सेंटर उपकरण जैसी सभी वस्तुएं उपलब्ध करा सकता है, जिन्हें भारत अन्य देशों से खरीद रहा है। अग्रवाल ने कहा कि पांच वर्षों में ये खरीद 2,000 अरब डॉलर की होने वाली है। अगर हम अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद कर लेते हैं तो इससे हमारी आपूर्ति शृंखला में विविधता और मजबूती ही बढ़ेगी।

### ऊर्जा गलियारा वार्ता में भारत की वृद्धि आधारित प्राथमिकताओं पर जोर

**ह्यूस्टन।** कौंसुल जनरल डीसी मंजुनाथ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी है। भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उद्योग के साथ संवाद और सहयोग अहम है। ह्यूस्टन स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (सीजीआई) ने अमेरिका–भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से ग्लोबल एनर्जी आउटलुक 2026 पर 4 फरवरी को उच्चस्तरीय अमेरिका–भारत ऊर्जा गोलमेज बैठक की। इसमें वैश्विक ऊर्जा, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों के 30 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। इनमें एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, हनीवेल, गेल, लार्सन एंड टुब्रो, वेदरफोर्ड, लैंजाटेक, एसएंडपी ग्लोबल, मैकिन्से और सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

### 500 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए अमेरिका से निर्यात में करनी होगी वृद्धि

मंत्री ने कहा कि बजट में डेटा केंद्रों के लिए भारी रियायतों की घोषणा की गई है। अगर हमें डेटा केंद्रों में 100–150 अरब डॉलर का निवेश मिलता है तो हमें उन केंद्रों के लिए उपकरणों की जरूरत होगी। फरवरी, 2025 में दोनों देशों के बीच तय 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को निश्चित रूप से अमेरिका से निर्यात और खरीद में काफी वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए इस समझौते के तहत जिन वस्तुओं को खरीदने का वादा किया है उनकी वर्तमान वैश्विक खरीद 300 अरब डॉलर से अधिक है।

### भारत-जीसीसी ने एफटीए वार्ता के नियम-शर्तों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर–तरीके बताए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी के साथ बातचीत को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। गोयल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह और काम कर रहे हैं। यह अत्यंत उचित है कि अब हम एक अधिक मजबूत और सुदृढ़ व्यापारिक व्यवस्था में प्रवेश करें जो वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाएगी, नीति में पूर्वानुमान तथा स्थिरता लाएगी और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के साथ जीसीसी देशों की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। भारत विश्व में अनाज का एक प्रमुख उत्पादक है जबकि जीसीसी देश तेल एवं गैस के निर्यातक हैं।

## भारत ने 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट में 3.52 करोड़ डॉलर का दिया योगदान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



● समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराने वाले 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हुआ भारत

भारत ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। इससे वह उन 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराया है। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, तीन फरवरी 2026 तक 47 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय नियमों के तहत निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अपना पूरा नियमित बजट योगदान अदा कर दिया है। भारत ने तीन फरवरी को 2026 के संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट के लिए 3.52 करोड़ डॉलर का भुगतान किया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने ऑनर रोल में शामिल देशों का जिक्र करते हुए भारत का नाम लिया। उन्होंने कहा कि यह वह देश है जहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। हां, बिल्कुल सही.. भारत। भारत लगातार उन देशों में शामिल रहा है जो संयुक्त राष्ट्र को अपना योगदान समय पर और पूर्ण रूप से अदा करते हैं।

## नये आयकर अधिनियम के फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे।



● सीबीडीटी प्रमुख बोले- साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी की जाएगी जारी

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे। नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सीबीडीटी नए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो।

### मुकदमेबाजी की समस्या का भी होगा समाधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है।



# सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी

## उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के आदेश को रखा बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक दशक से अपने घर की बाट जोह रहे हजारों खरीदारों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के उस आदेश को गुरुवार को बरकरार रखा, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी को कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने सभी अधिकरणों और उच्च न्यायालयों को यह आदेश दिया है कि वे ऐसा कोई भी आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी कंपनी के निर्माण काम रुक जाएं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए एनसीएलएटी के 12 दिसंबर, 2024 के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एनबीसीसी को घर खरीदारों के हित में परियोजनाओं को



● अधिकरणों और उच्च न्यायालयों से कहा- ऐसा आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी के निर्माण काम रुकें

अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि कई घर खरीदारों के अनुसार, सुपरटेक ने 2010-12 के दौरान 51,000 घरों की बुकिंग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के ब्याज और बकाया का निपटारा तब ही किया जा सकता है जब घर खरीदारों को पूरी तरह से तैयार मकान सौंप दिए जाएं। पीठ ने कहा कि मकानों में पानी, बिजली, सीवेज कनेक्शन जैसी सभी सुनिश्चित सुविधाएं होनी चाहिए, साथ ही आस-पास सड़कें और पार्क भी होने चाहिए। सुपरटेक के वित्तीय और परिचालन लेनदारों को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और एनसीएलएटी द्वारा न्यायसंगत पाए गए नुकसान को स्वीकार करना होगा। पीठ ने निर्देश दिया कि एनबीसीसी परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करे और एनसीएलएटी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करे। पीठ ने कहा कि यदि परियोजनाओं में कोई बाधा आती है, तो संबंधित पक्ष उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 21 फरवरी 2025 को सुपरटेक की 16 आवासीय परियोजनाओं को लगभग 9,500 करोड़ रुपये की लागत पर पूरा करने के लिए एनबीसीसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त करने के आदेश पर रोक लगाई थी।

### आदेश में संशोधन, अनुराग बीसीसीआई की गतिविधियों में भाग लेने को स्वतंत्र

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को गुरुवार को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2017 के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें उन्हें बोर्ड के मामलों से प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही न्यायालय ने बोर्ड के साथ उनके जुड़ाव के लिए रास्ता साफ कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, नियमों और विनियमों के अनुरूप बीसीसीआई से संबंधित मामलों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी, 2017 को बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर को निर्देश दिया था कि वह तुरंत बोर्ड के कामकाज से खुद को अलग कर लें और उससे संबंध न रखें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 2017 के आदेश में संशोधन संबंधी ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करते हुए गुरुवार को संबंधित आदेश में संशोधन किया।

### मुफ्त उपहार के चुनावी वादों के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अतार्किक मुफ्त उपहार की चुनावी घोषणा या वादा करने वाली किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त करने अथवा उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश संबंधी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मार्च में सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति जताई। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए गए थे और उन्होंने न्यायालय से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर चुनाव के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से हर चीज का वादा करते हैं और यह भ्रष्टाचार का उदाहरण है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। कृपया हमें याद दिलाएं और अंत में इसका विशेष उल्लेख करें। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।

### बच्चों को दूषित रक्त चढ़ाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में बच्चों को कथित दूषित रक्त चढ़ाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत दीपक हेमब्रम नाम के व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हेमब्रम ने याचिका में दावा किया कि उनके तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

हाईकोर्ट ने चाईबासा के सदर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले, अदालत की खंडपीठ ने रक्त आधान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई थी, जिसके कारण कथित तौर पर झारखंड में पांच बच्चों में एचआईवी संक्रमण हुआ था। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई की।

## भूमि देने में आपत्ति नहीं पर बीएसएफ अधिकार क्षेत्र नियम वापस लें केंद्र : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र व भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''''भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर



● राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र सरकार के आरोपों को किया खारिज

निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरा आंकड़ा नहीं दे रहे हैं कि राज्य ने कितनी जमीन पहले आवंटित की है। रेलवे से लेकर रक्षा प्रतिष्ठानों तक सभी केंद्रीय एजेंसियों को भूमि दी जा चुकी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार किया कि घुसपैठ से बंगाल में जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है और दावा किया कि केंद्र ने बाड़ लगाने को कई बार जमीन मांगी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराई गई। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने कई गृह मंत्री देखे हैं और उन्हें शासन का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट जनहितैषी है और यह वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। बनर्जी ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बंगाल के बजट की तुलना में केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन और सिद्धांतविहीन है। मुख्यमंत्री ने बजट के बाद कहा कि केंद्र द्वारा लगातार वित्तीय अभाव के बावजूद राज्य सरकार ने आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने सामाजिक कल्याण के उपायों का विस्तार जारी रखते हुए अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया है।

### विस में पेश हुआ 4.06 लाख करोड़ का बजट

बंगाल सरकार ने विधानसभा में 2026–27 के लिए 4 .06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को लक्षित करते हुए नकद सहायता एवं भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। राज्य की आधी आबादी महिलाओं की है, जो चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इन महिलाओं के लिए राज्य सरकार ने इस साल फरवरी से लक्ष्मीर भंडार योजना में मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

## न्यायाधीशों की नियुक्तियों से जुड़ी एमओपी में संशोधन पर विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़ी ज्ञापन प्रक्रिया (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर ... एमओपी) को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार जारी है और इसके पूरा होने के बाद ही आगे के कदम उठाए जाएंगे। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल गुरुवार को उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना करने और इसके स्वरूप को लेकर भी परामर्श जारी है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने पूरक प्रश्न के तहत जानना चाहा कि क्या सरकार न्यायिक सुधार ला रही है और क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को फिर से लाया जाएगा? इस पर मेघवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि एनजेएसी विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था, लेकिन बाद में इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई



● विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल बोले एनजेएसी विधेयक संसद में हुआ था पारित उच्चतम न्यायालय ने इसे किया निरस्त

और इसे निरस्त कर दिया गया। मेघवाल ने सदन को बताया कि इसके बाद एमओपी को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है और यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। देश में राष्ट्रीय न्यायिक सेवा शुरू किए जाने से संबंधित अन्य प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 312 में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का प्रावधान है और इस मुद्दे पर न्यायाधीशों के सम्मेलनों में भी कई बार चर्चा हो चुकी है। यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। इसे किस स्वरूप में लाया जाए, इस पर परामर्श चल रहा है। यह मामला विचाराधीन है। विधि मंत्री ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में न्यायपालिका शासन व्यवस्था का एक स्वतंत्र अंग है और सभी मुद्दों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम न्यायपालिका के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्यायाधीशों को ऐसा अनुकूल वातावरण मिले, जिससे वे जनता को न्याय प्रदान कर सकें।

मंत्री ने कहा कि लंबित मामलों का निपटारा करना न्यायपालिका का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निचली अदालतों की संख्या बढ़ाने में सहायता की है। मेघवाल ने बताया कि 2014 में जिला एवं सत्र अदालतों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 19,518 थी और इसके बाद हमने 6,376 पद जोड़े।

### इंदौर शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की आत्महत्या, परिजनों का रैगिंग का आरोप

इंदौर (मप्र)। इंदौर के शासकीय महाविद्यालय के छात्रावास में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संस्थान में उसकी रैगिंग की जाती थी और उसे परेशान किया जाता था। छात्र के परिजनों ने उसकी मौत के मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल (20) का शव दो फरवरी को संस्थान के छात्रावास में उसके कमरे में पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला था। अंतरिक्ष के पिता पंकज अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में रैगिंग और बुलिंग (परेशान किए जाने) के बाद मेरा बेटा अंदर से टूट गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तुषार सिंह परिजनों ने रैगिंग और बुलिंग को लेकर शिकायत नहीं की थी ।

### कुकी संगठनों ने समुदाय के विधायकों को मणिपुर में सरकार गठन से दूरी बनाए रखने को कहा

इंफाल। मणिपुर के कई कुकी संगठनों ने अपने समुदाय के विधायकों को राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने की चेतावनी दी है। साथ ही चुराचांदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान भी किया गया है। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यह पदभार भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के एक वर्ष बाद संभाला। राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट विधायक एल. दिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### श्रीलंकाई मछुआरों पर हमले के आरोपों को भारत ने खारिज किया

**कोलंबो।** कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को भारतीय तटरक्षक बल की ओर से श्रीलंकाई मछुआरों के एक समूह पर हमलों का खंडन किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि भारतीय नौसेना या भारतीय तटरक्षक बल के किसी भी कर्मी ने ऐसा कोई हमला नहीं किया था। कहा गया है, भारत ने लगातार यह बात कही है कि मछुआरों की आजीविका संबंधी चिंताओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखरन ने दो फरवरी को कहा था कि इस घटना को लेकर भारत सरकार के समक्ष विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### नाइजीरिया में इस्लामिक आतंकियों के हमले में 162 की मौत

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हथियारबंद चरमपंथियों के हमले में 162 लोग मारे गए। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद मोहम्मद उमर बायो ने बताया कि मंगलवार शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों को निशाना बनाकर हमले किए गए। यह हमला नाइजीरिया में हाल के महीनों में हथियारबंद चरमपंथियों के सबसे घातक हमलों में से एक है। बायो ने कहा कि ये हमले इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकवादी संगठन लकुरावा द्वारा किए गए हैं। हालांकि इन हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी ने नहीं ली है। क्वारा राज्य में रेड क्रॉस के सचिव अयोदेजी इमैनुअल बाबाओमो ने कहा कि संगठन उन सुदूर स्थानों पर पहुंचने में असमर्थ रहा है जहां कई लोग मारे गए।

### अमेरिका के हमले की वेनेजुएला ने शुरू कराई जांच

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह या किस स्तर की है, हालांकि इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था।

# पांच तेजस भारतीय वायुसेना को सौंपे जाने के लिए तैयार



- एचएएल ने कहा- नौ और विमान बन चुके, इंजन मिलने का इंतजार

**नई दिल्ली।** सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांच तेजस हल्के लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना को सौंपने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में वायु सेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान खरीदने के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का करार किया था। हालांकि जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति न होने की वजह से इन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में देरी हो रही है।

एचएएल की प्रवक्ता ने बताया, पांच विमान आपूर्ति के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिनमें अनुबंधित विशिष्टताओं के अनुसार प्रमुख क्षमताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया, नौ अतिरिक्त विमान पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं और उनका परीक्षण भी हो चुका है। जीई से इंजन मिलते ही ये आपूर्ति के लिए तैयार हो जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि डिजाइन और विकास संबंधी सभी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा रहा है। तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई वातावरण में अपने मिशन को अंजाम देने में सक्षम है।

## मोबाइल में छिपा जानलेवा खतरा

# ऑनलाइन गेम के टास्क





गाजियाबाद में तीन बहनों के नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की घटना ने टास्क बेस्ड ऑनलाइन के खतरों को एक बार फिर उजागर किया है। हर फोन में छिपे इस खतरे की शुरुआत 1970 के दशक में पैकेट आधारित कंप्यूटर नेटवर्किंग से हुई थी। 1978 में रॉय ट्रुबशॉ और रिचर्ड बार्टल ने दुनिया का पहला टेक्स्ट आधारित मल्टीप्लेयर एडवेंचर गेम बनाया जिसमें खिलाड़ी टास्क पूरे करते हुए एक काल्पनिक दुनिया में रहते थे। इंटरनेट आने के बाद 1993 में टास्क बेस्ड गेम्स का तेज विकास शुरू हुआ। 1997 में अल्टिमा ऑनलाइन और 1999 में एवरक्वेस्ट जैसे गेम्स ने जैसे आधुनिक टास्क बेस्ड फॉर्मेट को लोकप्रिय बनाया। एप्पल के एप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर की शुरुआत के बाद टास्क बेस्ड गेम्स हर व्यक्ति तक पहुंच गए।

### दुनिया में लोकप्रियता चरम पर

- वैश्विक ऑनलाइन गेमिंग मार्केट 2024 में लगभग 152 बिलियन डॉलर का था जो 2025 में 188 बिलियन डॉलर से आगे निकल गया।
- दुनिया भर में यह गेम खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ते हुए अनुमानित तौर पर अब लगभग 3 .6 बिलियन हो गई है।
- गेमिंग मार्केट में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 50% है जिसमें खासकर चीन, दक्षिण कोरिया और भारत का दबदबा है।

### खतरनाक होने के कारण

- ये गेम्स खिलाड़ियों को भावनात्मक रूप से कमजोर बनाकर उन्हें आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने जैसे घातक कदमों की ओर ले जाते हैं।
- दिए जाने वाले टास्क को गुप्त रखने के निर्देश दिए जाते हैं, जिससे खिलाड़ी अपनों से कट जाता है और डर या दबाव में खतरनाक काम करता है।
- टास्क के दौरान मांगे गए निजी फोटो या वीडियो का उपयोग ब्लैकमेलिंग या और ज्यादा जोखिम भरे काम के लिए मजबूर करने में किया जाता है।

### क्यों खतरनाक

- टास्क पूरा करने पर नकली प्रशंसा से मस्तिष्क में डोपामाइन रिलीज होता है, और कठिन टास्क के लिए उत्साह बढ़ता है।
- रोमांच व जोखिम लेने की प्रवृत्ति का लाभ उठाकर किशोरों को आत्मविनाशकारी कार्यों में उलझाते हैं।
- बच्चों के अकेलेपन का फायदा उठाकर उन्हें वर्चुअल चैलेंज के जरिए झूठी अहमियत का एहसास कराते हैं।

### अत्यधिक एडिक्शन के कारण

- गेम्स को मनोवैज्ञानिक रूप से इस तरह बनाया जाता है ताकि खिलाड़ी उसे घंटों तक बिना ब्रेक के खेलता रहे।
- दोस्तों या परिवार से कम जुड़ाव होने पर ज्यादातर बच्चे ऑनलाइन समुदायों को ही अपना सहारा मान लेते हैं।
- टास्क पूरा करने पर मिलने वाली सफलता जीवन की चुनौतियों से बचने का आसान रास्ता बन जाती है।
- बार-बार गेम खेलने से मस्तिष्क के रिवॉर्ड सेंटर में बदलाव आते हैं, जो नशे की लत के समान होते हैं।

### दुर्घटनाएं रोकने के वैश्विक कदम

- दुनिया के कई देशों की सरकारें अब यूनिसेफ के दिशा-निर्देशों और ऑनलाइन सुरक्षा कानूनों के जरिए प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी बढ़ा रही हैं।
- डिवाइस और गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर स्क्रीन टाइम सीमित करने और कंटेंट फिल्टर करने के लिए अब उन्नत किस्म के टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- यूनिसेफ जैसे संगठन स्कूलों व समुदायों में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। इसका सकारात्मक असर दिख रहा है।
- गेमिंग एडिक्शन को अब एक मानसिक विकार मानकर इसके उपचार के लिए विशेष काउंसलिंग और डिजिटल डिटॉक्स केंद्र खोलने की शुरुआत की गई है।

# एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक

## मानवीय श्रमिकों का खात्मा होने की आशंका में पहल, राष्ट्रीय एआई रणनीति बनेगी

**सोल, एजेंसी**

भारी उद्योग और उच्च तकनीक वाले विनिर्माण क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देश दक्षिणी कोरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण नौकरियों के नुकसान से श्रमिकों को बचाने के लिए विधेयक पेश किया गया है। यह विधेयक उन बढ़ती चिंताओं के बीच आया है कि एआई मानवीय श्रमिकों खत्म कर देगा। इस विधेयक के तहत एक राष्ट्रीय एआई रणनीति का निर्माण किया जाएगा जो श्रमिकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें बदलते बाजार के अनुसार ढलने के लिए सहायता भी उपलब्ध कराएगा।

विपक्षी पीपुल पावर पार्टी के प्रतिनिधि चोई यून सोक और 10 अन्य सांसदों ने इस विधेयक को संसद में प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एआई और रोबोटिक्स तेजी से उन्नत हुए हैं और उन्होंने न सिर्फ सरल बल्कि कुशल पेशेवरों की भी जगह लेना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से पूरे समाज में रोजगार की असुरक्षा फैल रही है। कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में भी बहुत सारी स्वचालित ऑर्डरिंग मशीनें काम संभालने लगी हैं और इस वजह से लोग अपनी नौकरियां खो रहे हैं। चिंता जताई गई है कि यदि नौकरियां अचानक एक साथ गायब हो जाती हैं तो यह एक सामाजिक समस्या में तब्दील हो सकती है।



### हुंडई में रोबोटों की तैनाती की योजना से जागी चिंता

हुंडई मोटर ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह 2028 तक एक नए अमेरिकी संयंत्र में एटलस ह्युमनॉइड रोबोट का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने और धीरे-धीरे उन्हें अपनी असेंबली लाइनों में तैनात करने की योजना बना रही है। कंपनी इस परियोजना को अपने 'फिजिकल एआई' के रूप में प्रचारित कर रही है, जिसमें एआई नियंत्रित औद्योगिक मशीनें जोखिम भरे या नीरस कार्यों को संभालने के लिए मनुष्यों के साथ या उनके स्थान पर काम करेंगी। हुंडई मोटर के मजदूर संघ ने इस योजना का कड़ा विरोध किया है। हालांकि, राष्ट्रपति ली जे मायुंग ने तकनीकी परिवर्तन के प्रतिरोध को खारिज करते हुए कहा है कि लोगों को नए समाज (एआई) के साथ तेजी से तालमेल बिठाना होगा।

- उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रत्येक एटलस रोबोट के लिए वार्षिक रखरखाव लागत लगभग 1.4 करोड़ वोन (9700 डॉलर) है, जो लगभग 24 घंटे काम कर सकता है, जबकि एक कर्मचारी पर कंपनी को प्रति वर्ष लगभग 13 करोड़ वोन का खर्च आता है।

विधेयक का उद्देश्य एआई के इस युग में रोजगार के मुद्दों से निपटने के लिए राज्य की नीतियों को स्पष्ट करना है ताकि लोगों के अधिकारों को संरक्षित रखने के साथ गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। चोई के करीबी सूत्र ने गुरुवार को द कोरिया टाइम्स को बताया कि यह कोई ऐसा कानून नहीं है जिसे अभी तैयार किया गया है। इसे लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीम कई वर्षों से एआई और स्वचालन के प्रभाव पर नजर रख रही है।

### संयुक्त राष्ट्र में एआई पर बनी वैज्ञानिक समिति में प्रो. बालारमन रविंद्रन भी



**संयुक्त राष्ट्र।** आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर बालारमन रविंद्रन को एआई पर गठित नए स्वतंत्र वैज्ञानिक पैनल में सेवा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से अनुशंसित 40 वैश्विक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के समूह में शामिल किया गया है। गुतारेस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सामने एआई पर नए स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति में नियुक्ति के वास्ते प्रत्येक क्षेत्र से 40 प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सूची प्रस्तुत की। रविंद्रन आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग (डीएसएआई), वधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डब्ल्यूएसएआई), रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आरबीसीडीएसएआई) और सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई (सीईआरएआई) के प्रमुख हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट से पीएचडी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु से मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

# न्यू स्टार्ट संधि खत्म... रूस-अमेरिका के परमाणु जखीरे पर अब रोक नहीं

**मॉस्को, एजेंसी**

- रूस की संधि को एक साल और बढ़ाने की पेशकश ट्रंप ने ठुकराई
- अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता

रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे मॉस्को और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों से जुड़े आखिरी बचे समझौते के खत्म होने का दुख है। 'न्यू स्टार्ट' नामक इस संधि के समाप्त होने के साथ ही आधी सदी से ज्यादा समय में पहली बार ऐसा है कि दोनों सबसे बड़ी शक्तियों के परमाणु हथियारों के जखीरों पर कोई रोक नहीं रहेगी। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता जताई जाने लगी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ''न्यू स्टार्ट'' संधि खत्म होने से परमाणु हथियारों की बिना रोकटोक वाली होड़ शुरू हो सकती है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल घोषणा की थी कि अगर वॉशिंगटन भी ऐसा करता है तो वह एक और साल के लिए संधि की सीमाओं का पालन करने के लिए तैयार हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संधि की समयसीमा बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को कहा था कि ट्रंप ने यह साफ कर दिया है कि 21वीं सदी में सही मायने में हथियारों पर नियंत्रण करने के लिए ऐसा कुछ भी करना तब तक नामुमकिन है जब तक कि इसमें चीन शामिल न हो, क्योंकि उसके पास बहुत बड़ा और तेजी से बढ़ता हथियारों का जखीरा है।

'न्यू स्टार्ट' संधि पर 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके रूसी समकक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने हस्ताक्षर किए थे। संधि के तहत दोनों पक्षों को 700 से ज्यादा मिसाइलों और 1,550 से ज्यादा ऐसे परमाणु हथियार को रखने से रोक दिया गया था, जो तैनाती और इस्तेमाल के लिए तैयार हों। इस संधि को मूल रूप से 2021 में खत्म होना था, लेकिन इसे पांच और सालों के लिए बढ़ा दिया गया था। न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद दुनिया में परमाणु हथियारों की होड़ बढ़ने की आशंका जताई जाने लगी है।



### अमेरिका और रूस सैन्य स्तर पर संवाद को सहमत

**कीव।** रूस और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की अबू धाबी में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता बहाल करने पर सहमति बनी। अमेरिका के यूरोपीय कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि यह समझौता अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच और वरिष्ठ रूसी और यूक्रेनी सैन्य अधिकारियों के बीच हुई बैठकों के बाद हुआ। ग्रिनकेविच नाटो के सर्वोच्च सहयोगी कमांडर यूरोप भी हैं। कहा गया है कि यह पहल स्थाई शांति की दिशा में काम करने वाले पक्षों के बीच निरंतर सैन्य संपर्क का मंच प्रदान करेगी।

# भारत की अवैध फार्मेसियों के 200 वेबसाइट डोमेन अमेरिका में जब्त

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाएं, छह लोगों की मौत के बाद उठाया कदम

अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने भारत स्थित एक अंतरराष्ट्रीय अपराध संगठन से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए हैं। अवैध ऑनलाइन फार्मेसियां चलाने वाला ये गिरोह छह से ज्यादा लोगों की मौत और चार लोगों पर ओवरडोज के दुष्परिणामों का कारण बना है जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

अमेरिका की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी डीईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि देश भर में उसके कार्यालयों की ओर से की गई कई कार्रवाइयों में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। डीईए ने न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के सहयोग से बताया कि 'ऑपरेशन मेल्टडाउन' के तहत अमेरिका में सक्रिय भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए गए हैं।

डीईए के अनुसार, जांच में पाया गया कि इन ऑनलाइन फार्मेसियों के संचालक और उनके सहयोगी बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के अमेरिका भर में ग्राहकों को अवैध रूप से दवाइयां पहुंचा रहे थे। जांच के दौरान डीईए ने हजारों ऐसे ग्राहकों की पहचान की जिन्होंने इन ऑनलाइन फार्मेसियों से दवाएं खरीदी थीं।

## गाजा में इजराइल के हमले में 24 की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजराइली गोलीबारी में 24 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में एक सैनिक के गंभीर घायल होने के बाद उसने जवाबी कार्रवाई की।

इजराइल ने यह भी कहा कि उसकी कार्रवाई में तीन शीर्ष चरमपंथी और कुछ ऐसे लोग मारे गए जो उसकी सेना के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इजराइल ने घातक हमले कर 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया है। फिलिस्तीनियों की बढ़ती मौतों के बीच गाजा के लोगों का कहना है कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है मानो युद्ध थमा ही नहीं है।

# एप्स्टीन प्रकरण पर केअर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

## बाल यौन अपराधी से संबंध रखने वाले मैंडलसन को अमेरिका में राजदूत बनाने पर घिरे

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से कभी नहीं मिले, लेकिन दुनियाभर की नामचीन हस्तियों से एप्स्टीन के संबंध सार्वजनिक होने के बाद स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर और अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन पर पहले ही एप्स्टीन से दोस्ती की गाज गिर चुकी है।

स्टार्मर ने एप्स्टीन से दोस्ती की बात सामने आने के बाद मैंडलसन को पद से हटा दिया था। अब नए खुलासे होने के बाद स्टार्मर की मध्यमार्गी-वामपंथी सरकार पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्टार्मर साल 2024 में एप्स्टीन से संबंध होने के बावजूद लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता मैंडलसन की नियुक्ति के अपने फैसले को लेकर सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के अंदर बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। हाल ही में जारी हुए



दस्तावेजों में दोनों के करीबी संबंध होने की बात सामने आने के बाद ब्रिटेन की राजनीति में तहलका मच गया।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस प्रकरण को लेकर स्टार्मर को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ सकता है। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर रॉब फोर्ड ने कहा, वह फिलहाल मुश्किलों में घिरे हुए हैं। आज नहीं तो कल उनकी सरकार गिर सकती है। उनकी प्रतिष्ठा को तगड़ी ठेस पहुंची है। लेबर पार्टी की सांसद पाउला बार्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा।

### माफी मांगी, एपस्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से कहा- मैंडलसन ने झूठ बोला

**लंदन।** स्टार्मर ने यौन अपराधी एप्स्टीन से संबंध रखने वाले पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत नियुक्त करने के लिए एप्स्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से माफी मांगी है। कहा, मैंडलसन ने झूठ बोला था और एप्स्टीन को ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया, जिसे वह मुश्किल से जानते थे। स्टार्मर ने पीड़ितों से कहा, आपके साथ जो हुआ, मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि ताकतवर लोगों ने आपका उत्पीड़न किया। मैंडलसन के झूठ पर यकीन करने और उन्हें नियुक्त करने के लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि आपको यह सबकुछ फिर से सार्वजनिक होते हुए देखना पड़ रहा है।

## मुझे एपस्टीन के साथ बिताए हर मिनट पर पछतावा: बिल गेट्स

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ बिताए गए समय पर गहरा खेद व्यक्त किया है। बुधवार को एक साक्षात्कार में गेट्स ने कहा कि उन्हें एपस्टीन के साथ बिताए गए हर मिनट पर पछतावा है।

साल 2013 के एक ड्राफ्ट ईमेल में एपस्टीन ने दावा किया था कि उसने गेट्स को ड्रग्स उपलब्ध कराने और उनके विवाहेतर संबंधों को छिपाने में मदद की थी। यह मेल कभी भेजा ही नहीं गया। गेट्स ने इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, स्पष्ट रूप से जेफरी ने खुद को एक ईमेल लिखा था जो कभी भेजा नहीं गया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 7 फरवरी 01.18 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 7 फरवरी 00 .23 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। रुके हुए कार्य शुरू हो जाएंगे। घरेलू कार्यों को लेकर अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। नसों में खिंचाव की समस्या हो सकती हैं।

**वृष** – आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। विद्यार्थियों को योजना बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों के करियर और शिक्षा को लेकर परेशानी दूर होगी।

**मिथुन** – आज बाहरी व्यक्तियों से अधिक बातें शेयर न करें। परिवार और संबंधियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यायाम करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। ऐसा कोई काम न करें, जो दूसरों के लिए असुविधाजनक हो।

**कर्क** – आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों की परीक्षा हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। दिखावे व शौक में धन खर्च हो सकता है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह** – आज नई जॉब मिलने की संभावना बन सकती है। किसी मित्र की सहायता से आपको अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा। अपनी मन :स्थिति को मजबूत बनाए रखें। आपकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज दिन भर काफी भागदौड़ व व्यस्तता रहेगी। संपत्ति खरीदने के लिए दिन बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारी वर्ग के सहयोग से कठिन कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। आपके सपने साकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आज भावुक होने के कारण अच्छी बातें भी आपको बुरी लग सकती हैं। सामाजिक स्तर पर लोगों के बीच पहचान बढ़ेगी। अपने व्यवहार को सहज और धैर्यवान बनाकर रखें। कारोबार में परेशानी होने की आशंका है।

**वृश्चिक** – आज खोया हुआ बहुमूल्य सामान या धन वापस मिल सकता है। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से आप जुड़ सकते हैं। पति-पत्नी को आपस में बात अवश्य करनी चाहिए। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**धनु** – आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। मनोनुकूल कार्यों को आप अत्यधिक समय देंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में टीम बनाकर काम करने से आपको लाभ होगा।

**मकर** – आज अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। जिम्मेदारी वाले कार्यों में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। काफी अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अत्यधिक काम के साथ आपको भरपूर आराम भी करना चाहिए।

**कुंभ** – आज व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बाजार में आपकी छवि अच्छी रहेगी। प्रेमीजन से अपने मन की बात कर सकते हैं, लेकिन वो आपकी बातों को अधिक महत्व नहीं देगा। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

**मीन** – आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक साथ पूर्ण करने में सफल रहेंगे। परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। लोगों के चहेते बने रहेंगे। विरोधी और आलोचक आपके सामने टिक नहीं पाएंगे।

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |



> 12 तारीख को बांग्लादेश में चुनाव हैं। उसके बाद आप यू-टर्न देखेंगे। एक बयान आएगा कि जनता की भावना को देखते हुए क्रिकेट जारी रहना चाहिए। मैं खुद राजनीति में रहा हूं। जब आप क्रिकेटर होते हैं तो आपके खून में क्रिकेट होता है, जब आप राजनेता होते हैं तो राजनीति।
>
> -चेतन शर्मा



## हाईलाइट

### सूर्यकुमार ने बदली टीम की तस्वीर : पंत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी ने टीम इंडिया को बदल डाला है। पंत ने आजतक के कार्यक्रम 'सलाम क्रिकेट' में कहा, ''सूर्या भाई की एनर्जी ड्रेसिंग रूम का माहौल ही बदल देती है। वे सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि ऐसे लीडर हैं जो हर खिलाड़ी को आजादी और भरोसा देते हैं।'' पंत के मुताबिक टीम इंडिया में दिखाई दे रही एग्रेसिव माइंडसेट की जड़ में कप्तान की सोच और फास्ट बॉलर्स की भूमिका है। टी20 वर्ल्ड कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और ऋषभ पंत ने पहले सत्र में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप को इंजॉय करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे रिकवरी फेज में हैं।

### मुंबई-कर्नाटक रणजी क्वार्टर फाइनल आज से

**मुंबई।** टी20 विश्व कप का बुखार भले ही चढ़ रहा हो लेकिन स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई और कर्नाटक के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अगले पांच दिन तक रोमांचक खेल देखने को मिल सकता है। दोनों टीमों का इतिहास शानदार रहा है जिसमें मुंबई के पास 42 रणजी खिताब हैं और कर्नाटक के पास आठ ट्रॉफियां हैं लेकिन ऐसे नॉकआउट मुकाबलों में पिछले रिकॉर्ड का ज्यादा असर नहीं होता। लेकिन फिर भी ऐसे मुकाबलों में मुंबई का दबदबा बरकरार रहा है जो अब नियमित कप्तान शारदुल ठाकुर और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की वापसी से और बढ़ गया है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दिया 204 रनों का लक्ष्य

## महिला प्रीमियर लीग का फाइनल : रॉड्रिग्स, लॉरा और शिनेल ने खेलीं विस्फोटक पारियां

**वडोदरा, एजेंसी**

कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों से 57 रन की पारी खेली जबकि लॉरा वोल्वार्ट (44 रन, 25 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और शिनेल हेनरी (नाबाद 35, 15 गेंद, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 55 रन की तूफानी साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

जेमिमा ने वोल्वार्ट के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। दिल्ली की टीम चार सत्र में चौथी बार फाइनल में खेलते हुए पहली बार खिताब जीतने की कोशिश कर रही है जबकि पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की नजरें दूसरे खिताब पर हैं।

बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद लिजेल ली (37) और शेफाली वर्मा (20) ने दिल्ली कैपिटल्स को सधी हुई शुरुआत दिलाई। शेफाली ने लॉरेन बेल पर पारी का पहला चौका मारा जबकि लिजेल ने सयाली सतघरे पर लगातार दो छक्के जड़े। शेफाली ने अरुंधति रेड्डी पर दो चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। दिल्ली ने पावर प्ले में एक विकेट 53 रन बनाए।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शॉट लगातीं दिल्ली कैपिटल्स की लॉरा वोल्वार्ट। एजेंसी

लॉरा वोल्वार्ट ने आते ही अरुंधति पर चौका जड़ा जबकि लिजेल ने श्रेयंका पाटिल का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। नेदिन डि क्लर्क ने लिजेल को ग्रेस हैरिस के हाथों कैच कराके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। लिजेल ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और वोल्वार्ट ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। जेमिमा ने डि क्लर्क पर दो चौके जड़ने के बाद श्रेयंका पर तीन चौके मारे। दिल्ली के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। जेमिमा ने डि क्लर्क की गेंद पर एक रन के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जिसमें सात चौके शामिल रहे। जेमिमा ने सतघरे पर भी चौका जड़ा लेकिन इसके बाद उनकी फुलटॉस गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर डि क्लर्क के हाथों में खेल गईं। चिनेल हेनरी ने 19वें ओवर में डि क्लर्क पर चार चौकों और एक छक्के से 24 रन बटोरे और फिर सतघरे पर भी छक्का मारे। वोल्वार्ट पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं।

**टी-19 विश्व कप : खिताबी मुकाबला आज**

# भारतीय टीम का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी



- बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म से उम्मीदें बढ़ी
- मुकाबला दोपहर एक बजे से शुरू होगा

**हरारे, एजेंसी**

छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढ़ा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था।

भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिए विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं।

**टीम**

**भारत:** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**इंग्लैंड:** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन।

इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और 10वीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था।



# हम वहां खेलने जा रहे हैं : सूर्यकुमार

**टी-20 विश्व कप**

- बायकॉट पर भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान को धोया

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। भारत को 15 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम को उसकी सरकार ने मैच में हिस्सा नहीं लेने के लिए कहा है क्योंकि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत में खेलने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार ने यहां टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस मीट के दौरान कहा मुझे लगता है कि उनका फैसला मेरे नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता लेकिन यह उनका फैसला है। हम एशिया कप में भी खेले थे और हम उनके साथ तीन बार खेले थे। विश्व कप शनिवार से शुरू हो रहा है और भारत उसी शाम अपने पहले मैच में अमेरिका से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। आईसीसी ने कार्यक्रम तय किया। हमारी फ्लाइट की टिकट बुक हो गई है और हम वहां (कोलंबो) जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं और फिर हम वहां जाएंगे। सूर्यकुमार ने कहा हमने उनके खिलाफ कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है। हमें बताया गया है कि मैच 15 तारीख को है, मैच तटस्थ स्थल पर है और अगर हमें मौका मिलता है तो हम खेलेंगे। यह उनके (पाकिस्तानी खिलाड़ियों) के लिए भी एक मुश्किल फैसला है।

### भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं : पाक कप्तान

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को यहां होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित पुरुषों के टी20 विश्व कप ग्रुप लीग मैच का रविवार को बहिष्कार करने की घोषणा की। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार और पीसीबी का फैसला है। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे। टी20 विश्व कप शनिवार को भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में शुरू होगा। अगर दोनों टीमें नॉकआउट में आमने-सामने होते हैं तो वे फिर सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे।

### बांग्लादेश से एकता दिखाने के लिए किया विरोध : शरीफ

**कराची।** भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिए यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमने सोच समझकर यह रुख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है।

# मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे एसोसिएट देश

**मुंबई, एजेंसी**

भले ही नेपाल, आखिरी समय में शामिल हुए स्कॉटलैंड और पहली बार क्रिकेट विश्व कप खेलने वाले इटली के पास क्रिकेट की कोई बड़ी विरासत नहीं हो लेकिन शनिवार को यहां शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के शानदार मंच पर ये टीम अपनी छाप छोड़ने का सपना सजाए हैं। इन तीनों एसोसिएट देशों का टी20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग अभियान अलग रहा। नेपाल एक उभरती हुई टीम है, बांग्लादेश के भारत में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने के बाद स्कॉटलैंड को शामिल किया गया जबकि विश्व कप में इटली की मौजूदगी यूरोप में खेल के विकास का सबूत है।

संबंधित टीम के कप्तान टूर्नामेंट में खेलने के इस मौके को बखूबी जानते हैं। इटली के कप्तान वेन मैडसेन दक्षिण अफ्रीका के लिए हॉकी खेल चुके हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले सभी टीम के कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा इटली में मुख्य खेल फुटबॉल है, लेकिन टी20 विश्व कप में खेलने का मौका हमारे देश के लिए बहुत अहम है और यह इटली को क्रिकेट के नक्शे पर लाने की बात है। स्कॉटलैंड के लिए यह टूर्नामेंट एक अलग तरह की चुनौती पेश करता है क्योंकि उन्हें पिछले महीने के आखिर तक अपनी भागीदारी का अंदाजा भी नहीं था। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन ने कहा, हमारी तैयारी दूसरी टीमों से अलग रही है, लेकिन हम इस स्तर पर खेलने का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। यह हमारे सामने एक शानदार मौका है।

नेपाल लगातार दूसरा टी20 विश्व कप खेल रहा है और वह प्रभावित करने की कोशिश करेगा।

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बड़े प्रशंसक नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा यह टी20 विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने 10 साल बाद (2024 में) क्वालीफाई किया था। हम अगली पीढ़ी के लिए छाप छोड़ना चाहते हैं। पौडेल मुंबई में रोहित शर्मा के घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा मैं रोहित शर्मा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन उम्मीदों पर खरा उतरना मेरे लिए एक मुश्किल काम होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं प्रशंसकों को खुश कर पाऊंगा। भारत में जन्में अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल के लिए उस देश में खेलने का अनुभव खास और भावनात्मक होगा जिसमें उन्होंने जन्म लिया।

भारत के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच से पहले मोनांक ने कहा भारत में आकर विश्व कप खेलकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत में विश्व कप खेलूंगा और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करूंगा। खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड्स मुकाबला टॉस के बाद रद्द

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच टी-20 विश्वकप से पहले गुरुवार को होने वाला अभ्यास मैच बारिश के कारण टॉस होने के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। आज यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद शुरु हुई बारिश के कारण मैच को रद्द घोषित कर दिया गया।

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

**एशियाई निशानेबाजी**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया।

रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है जबकि उज्बेकिस्तान उससे काफी पीछे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे पायदान पर है। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने जीता जिन्होंने 48 शॉट के फाइनल में सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराया। पिछले साल चार आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के अलावा सत्रांत विश्व कप फाइनल में शीर्ष पर रहीं 19 साल की सुरुचि और सम्राट ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन दौर में 10 टीम के बीच कुल 583 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और उज्बेकिस्तान के अलावा वियतनाम (582 अंक, दूसरा) और चीनी ताइपे (575 अंक, चौथा) की जोड़ियां भी फाइनल में पहुंचीं।



एशियाई निशानेबाजी की मिश्रित विजेता टीम। एजेंसी

# बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने की जीत से शुरुआत

**अलीकांटे (स्पेन)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी। लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं।

**डेविस कप** | नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : नागल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।

नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया।



उन्होंने कहा (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है। नागल ने परिचित माहौल के महत्व पर भी जोर दिया और आयोजन स्थल तय होने के बाद अपना ट्रेनिंग स्थल बेंगलुरु में स्थानांतरित कर लिया था। नागल ने कहा जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो हमने अपना शिविर स्थानांतरित कर लिया।

### युगल दूसरे दर्जे का प्रारूप नहीं: भांबरी

**बेंगलुरु।** एक समय भारत के बेहतरीन एकल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले युकी भांबरी का करियर एक अप्रत्याशित लेकिन सीखने वाला सफर रहा है। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के तुरंत बाद चोटों ने उनके एकल करियर को रोक दिया। प्रायोजन की अनिश्चितता ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया और जो उम्मीदें लोगों ने देखीं थी वे उस प्रारूप में काफी हद तक अधूरी रह गईं। युकी खुद को भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी के तौर पर अपने पेशेवर जीवन के सबसे सफल दौर में पाते हैं। पिछले 18 महीने में उन्होंने चार एटीपी खिताब जीते, एक ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेला और यह इस बात का एक उदाहरण है कि एलीट स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ी के लिए क्या कर सकता है।